| | |
|---|---|
| सूर्योदय 7:13 | सूर्यास्त 5:51 |

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.2 न्यू | 13.8 अधि |
| धर्मशाला | 4.5 न्यू | 18.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75838.36 |
| निफ्टी | 23024.65 |
| सोना 81,270 | चांदी 93,387 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




मंधाना एक स्थान के सुधार के साथ रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंचीं

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 22 जनवरी 2025 | 9 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 25, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### चुनाव में ईवीएम के इस्तेमाल के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू की पीठ ने रमेश चंद्र की अपील को खारिज कर दिया, जिसमें एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी गई थी। पीठ ने कहा कि इसमें कोई दम नहीं है।

### सिख विरोधी दंगे: सज्जन के खिलाफ फैसला टला



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज ऐवन्यू कोर्ट ने पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े हत्या के एक मामले में मंगलवार को 31 जनवरी तक अपना फैसला टाल दिया।

### 31 जनवरी को होगी जेपीसी की दूसरी बैठक

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले दो विधेयकों पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) की दूसरी बैठक आगामी 31 जनवरी को होगी। लोकसभा की वेबसाइट पर जारी किए गए कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई।

### मेघालय और ताइवान में लगे भूकंप के झटके



**नई दिल्ली।** दक्षिणी मेघालय में मंगलवार को मध्यम तीव्रता का भूकंप आया। क्षेत्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 12:30 बजे दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स जिले में 4.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। वहीं, दक्षिणी ताइवान में सोमवार देर रात को 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें 27 लोग मामूली रूप से घायल हो गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचने की सूचना है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सामान ऑर्डर करने पर 6.23 लाख रुपए की ठगी -पेज 3
- गरीबों पर जीएसटी और आयकर की मार : राहुल गांधी -पेज 13
- भारत ने मलेशिया को दस विकेट से हराया -पेज 14


# महाकुंभ में आज लगेगा योगी दरबार, मंत्रियों संग करेंगे संगम स्नान

**प्रयागराज** महाकुंभ में बुधवार को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक होगी। बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। बैठक में सरकार के सभी मंत्रियों के अलावा 130 वीआईपी शामिल होंगे, जिसमें प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, उसके लिए अरेल वीआईपी घाट में बैठक करने का फैसला लिया गया है।

पहले बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया. क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी। बैठक के बाद सभी मंत्री अरेल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे।

यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिए त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे।





पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को पत्नी और मंत्री नंदी के साथ संगम में स्नान किया।

### 9वें दिन 27.41 लाख भक्तों ने लगाई डुबकी

27.41 लाख श्रद्धालुओं ने मंगलवार को संगम में डुबकी लगाई। इस तरह 9 दिन में 9 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। पहली फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, 5 फरवरी को पीएम मोदी और 10 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाकुंभ आएंगी।

## महाकुंभ में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने की श्रद्धालुओं के ठहरने और खाने की व्यवस्था



**आर्ट** ऑफ लिविंग संस्था ने बजरंगदास मार्ग सेक्टर-8 में कैंप लगाया है। महाकुंभ में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के ठहरने और निःशुल्क भोजन की उचित व्यवस्था की है। आर्ट ऑफ लिविंग प्रयागराज के प्रमुख सदस्य विनय गोयल ने बताया कि कैंप में आगंतुकों की सुविधाओं का पूरी तरह ध्यान रखा गया है। श्रद्धालु कैंप से केवल 800 मीटर की दूरी पर गंगा स्नान कर सकेंगे। लोगों के ठहरने के लिए डॉरमेट्री, डीलक्स और सुपर लग्जरी कॉटेज की व्यवस्था की गई है और एक विशाल सत्संग सभागार भी बनाया है, जिसमें श्रद्धालु प्रतिदिन मौन, ध्यान साधना और वैदिक पूजाओं में भाग ले सकते हैं। कैंप में आगामी 22 जनवरी से आर्ट ऑफ लिविंग के स्वामी दिव्यानंद श्रीमद्भागवद महापुराण का प्रवचन भी करेंगे। 1 फरवरी से 5 फरवरी तक श्रीश्री रवि शंकर महाकुंभ में सम्मिलित होंगे। 180 देशों से आर्ट ऑफ लिविंग के हजारों श्रद्धालु तीर्थराज प्रयाग पहुंच रहे हैं। वहीं, कैंप में आयुर्वेदिक चिकित्सक लोगों को नाड़ी परीक्षण की ओर से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दे रहे हैं। 26 फरवरी तक अनुभवी चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह ले सकते हैं।

# 6 हजार जेबीटी-टीजीटी व पीजीटी की भर्ती जल्द : सुक्खू

## सीएम ने मटौर में की जनसभा, बोले- स्टाफ नर्सों के भरे जाएंगे 700 पद

**संजय अग्रवाल, कांगड़ा**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जल्द ही 6 हजार जेबीटी-टीजीटी व पीजीटी की भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही 700 पद स्टाफ नर्सों के भरे जाएंगे।

सीएम ने मंगलवार को कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के मटौर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने 2 साल में 31 हजार नौकरियां निकाली हैं। उन्होंने कहा कि जेबीटी, टीजीटी, पीजीटी और 1200 पुलिस कांस्टेबल की भर्ती की जा रही है। सुक्खू ने कहा कि हर मेडिकल कॉलेज में हेल्थ सिस्टम को मजबूत करने के लिए 700 पद स्टाफ नर्सों के भरे जाएंगे।

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने पांच साल के कार्यकाल में मात्र 30 हजार नौकरियां ही दीं, जिसमें आधे से ज्यादा मामले अदालतों में विचाराधीन हैं, जिससे हजारों बेरोजगार हताश और परेशान हैं। कांग्रेस ने सत्ता में आते ही इन मामलों को सेटल किया और अब युवाओं को चरणबद्ध तरीके से नौकरी दी जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)



### बोले- भाजपा में चल रही आपसी लड़ाई, पांच गुटों में बंटी

**सुक्खू** ने कहा कि भाजपा में आपसी लड़ाई चल रही है और पांच गुटों में बंटी है। दूसरी ओर सरकार को बदनाम करने के लिए तरह-तरह की साजिश भाजपा रचती रही है। जयराम सरकार ने चुनाव से छह महीने पहले सरकारी खजाना लुटाया है। जगह-जगह शिक्षण संस्थान खोले, लेकिन पढ़ाने के लिए शिक्षक तैनात नहीं किए। इससे शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में गिरावट आई है, उसमें कांग्रेस सरकार सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आने वाले समय में कांगड़ा जिले की तस्वीर को बदल देगी तथा आगे भी सरकार जनहित से जुड़े मुद्दों पर फैसले लेगी।

### भाजपा ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तोड़ा कांग्रेस ने फिर से जोड़ा

सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तोड़ा और कांग्रेस सरकार ने उसे फिर जोड़ने का काम किया है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि पूर्व भाजपा सरकार जनता के पैसे को अपने राजनीति लाभ के लिए लुटा देगी। कोई भी सरकार जनता द्वारा चुनकर सत्ता में आती है। जनता को विश्वास होता है कि जिसे हमने चुना है, वह सरकार जनता की समस्याओं का निधान करेगी, लेकिन पूर्व सरकार ने प्रदेश के खजाने को राजनीति लाभ के लिए लुटा दिया। उन्होंने कहा कि इस राजनीति लाभ का फायदा भाजपा को चुनावों में नहीं हुआ और प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पर विश्वास किया। मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद हमारे प्रयासों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था फिर से पटरी पर लौटी है।

# छत्तीसगढ़ में एनकाउंटर, 1 करोड़ के इनामी नक्सली सहित 20 ढेर

## सुरक्षाबलों ने 60 से अधिक नक्सलियों को घेरा, हथियार बरामद



**एजेंसी, गरियाबंद**

**छत्तीसगढ़** के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों ने 20 नक्सलियों का एनकाउंटर कर दिया है। इनमें 16 के शव और हथियार बरामद किए। इनमें एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम चलपति भी मारा गया है।

मुठभेड़ अभी भी जारी है। गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में एक हजार से अधिक जवानों ने 60 से अधिक नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। वहीं, मुठभेड़ में सीआरपीएफ के कोबरा यूनिट का एक जवान भी घायल हुआ है, जिसे एयर लिफ्ट करके रायपुर लाया जा रहा है। गरियाबंद मुठभेड़ में अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। एके 47, एसएलआर, आईएनएसएएस और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किए गए हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है। आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने इसकी जानकारी दी है।

### नक्सलवाद को एक और बड़ा झटका : शाह



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर सीआरपीएफ, विशेष अभियान समूह (एसओजी) ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस के संयुक्त अभियान में 20 नक्सलियों को मार गिराया गया, जो नक्सलवाद पर एक और बड़ा प्रहार है। शाह ने कहा कि 'नक्सल मुक्त भारत' के संकल्प और सुरक्षाबलों के संयुक्त प्रयासों से नक्सलवाद आज अंतिम सांस ले रहा है। शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि नक्सलवाद को एक और करारा झटका। हमारे सुरक्षा बलों ने 'नक्सल मुक्त भारत' के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है।

## मनाली में महानाटी



राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल मनाली के दूसरे दिन मंगलवार को मालरोड में पारंपरिक कुल्लवी नाटी आकर्षण का केंद्र रही। वामतट के 118 महिला मंडलों की 1500 महिलाओं ने महानाटी डाली। एक घंटे तक चली इस नाटी प्रतियोगिता में महिलाओं के कदम मालरोड पर थिरकते रहे। वहीं, सैलानियों ने नाटी को अपने कैमरे में कैद किया।

# 80 पोस्ट कोड के 1423 पदों का 31 तक मांगा ब्यौरा

## आयोग ने सी-डैक एजेंसी को भेजी चिट्ठी, पूछा- एग्जाम का सेटअप कब तक होगा तैयार?

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अनंत ज्ञान खास खबर

**हमीरपुर** स्थित राज्य कर्मचारी चयन आयोग नई भर्तियों के लिए सेटअप तैयार करने में जुट गया है। ऑनलाइन एग्जाम के लिए जिस 'सी-डैक' एजेंसी को जिम्मा सौंपा गया है, उसे आयोग ने पत्र लिखकर एग्जाम का सेटअप कब तक तैयार होगा? कितने दिन लगेंगे, जवाब मांगा है।

आयोग ने पुराने भंग किए गए आयोग के समय के पहले से लिए हुए 80 पोस्ट कोड के 1423 पदों को भरने के लिए जो आवेदन मौजूद हैं, उसकी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने को लेकर भी राज्य के तमाम विभागों को पत्र लिखकर वैकेंसी का ब्यौरा 31 जनवरी तक मांगा है।

**एआई ही सेट करेगा पेपर**

आयोग के सचिव विक्रम महाजन ने 'अनंत ज्ञान' से विशेष बातचीत में बताया कि 'सी-डैक' जिस एजेंसी को जिम्मा सौंपा है, उस पर पूरा दारोमदार रहेगा कि वह एग्जाम से संबंधित सेटअप कितने दिनों में तैयार करेगी। जिन आवेदनों के तहत एग्जाम हो चुके थे, केवल रिजल्ट होल्ड थे, उन सभी को अब घोषित किया जा चुका है। पुराने हिसाब से केवल अब 80 पोस्ट कोड की प्रक्रिया शुरू होनी है, उसे पर संबंधित विभागों से वैकेंसी ब्यौरा मांगा गया है। अब आयोग पेपर सेट करने के मामले में अपने तौर पर काम नहीं करेगा। सारा काम 'एआई' के जरिए ही होगा, जिसे संबंधित सी-डैक एजेंसी ही करेगी। (अनंत ज्ञान)

### सॉफ्टवेयर पोर्टल पर हो रहा काम

**नई** भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगने को लेकर मुकम्मल तौर पर काम जारी है। इसके लिए लिंक से संबंधित सॉफ्टवेयर पोर्टल को तैयार करने की खातिर इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन को काम सौंपा है। कितने दिनों में यह मुकम्मल हो जाएगा, यह उस पर ही निर्भर करेगा, लेकिन ज्यादा दिन नहीं लगेंगे। इस पर एकमुश्त ही काम होगा, ताकि बाद में आवेदन करने वाले परेशान न हों। जब सॉफ्टवेयर पोर्टल तैयार हो जाएगा, फिर नई रिकॉग्निशन के आधार पर विज्ञापन जारी करने का काम भी इसी पोर्टल पर शुरू हो जाएगा।


### एग्जाम के लिए तैयार होगा सालाना कैलेंडर

**भर्ती** प्रक्रिया में अब आयोग सालाना कैलेंडर तैयार करेगा, उसके तहत एग्जाम होंगे। इसमें निश्चित रूप में एग्जाम की तैयारी करने वाले युवाओं को अब ज्यादा दिनों की इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

**अनदेखी** प्रस्तावित रोप-वे की योजना सिरे चढ़े तो पर्यटन को लगेंगे पंख, वाटर स्पोर्ट्स की भी संभावनाएं

# पर्यटन की दृष्टि से विकसित नहीं हो पाया सोलन

**आर मोहन चौहान, सोलन**



अनंत ज्ञान स्पैशल

**पर्यटन** की संभावनाएं होते हुए भी सोलन आज तक पर्यटन मानचित्र पर नहीं उभर पाया। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में पर्यटक यहां का रुख नहीं करते।

सोलन को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने से स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर मिलने के साथ पर्यटकों का आकर्षण भी बढ़ेगा। सोलन समेत साथ लगते क्षेत्रों में धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व है। इसके अलावा, यहां प्राकृतिक सौंदर्य की भरमार के साथ वाटर स्पोर्ट्स की भी संभावनाएं हैं। गर्मियों के मौसम में बाहरी राज्यों से पर्यटक सोलन से होते हुए शिमला, किन्नौर और मनाली के लिए निकलते हैं, लेकिन बेहतर इंतजाम न होने के चलते पर्यटक यहां रुकना पसंद नहीं करते। यदि परवाणू से शिमला प्रस्तावित रोप-वे की योजना सिरे चढ़े तो पर्यटन को पंख लग सकते हैं। शहर के पार्क, मां शूलिनी मंदिर, जटोली शिव मंदिर, माल रोड भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। करोल पर्वत में पांडव गुफा, राधाकृष्ण का प्राचीन मंदिर व घने जंगल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### टूरिस्ट सर्किट को नहीं मिल रहा बढ़ावा

**सोलन** जिले में आने वाले पर्यटकों के आकर्षण के लिए सरकार ने सोलन, कंडाघाट, साधुपुल, चायल, गौड़ा, गिरिपुल से होते हुए धारो की धार तक टूरिस्ट सर्किट बनाने की योजना बनाई है, जो अभी तक सिरे नहीं चढ़ पाई है। टूरिस्ट सर्किट में धार्मिक स्थल जैसे अश्वनी खड्ड स्थित हेरिटेज पार्क, चायल स्थित काली टिब्बा मंदिर पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। चायल के रमणीय वन क्षेत्र व गिरिपुल के गौड़ा समेत अश्वनी खड्ड व साधुपुल में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा दिया जा सकता है। वहीं, ट्रेकिंग के रोमांच लेने पर्यटक नौणी से धारो की धार में बने प्राचीन किले तक पहुंच सकते हैं, जबकि करोल पर्वत की ठंडी वादियां भी पर्यटकों को आकर्षित करती हैं।



सोलन के धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए यहां के धार्मिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने दिशा में काम किया है। जटोली शिव मंदिर व चायल के काला टिब्बा समेत शूलिनी मंदिर में पार्किंग की सुविधा की दिशा में कार्य किया गया है। गौड़ा व साधुपुल में वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

**-कर्नल धनीराम शांडिल, मंत्री एवं सोलन के विधायक।**

## सैफ अली खान को अस्पताल से छुट्टी



**मुंबई।** एक्टर सैफ अली खान को 5 दिन बाद मंगलवार को लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। 15 जनवरी की रात को चाकू से हमला किया गया था। सैफ के गले और रीढ़ में गंभीर चोटें आई थीं। इसके बाद सैफ ऑटो से लीलावती अस्पताल पहुंचे थे, जहां उनकी सर्जरी हुई। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सड़क पर लोगों का हंसकर अभिवादन करते हुए दिखे। जब वे घर पहुंचे तो खुद ही कार से उतरकर बिल्डिंग के अंदर गए। सैफ व्हाइट शर्ट, नीली जींस, काला चश्मा पहने दिखे। घर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है।

# तुर्की के स्की रिजॉर्ट में आग 66 लोगों की मौत, 51 घायल



**एजेंसी, अंकारा**

**उत्तर** पश्चिमी तुर्किये में स्थित एक स्की रिजॉर्ट के होटल में मंगलवार तड़के आग लगने से 66 लोगों की मौत हो गई, जबकि 51 घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गृह मंत्री अली येरलिकाया ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद कहा कि हमें गहरा दुख है। दुर्भाग्य से इस होटल में लगी आग में हमने 66 लोगों की जान गंवा दी। स्वास्थ्य मंत्री कमाल मेमिसोग्लू ने कहा कि घायलों की हालत गंभीर है। गवर्नर अब्दुलअजीज आयदीन ने बताया कि घबराकर कई लोगों ने 11 वीं मंजिल से कूद गए, जिससे कई लोगों की मौत हो गई।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन की फस्टे पंचायत के गांव फस्टे में कांगड़ा कोऑपरेटिव बैंक शाखा बड़ा द्वारा डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर पंचायत के प्रधान तिलक राज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें केसीसी शाखा बड़ा के अधिकारी चंद्रशेखर, रंजीत सिंह, अजय कुमार सुरेश कुमार के अतिरिक्त डॉ. दिनेश भाटिया, अंजलि, रजनी, मीरा देवी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान बैंक के अधिकारियों ने बैंक के माध्यम से लोगों के लिए चलाई गई विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

### हनुमान मंदिर में लोगों ने चखा भंडारे का प्रसाद



**अनंत ज्ञान, बड़ा।** कस्बा बड़ा के भरोड़ में हनुमान मंदिर कमेटी द्वारा हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### विद्यार्थी परिषद अलंकरण समारोह में नवाजे छात्र



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में विद्यार्थी परिषद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय चेयरमैन प्रोफेसर आरसी लखनपाल, चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल व अकादमिक प्राचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य शशि बाला व समन्वयक डॉ. नीता सिंह, रोहित अग्निहोत्री, संजय ठाकुर, विनोद शर्मा, माया शर्मा व पूजा शर्मा ने पुष्प गुच्छ भेंटकर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय छात्र शिरोमणि शौर्य ठाकुर व आस्था सुप्रिया, स्पोर्ट्स कैप्टन सक्षम बिष्ट, हॉस्टल कैप्टन वैदिक, एनएसएस कैप्टन वंश व भावना, एनसीसी कैप्टन देव्यांशी जाट, एएफएस कैप्टन अन्वेशा व अंशिका, एमयूएन कैप्टन आर्यन, भाभा बॉस रमन व आर्यभट्ट सदन के कप्तान तनिष्का, ईवा, करिश्मा व अनमोल को बनाया गया। 2024-25 सत्र में नियुक्त विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने 2025-26 के लिए नवनियुक्त सदस्यों को अपना कार्यभार सौंपा। विद्यालय अकादमिक प्राचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा ने परिषद के सदस्यों को अपने पद की गरिमा बनाए रखने व ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई। विद्यालय प्रधानाचार्य शशि बाला ने नवनियुक्त विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं व कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए इवेंट मैनेजर व समन्वयकों को बधाई दी।

### सुजानपुर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के भव्य कार्यक्रम को शानदार बनाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जहां प्राचीन जयसिंहपुर में स्थापित सीताराम की मंदिर से भगवान राम का मुकुट राज परंपरा के मुताबिक यहां लाया गया। प्राचीन मंदिर से प्रभु राम से छूकर लाए मुकुट को सुजानपुर में सजाया जाएगा।भक्ति गीत, संगीत शानदार झांकियां ,कार्यक्रम के बीच 11000 दीप भी प्रज्वलित किए जाएंगे । ऐतिहासिक चौगान में होने वाले इस समारोह को यादगार बनाने को लेकर शानदार प्रस्तुति की जा रही है। कटोच वंश के राजपुरोहित आशुतोष शर्मा ने बताया कि भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वार्षिक वर्षगांठ पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बढ़-चढ़कर शहर की जनता भाग ले तथा शानदार कार्यक्रम का आनंद उठाकर आस्था भी जताएं।

### 26 को होगा क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत बडैहर में 19वीं मेगा लोकल क्रिकेट प्रतियोगिता 2023-24 पवनु, ऊधो राम, संजीव कुमार व प्रवीण कुमार की यादगार में करवाई जा रही है। इसमें 32 टीमें भाग ले रही हैं। युवक मंडल बडैहर के प्रधान हेम राज शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 5 जनवरी को शुरू हुई थी। यह प्रतियोगिता पवनु, ऊधो राम, संजीव कुमार व प्रवीण कुमार की यादगार में करवाई जा रही है। इस प्रतियोगिता में चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंची हैं जिसमें फागलोट टीम, रांगड़ा इलेवन तरक्वाड़ी टीम, डायमंड इलेवन टिकरी टीम, स्टार इलेवन टीम सेमीफाइनल में पहुंची हैं। पहला सेमीफाइनल 25 जनवरी को फागलोट टीम व डायमंड इलेवन टिकरी के साथ खेला जाएगा व दूसरा सेमीफाइनल रांगड़ा तरक्वाड़ी इलेवन टीम व स्टार इलेवन के बीच खेला जाएगा। फाइनल मैच 26 जनवरी को खेला जाएगा। प्रधान ने बताया कि पंचायत के पूर्व प्रधान बडैहर वतन सिंह डोगरा ने अपनी तरफ से खिलाड़ियों और दर्शकों को भोजन की भी व्यवस्था की है।

### सभा ने पीएचसी भोटा को दीं दवाइयां

**अनंत ज्ञान, भोटा।** धर्मार्थ सर्वहित एवं रोगी सेवा सभा भोटा ने पीएचसी भोटा के लिए अपनी ओर से 30 हजार रुपए की दवाइयां दीं। इनमें टाइफाइड टेस्ट किट, स्क्रब टाइफस किट, डेंगू टेस्ट किट, दर्द निवारक इंजेक्शन व एंटी रैबीज इंजेक्शन शामिल हैं। धर्मार्थ सर्वहित एवं रोगी सेवा सभा भोटा ने ये दवाइयां पीएचसी भोटा के इंचार्ज डॉ. ऋषभ कुमार को सुपुर्द कीं। यह जानकारी सभा के उपप्रधान पंकज गुप्ता ने दी।

### लोगों को ऋण योजनाओं की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की टिक्कर खातरियां शाखा ने मंगलवार को पंचायत टिक्कर बुहला के गांव बजवाल में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। इस शिविर में शाखा के प्रबंधक मोहिंद्र चौहान ने लोगों को डिजिटल बैंकिंग, कैशलेस लेन-देन, राजीव गांधी स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, डॉ. वाईएस परमार शिक्षा ऋण योजना, विश्वकर्मा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम जन सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वरोजगार ऋण योजना, वाहन ऋण, आवास ऋण, फसल बीमा योजना, स्वयं सहायता समूह ऋण योजना और विभिन्न बैंकिंग प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील भी की।

जिले के 188 बच्चों को मिल रहा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना का लाभ

### कार्यवाहक डीसी ने की योजनाओं की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने जिला परिषद के हॉल में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय निगरानी एवं समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि जिला में कुल 1351 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 साल तक के शिशुओं, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को विशेष पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अलावा पोषण अभियान की समीक्षा करते हुए कार्यवाहक उपायुक्त ने कहा कि गंभीर कुपोषण के शिकार जिले के 130 बच्चों पर विशेष रूप से फोकस किया जाना चाहिए। इसके अलावा भी उन्होंने कई योजनाओं की जानकारी दी।

# आयोग निष्पक्षता व पारदर्शिता से कर रहा काम : विक्रम

हमीरपुर स्थित राज्य कर्मचारी चयन आयोग के सचिव **विक्रम महाजन** से 'अनंत ज्ञान' के हमीरपुर जिले के ब्यूरो चीफ **विक्रम ढटवालिया** ने आयोग की गतिविधियों को लेकर लंबी बातचीत की। इस दौरान आयोग की आगामी परीक्षाओं, भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, नई योजनाओं और उम्मीदवारों को होने वाली संभावित सहूलियतों पर उनसे विस्तार से बातचीत हुई। पेश है उनसे हुई विशेष बातचीत के मुख्यांश-



राज्य कर्मचारी चयन आयोग के सचिव से
**विशेष बातचीत**

**सचिव** विक्रम महाजन ने बताया कि आयोग पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहा है। भर्ती परीक्षाओं की समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल प्रक्रियाओं को अपनाया जा रहा है, जिससे देरी की संभावनाएं कम होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि उम्मीदवारों को आवेदन प्रक्रिया से लेकर परिणाम घोषित होने तक किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए आयोग लगातार सुधार कर रहा है।

अनंत ज्ञान ने आयोग की कार्यशैली को लेकर जनता की जिज्ञासाओं और सुझावों को भी साझा किया, जिस पर सचिव ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि आयोग हर पहलू पर गंभीरता से विचार कर रहा है। आयोग की आगामी गतिविधियों और सुधारों को लेकर उम्मीदवारों और जनता के लिए यह चर्चा महत्वपूर्ण रही। इससे न केवल भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, बल्कि योग्य उम्मीदवारों को उचित अवसर भी मिलेगा।

उन्होंने बताया आयोग में करीब साढ़े 17 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। हम नहीं चाहते कि किसी का फॉर्म रिजेक्ट हो। इसके लिए हमने वन टाइम रजिस्ट्रेशन सिस्टम भी शुरू किया है। क्वालीफिकेशन आदि के डॉक्यूमेंट लोड करने पर एक यूनिक कोड जनरेट होगा। मोबाइल और आधार नंबर उसके साथ लिंक होगा। इसके बाद जब भी भर्ती संबंधी कोई विज्ञापन निकलता है तो उसके लिए अभ्यर्थी अप्लाई करता है तो सारा डाटा ऑटोमैटिकली ही लोड हो जाएगा। इस यूनिक कोड का फायदा यह रहेगा कि अगर किसी अभ्यर्थी की हायर एजुकेशन जारी रहती है तो वह उसमें खुद ही अपनी क्वालीफिकेशन एड कर सकेगा। यूनिक आईडी का काम तकनीकी विभाग देख रहा है और इलेक्ट्रॉनिक कारपोरेशन के साथ पूरा समन्वय बनाया हुआ है। उनका सहयोग लेने के लिए भी बातचीत चली हुई है।

इसमें यही व्यवस्था बनाई जाएगी कि जब भी कोई रजिस्ट्रेशन करता है तो उसमें आधार और मोबाइल नंबर भी जरूरी होना चाहिए। इसका फायदा यह रहेगा कि अभ्यर्थी चाले आईडी प्रूफ, आधार या मोबाइन नंबर से भी अपना फॉर्म खोलकर चेक सकेगा। ओटीपी आने तथा भरने के बाद उसे डाटा कनेक्ट किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि महिला अभ्यर्थियों की फीस माफ करने का फैसला आयोग को लेना है। निकट भविष्य में ऐसी कोई संभावना बनती है तो उसके बारे में सरकार को अवश्य अवगत करवाया जाएगा।

आयोग ने ऑनलाइन एग्जाम के लिए सेंटर की एक नामी एजेंसी हायर की है, जिसने देशभर में कई परीक्षाएं आयोजित की हैं। इस एजेंसी की विश्वसनीयता बहुत ज्यादा है। आयोग चाहता है कि इस एजेंसी के जरिए परीक्षाओं में किसी भी तरह की कोई अनियमितता न रहे। जल्द ही हमारी एजेंसी के साथ एक बैठक होगी। हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह काम जल्द ही सिरे चढ़ जाएगा।

# एनएच निर्माण कंपनी ने बिना किसी की परमिशन के तोड़ा उहल-जंगलबेरी रोड

## पीडब्ल्यूडी टौणी देवी ने रुकवाया काम, अब नियमों के तहत की जाएगी कार्रवाई

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

एनएच निर्माण कंपनी का एक बड़ा कारनामा फिर सामने आया है। टौणी देवी के उहल चौक पर लोआखर कक्कड़, जंगलबेरी रोड का एक हिस्सा बिना किसी परमिशन के तोड़ डाला। मौके पर लोक निर्माण विभाग टौणी देवी मंडल के अधिकारियों ने पहुंच निर्माण कंपनी को कटान करने से रोका है।



बिना परमिशन तोड़ा गया उहल रोड।

पीडब्ल्यूडी डिवीजन टौणी देवी एक्सियन देवराज भाटिया ने बताया कि एसडीओ नीतीश भारद्वाज ने उहल रोड को क्षतिग्रस्त करने पर निर्माण कंपनी को रोका है। बिना परमिशन लोक निर्माण विभाग के रोड को नुकसान पहुंचाने पर निर्माण कंपनी के खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई भी होगी। उधर, पहले से ही विवादों में चली हुई सूर्य कंस्ट्रक्शन कंपनी की इस मनमर्जी से पंचायत टपरे, गुवारडु, उहल, भटेड, पौहज, बजरोल, कक्कड़, उटपुर के प्रधानों और उपप्रधानों ने कड़ा विरोध जताया है और निर्माण कंपनी को नियमों में रहकर काम करने की हिदायत दी है।

पंचायत गुवारडु की पंचायत प्रधान सरोज कुमारी वार्ड पंच अनीता, कांता, सुनीता, मनोज, करमचंद, अंजू ने निर्माण कंपनी की मनमर्जी का कड़ा विरोध जताया। पौहज पंचायत प्रधान रीना देवी, भटेड़ पंचायत के प्रधान प्रकाश चंद, उपप्रधान अनिल कुमार इत्यादि ने बताया कि करीब 26 पंचायतों को जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण सड़क को बंद करने से हजारों लोगों को दिक्कत होगी। प्रशासन इस पर कड़ा एक्शन ले। वहीं, निर्माण कंपनी के किसी अधिकारी ने फोन नहीं उठाया। पीडब्ल्यूडी डिवीजन टौणी देवी के एक्सियन देवराज भाटिया ने कहा है कि उहल रोड का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। एन एच निर्माण कंपनी को काम करने से रोक दिया गया है, अब नियमों के तहत कार्रवाई भी होगी। (अनंत ज्ञान)

# पीएचसी भोटा में अब लोगों को नहीं मिलेंगी 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं

**संजीव, भोटा**

- सुबह 9.30 से 4.30 बजे तक ही करवा पाएंगे इलाज

भोटा पीएचसी में पिछले 40 वर्षों से क्षेत्र के लोगों को आपातकालीन सेवाओं के साथ अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी दी रही थीं। इन सेवाओं को मंगलवार से बंद किया जा रहा है, अब मरीज अपना इलाज सुबह 9.30 से 4.30 के बीच ही करवा सकेंगे। इसका मुख्य कारण है कि यहां पर तैनात स्टाफ नर्स का तबादला दूसरी जगह कर दिया गया है। अब पीएचसी में कोई भी नर्स नहीं है।

पीएचसी में एक डॉक्टर, फार्मासिस्ट और क्लास फोर ही रह गया है। पीएचसी में बिना डॉक्टर और स्टाफ के 24 घंटे सेवाएं देना संभव नहीं है। पीएचसी भोटा के प्रभारी डॉ. ऋषभ कुमार का कहना है कि नर्सों की कमी के कारण यहां पर 24 घंटे सेवाएं बंद कर दी गई हैं। इस बारे में बीएमओ डॉ. बिक्रम कटोच ने बताया कि अब पीएससी में मरीजों की जांच का समय 9.30 से 4.30 बजे तक कर दिया गया है। बड़सर क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने बताया कि मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि इस बारे में मुख्यमंत्री से बात करेंगे और यहां पर मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को बहाल करने का आग्रह किया जाएगा।

इस बारे में सीएमओ प्रवीण चौधरी ने बताया कि पीएचसी में एक ही डॉक्टर रह गया है और स्टाफ कम होने से 24 घंटे सेवाएं देना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि स्टाफ नर्स का तबादला हो गया है अब यहां पर कोई भी नर्स नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बारे में सरकार को लिखा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय संविधान लोकतंत्र की मजबूत बुनियाद : विधायक लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

बड़सर विधानसभा क्षेत्र में संविधान गौरव अभियान के तहत विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला बड़सर मंडल की कड़साई पंचायत और डटवाल मंडल की कुल्हेड़ा पंचायत के दुगाड़ गांव में आयोजित की गई। इस अवसर पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के अतुलनीय योगदान और भारतीय संविधान की शक्ति पर चर्चा की गई। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि भारतीय संविधान लोकतंत्र की मजबूत बुनियाद है, लेकिन कांग्रेस ने अपने शासनकाल में बार-बार लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने का प्रयास किया। भाजपा ने संविधान के महत्व को समझते हुए इसे सशक्त बनाने का कार्य किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि संविधान गौरव अभियान का उद्देश्य भारतीय संविधान की गरिमा को बनाए रखना और कांग्रेस द्वारा फैलाए गए भ्रम और झूठ को जनता के सामने लाना है। इस मौके पर कई गणमान्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में बोलते विधायक इंद्रदत्त लखनपाल।

# ब्यास नदी पर बनेगा एक किलोमीटर लंबा पुल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर में 119 करोड़ रुपए की लागत से एक नया पुल बनने जा रहा है, जिसकी डीपीआर भी बन गई है। सीआरएफ के सेतु बंधन योजना के तहत बनने वाले इस पुल की लंबाई एक किलोमीटर होगी।

ब्यास नदी पर बनने वाले स्कूल के निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी ने डीपीआर बनाकर अपने उच्च अधिकारियों को भेज दी है। जिसकी अप्रूवल आने के बाद पुल का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। सेतु बंधन योजना के तहत प्रस्तावित स्कूल पर 119 करोड़ धन राशि खर्च होने का अनुमान है।

**नई तकनीक से बनेगा यह पुल :** सुजानपुर के बेरी क्षेत्र से जिला कांगड़ा के लंबागांव तक बनने वाले इस पुल के निर्माण से क्षेत्र के हजारों की जनसंख्या को लाभ होगा। पुल बनने से जहां 25 किलोमीटर तक का सफर कम होगा, वहीं पुल का नजारा देखते बनेगा। इस पुल का निर्माण सुजानपुर की गांव बेरी तथा जयसिंहपुर के गांव लंबागांव के बीच बहती ब्यास नदी पर होगा।

### 119 करोड़ रुपए आएगी लागत

यह पुल ब्यास नदी के दोनों क्षेत्र को जोड़ेगा, जिसकी लंबाई 1000 मीटर होगी, जिस पर 119 करोड़ रुपए की लागत आएगी। डबल लाइन बनाए जाने वाले स्कूल के दोनों तरफ फुटपाथ बनाए जाने की भी योजना है। पुल बनने से संधोल, जंगलबेरी, कक्कड़ बजरोल आदि क्षेत्रों की हजारों लोग कम समय में अपने गंतव्य पहुंच सकेंगे, जिससे उनका समय भी बचेगा और पैसे भी।

### अप्रूवल आते ही शुरू होगा काम : एक्स-ई-एन

इस बारे में पीडब्लयूडी एक्स-ई-एन जयसिंहपुर विजय वर्मा ने बताया कि 119 करोड़ रुपए की लागत से यह पुल बनाए जाने की योजना है। इसकी डीपीआर बना दी गई है। उन्होंने बताया कि जैसे ही अप्रूवल आ जाएगी कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# बड़सर में खुलेगा कामगार कल्याण बोर्ड का उपकार्यालय : कंवर

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने कहा है कि मुख्यमंत्री से दिशा-निर्देश प्राप्त करने के बाद बड़सर विधानसभा क्षेत्र में बोर्ड का उपकार्यालय खोला जाएगा, जिससे क्षेत्र के कामगारों को बहुत सुविधा होगी।

बिझड़ी के ताल स्टेडियम में बोर्ड के जागरूकता शिविर एवं आवश्यक सामग्री वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नरदेव कंवर ने कहा कि विभिन्न निर्माण कार्यों से अपनी रोजी-रोटी कमाने वाले कामगारों के कल्याण के लिए बोर्ड के माध्यम से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ गरीब, जरूरतमंद और पात्र कामगारों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। इसके लिए बोर्ड कामगारों की ई-केवाईसी भी करवाएगा, ताकि जरूरतमंद कामगारों की भरपूर मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा मानवीय सोच और गरीब की मदद के जज्बे के साथ कार्य करते हैं।



ताल स्टेडियम में आवश्यक सामग्री वितरित करते नरदेव कंवर।

नरदेव कंवर ने कहा कि गाय और भैंस के दूध तथा प्राकृतिक खेती से तैयार गेहूं और मक्की की फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करके मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की आर्थिकी मजबूत करने की दिशा में सराहनीय पहल की है। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के कामगारों को बोर्ड की ओर से आवश्यक सामान भी वितरित किया। इससे पहले, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष ढटवालिया ने भी कामगारों को संबोधित किया तथा कार्यक्रम के आयोजन के लिए नरदेव कंवर का धन्यवाद किया। श्रम कल्याण अधिकारी रश्मि ठाकुर ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों और सभी कामगारों का स्वागत किया तथा बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा और कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# अणू में दो जुड़वां और दो अन्य सगे भाइयों ने पास किया ग्राउंड टेस्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अणू के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में जारी थल सेना की अग्निवीर भर्ती के फिजिकल टेस्ट के पांचवें दिन मंगलवार सुबह सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) मदनशील शर्मा ने 1600 मीटर दौड़ का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी और अन्य सैन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस भर्ती रैली में पहली बार जुड़वे भाइयों और सगे भाइयों ने ग्राउंड टेस्ट पास किया है। भर्ती रैली के पांचवें दिन जिला ऊना की तहसील हरोली के गांव बसाली के दो जुड़वा भाइयों कर्णवीर सिंह और तरणवीर सिंह ने 1600 मीटर की दौड़ और अन्य ग्राउंड टेस्ट पास किए।

जिला ऊना की तहसील बंगाणा के गांव टांडा झिकला के दो सगे भाइयों संदीप कुमार और विपन कुमार ने भी सभी ग्राउंड टेस्ट क्लीयर करते हुए मेडिकल परीक्षण के लिए क्वालीफाई कर लिया।

**उपलब्धि** वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ब्रांड एंबेसडर के अलावा निधि डोगरा के नाम हैं 6 विश्व कीर्तिमान

# राष्ट्रीय स्तर पर योगासन प्रतियोगिता में निधि डोगरा ने जीता कांस्य

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

निधि डोगरा ने लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर योगासन खेल पदक तालिका में हिमाचल का नाम शीर्ष पर कायम रखा है। निधि डोगरा ने राष्ट्रीय योगासन स्कूली खेल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर आर्टिस्टिक (कलात्मक) योगासन प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन एबीपी शिक्षण संस्थान कोल्हापुर, महाराष्ट्र में 15 से 18 जनवरी तक हुआ, जिसमें भारत के राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की टीमों ने भाग लिया।

वर्ष 2023 -24 में निधि डोगरा ने हिमाचल प्रदेश को अंडर-19 योगासन खेल में पहला पदक दिलाया था। इस अंडर -19 लड़के और लड़कियों की योगासन खेल प्रतियोगिता में समूह प्रतियोगिता, कलात्मक और लयबद्ध योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आर्टिस्टिक (कलात्मक) प्रतियोगिता में निधि डोगरा ने हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए हिमाचल प्रदेश के लिए लगातार दूसरी बार स्कूली योगासन प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परवाणू में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।



अपने पदक के साथ निधि डोगरा।

प्रशिक्षण शिविर के चीफ द मिशन डॉ. प्रेम शर्मा व अंडर-19 लड़कियों की टीम की प्रशिक्षक कुमारी मनीषा कटोच और मैनेजर डीपीई शशि कुमार थे। बता दें निधि डोगरा जिला हमीरपुर, तहसील सुजानपुर, डाकघर चैरी, गांव खियूंद की रहने वाली है। निधि डोगरा 11वीं कक्षा की छात्रा है जो अपनी पढ़ाई सुपर मैग्नेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्रताप नगर, हमीरपुर से कर रही है। इससे पहले भी निधि डोगरा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर चुकी है व 6 विश्व कीर्तिमान निधि डोगरा के नाम है। इसके अलावा विभिन्न मल्टी रियलिटी शो की विजेता भी रह चुकी है। निधि डोगरा करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर की योग विभाग की ब्रांड एंबेसडर, देवभूमि हिम कला मंच शिमला की ब्रांड एंबेसडर और योग वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ब्रांड एंबेसडर भी है। निधि डोगरा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने की खबर से क्षेत्र और प्रदेश में खुशी का माहौल है।

इस उपलब्धि को लेकर पर निधि डोगरा व निजी प्रशिक्षक पिता शशि कुमार डीपीई ने दादा ड्राइंग अध्यापक कर्म चंद व परिवार की तरफ से सभी प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षकों, अधिकारियों व सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया है। उन्होंने बेटी निधि डोगरा को और अधिक मेहनत करके और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और अपनी तरफ से निधि डोगरा को व समस्त हिमाचल प्रदेश के लोगों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# सीपीयू में नौकरी पाने का सुनहरा अवसर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विवि में बारबेक्यू नेशन विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए आ रही है। विवि के कुलसचिव गुलशन संधू ने बताया कि बारबेक्यू नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड कंपनी में छात्रों को नौकरी करने का मौका मिलेगा। कंपनी द्वारा एक हजार युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा। इस प्लेसमेंट में जिन छात्रों ने बीए, बी.कॉम, बीसीए, बीबीए, बी.एससी या डिप्लोमा होटल मैनेजमेंट किया हो, इस प्लेसमेंट में भाग ले सकता है। उन्होंने बताया कि जो पासआउट छात्र कहीं जॉब नहीं कर रहे हैं, उन्हें नौकरी पाने का सुनहरा मौका है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी आदि जिलों के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इस प्लेसमेंट में जो छात्र भाग लेना चाहते हैं, वे उन्हें 24 जनवरी तक अपना बायोडाटा भेज सकता है।

# गैर-कानूनी तरीके से नौकरी से निकालने पर सीटू का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय घन्डल शिमला से 43 दैनिक भोगी कर्मचारियों को गैर-कानूनी तरीके से नौकरी से निकालने के खिलाफ सीटू के बैनर तले कर्मचारियों ने उपायुक्त कार्यालय शिमला के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, विवेक कश्यप, विक्रम सिंह, पूर्ण चंद, नोख राम, निशा, रामप्रकाश, संदीप, अनिल, आशा, पंकज, हेमराज, चंद्रमोहन, हेमंत, धर्मेंद्र, रणधीर, मीरा, राजेश, दुर्गादत्त, पुष्पेंद्र, ज्योति, रामप्यारी, रचना, चंदन, हेमा, दीपशिखा, अनीता, निर्मला, जीत, सोहन लाल, हनींद्र, अनूप आदि शामिल रहे। सीटू ने चेताया है कि अगर मजदूरों की बहाली तुरंत न हुई तो 27 जनवरी से आंदोलन तेज होगा।




प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विजेंद्र मेहरा, बालक राम, आशा, पंकज व हेमराज ने कहा कि छात्रों को कानून की पढ़ाई करवाने वाले विधि विश्वविद्यालय में सरेआम कानून का गला घोंटा जा रहा है।

मजदूरों को हायर एंड फायर नीति के तहत गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकालना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ये कर्मचारी पिछले कई वर्षों से सफाई, सुरक्षा, हॉस्टल अटेंडेंट, ड्राइवर, कारपेंटर, इलेक्ट्रीशियन, पलंबर सहित तकनीकी कर्मी के रूप में विश्वविद्यालय में कार्यरत थे। इन मजदूरों को केंद्र सरकार का न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जा रहा था। इनसे बारह घंटे तक कार्य करवाया जाता था व इन्हें इसके बदले कभी भी डबल ओवरटाइम वेतन का भुगतान नहीं किया गया। इनसे अपनी श्रेणी के अलावा बिना वेतन के कई तरह के अतिरिक्त कार्य करवाए जाते थे। इन्हें ईपीएफ, ईएसआई, मेडिकल सुविधा, छुट्टियों की कोई भी सुविधा नहीं दी जाती थी। कर्मचारियों की कम संख्या के कारण इनसे ज्यादा कार्य करवाया जाता था। इन कर्मचारियों का भारी शोषण हो रहा था। इन कर्मचारियों की नियुक्ति पूर्ण प्रक्रिया को अपनाते हुए साक्षात्कार के जरिए की गई थी। अब इन्हें बिना कारण बिना नोटिस के नौकरी से निकालना देश के कानून के विरुद्ध है। यह हायर एंड फायर है जिसकी इजाजत देश का कानून नहीं देता है।

उन्होंने मांग की है कि राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से नौकरी से निकाले गए 43 कर्मचारियों को तुरंत बहाल किया जाए। कर्मचारियों को 90 दिन बाद ब्रेक देना बंद किया जाए। दैनिक भोगी कर्मचारियों को तुरंत रेगुलर किया जाए। कर्मचारियों की गैर कानूनी छंटनी बंद की जाए। कर्मचारियों को गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकालना बंद किया जाए। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में हायर एंड फायर की नीति बंद की जाए। विधि विश्वविद्यालय में श्रम कानून लागू किए जाएं।

# विकट परिस्थितियों के बावजूद सरकार कर रही बेहतरीन कार्य : नरेश चौहान

## कहा-विपक्ष निभा रहा नकारात्मक भूमिका, सरकार को गिराने के हो रहे प्रयास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल की कांग्रेस सरकार को विपक्ष गिराने के लिए बीते दो साल से काम कर रही है, जबकि एक भी सकारात्मक सुझाव विपक्ष ने सरकार को नहीं दिया है। विपक्ष की भूमिका नकारात्मक रही है।

प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाने का दायित्व विपक्ष भी उतना ही है जितना सरकार का है। यह बात मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने शिमला सचिवालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कही।



नरेश चौहान ने कहा कि विपक्ष अपने पांच साल के कार्यों का आंकलन करके सरकार पर टिप्पणी करें। भाजपा सरकार ने हिमाचल प्रदेश के विकास के पांच साल बर्बाद किए हैं। भाजपा सरकार में नशा गांव-गांव पहुंचा, जिसे रोकने के लिए कोई प्रयास तत्कालीन सरकार ने नहीं किए। वर्तमान सरकार नशे के खात्मे के लिए तेजी से काम रही है और नशे के तस्कर पकड़े जा रहे हैं।

भाजपा सरकार में शराब माफिया काम कर रहा था, इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। वर्तमान सरकार न किसी को खाने देगी न प्रदेश को लूटने देगी। पूर्व में हिमाचल की संपदा लूटी गई है। पेपर लीक माफिया ने बेरोजगारों के हक छीने जिस पर कांग्रेस सरकार ने आते ही रोक लगाई। विपक्ष बताए दो साल में प्रदेश के लिए भारत सरकार से किन-किन परियोजनाओं को लेकर उन्होंने अपनी बात रखी। भाजपा के समय अर्थव्यवस्था का बेड़ा गर्क कर दिया और संसाधन जुटाने के लिए काम नहीं किया। आज प्रदेश के विकास के लिए सभी को मिलजुल कर काम करने की जरूरत है। नरेश चौहान ने कहा कि तीसरे बजट में बड़े बदलाव होंगे। मुख्यमंत्री सुक्खू विपक्ष के हथकंडों से डरने वाले नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### जनवरी माह में सामान्य से 70 फीसदी कम हुई बारिश-बर्फबारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मौसम वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि जनवरी माह में सामान्य से 70 फीसदी बारिश और बर्फबारी कम हुई है। हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आज लाहौल-स्पीति और किन्नौर जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। 22 जनवरी को प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश बर्फबारी का पूर्वानुमान है। 23 जनवरी को प्रदेश के लाहौल-स्पीति, किन्नौर जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होगी। 24 जनवरी के बाद मौसम साफ बना रहेगा।

### लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह आज थाची के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 22 जनवरी को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण मंत्री 22 जनवरी को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत थाची में विभिन्न विकास कार्यो जिसमें थाची-रेहाना संपर्क मार्ग पर सैंज खड्ड पर पुल, पंचायत सामुदायिक केंद्र थाची, ग्राम पंचायत थाची के शालीघाट में सामुदायिक केंद्र तथा शाली से नलावन एम्बुलेंस सड़क का उद्घाटन करेंगे।

### गृह क्षेत्र में बेघर हो रहे लोग, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर मौन : चेतन बरागटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुब्बल।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के गृह क्षेत्र में लोग अपने ही घरों से बेघर किए जा रहे हैं, लेकिन शिक्षा मंत्री इस संवेदनशील मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। सर्दियों के कठिन मौसम में परिवार सड़कों पर आ गए हैं, लेकिन शिक्षा मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र से नदारद है। यह न केवल एक जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी से पलायन है, बल्कि जनता के साथ धोखा भी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि जुब्बल के बटाडगलू में गोपाल जेहटा और उनके परिवार को जबरन बेघर करना अत्यंत शर्मनाक है। जुब्बल क्षेत्र में अन्य परिवारों के घरों को भी सील कर ताले लगाए गए हैं। जो संविधान द्वारा प्रदत्त रोटी, कपड़ा और मकान जैसे मौलिक अधिकारों का हनन व उल्लंघन है। शिक्षा मंत्री को इस गंभीर समस्या पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए था, लेकिन जनता के दुःख-दर्द को समझने के बजाय, वह विधानसभा क्षेत्र से नदारद हैं।

### कांग्रेसी नेता खजाना खाली होने का कर रहे नाटक : सुखराम चौधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के पूर्व मंत्री एवं विधायक सुखराम



चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के मीडिया सलाहकार अपनी फ्लॉप सरकार को बचाने का असफल प्रयास कर रहे है। कांग्रेस पार्टी के नेता खजाना खाली होने का नाटक कर रहे है जहां की केंद्र सरकार से प्रदेश को बड़ी मात्रा में पैसा लगातार आ रहा है, पर आर्थिक कुप्रबंधन के कारण हिमाचल सरकार अपनी आमदनी को बचा नहीं पा रही है। उन्होंने कहा की कैंपा फंड के अंतर्गत हिमाचल को इस वर्ष दो किश्तों में 746.84 करोड़ रुपए केंद्र सरकार से प्राप्त हुए है। राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के तहत 90 करोड़, एनडीआरएफ में 85.17 करोड़, एसडीआरएफ में 378.40 करोड़ रुपए प्राप्त हुए है।

### चौपाल विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य पड़े ठप : सुभाष मंगलेट

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** मुख्यमंत्री का नेरवा और कुपवी दौरा पूरी तरह निराशाजनक रहा है और पूरे चौपाल विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य ठप पड़े हुए है। अधिकारी मनमर्जी कर रहे है और चौपाल की सुध लेनेवाला कोई नहीं है यह बात चौपाल के पूर्व विधायक डॉ. सुभाष चंद मंगलेट ने कही। उन्होंने कहा कि चौपाल विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा व परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं की दयनीय हो चुकी है। चुनावों के दौरान किए गए वादों को पूरा करने में कांग्रेस सरकार नाकाम रही है। स्कूलों में अध्यापकों के पद रिक्त पड़े हैं।

# जयपुर में आयोजित कार्यशाला में मंत्री राजेश धर्माणी ने रखा हिमाचल का पक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश सरकार के नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने मंगलवार को जयपुर, राजस्थान में आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला ऑन रिन्यूएबल एनर्जी में भाग लिया।

इस कार्यशाला का आयोजन भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा किया गया। मंत्री धर्माणी ने अपने संबोधन में कहा कि हरित ऊर्जा संक्रमण समय की मांग है और इसे साकार करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सामंजस्यपूर्ण प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री कुसुम योजना, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, और पुराने विंड पार्कों के पुनः उर्जा उत्पादन जैसी पहलों पर



चर्चा करते हुए कहा कि ये योजनाएं ऊर्जा क्षेत्र में क्रांति ला सकती हैं।

उन्होंने हिमाचल प्रदेश की उपलब्धियां साझा करते हुए कहा कि राज्य मार्च 2026 तक 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' बनने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहा है। वर्तमान में राज्य की 93 प्रतिशत ऊर्जा उत्पादन क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा 550 मेगावाट सौर ऊर्जा और 900 मेगावाट हाइब्रिड ऊर्जा के लिए सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा खरीद समझौतों का उल्लेख किया।

उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में उच्च लागत, जलवायु प्रभावों और ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी जैसी चुनौतियों पर चर्चा की। मंत्री ने कहा कि ऊर्जा भंडारण, आधुनिक ग्रिड तकनीक, और केंद्र-राज्य समन्वय से इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। मंत्री धर्माणी ने सुझाव दिया कि अपशिष्ट भूमि और छतों पर सौर परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। साथ ही, जैव विविधता से भरपूर क्षेत्रों को संरक्षित करते हुए ऊर्जा उत्पादन में संतुलन बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए हरित बांड और वित्तीय नवाचारों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

## देवराज के परिवार की मदद करे सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इंजेक्शन न मिलने से अपनी जान गवाने वाले स्व. देवराज के परिजनों की आर्थिक मदद करें। उन्होंने कहा कि परिवार में



मृतक देवराज शर्मा ही इकलौते कमाने वाले थे। पूरा परिवार उन्ही पर आश्रित था, वह भी लंबे समय से बीमार थे, ऐसे में उनके परिवार की स्थिति समझी जा सकती है।

उनके दोनों बच्चे अभी पढ़ाई कर रहे हैं और पत्नी का स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता है। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। वहीं जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली स्थिति प्रधानमंत्री कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की।

# सामान ऑर्डर करने पर 6 .23 लाख रुपए की ठगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे है। बीते चार दिनों में ठगी के दो बड़े मामले सामने आए हैं, जिनमें पीड़ितों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

ताजा मामला शोघी निवासी प्यार सिंह से जुड़ा है, जिन्होंने बालूगंज पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई है। प्यार सिंह ने बताया कि उन्होंने भवन निर्माण सामग्री ऑनलाइन ऑर्डर की थी। वेबसाइट पर सामग्री सस्ती दिखने के कारण उन्होंने 6.23 लाख रुपए का भुगतान एडवांस में कर दिया, लेकिन जब सामग्री तय समय पर नहीं पहुंची, तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ। जांच में सामने आया कि ठगों ने




फर्जी वेबसाइट बनाकर प्यार सिंह को निशाना बनाया था। बालूगंज पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक प्यार सिंह को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर आकर्षक ऑफर दिया था। ठगों ने भरोसा दिलाने के लिए एक पेशेवर दिखने वाली वेबसाइट बनाई थी। वेबसाइट पर सभी जानकारी वास्तविक लग रही थी, जिससे प्यार सिंह को धोखाधड़ी का अंदेशा नहीं हुआ। बालूगंज पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# भाजपा मंडल छौहारा ने किया संविधान गौरव अभियान संगोष्ठी का आयोजन

**दशमी रावत, रोहड़ू**

भारतीय जनता पार्टी छौहारा (चिड़गांव) मंडल ने विश्राम गृह संदासू में संविधान गौरव अभियान संगोष्ठी कार्यक्रम नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष आशा रिठवाण की अध्यक्षता में आयोजित किया।



जिला महासू अध्यक्ष अरुण फाल्टा छौहारा मंडल में बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए संविधान के मूल्यों में निहित समानता, स्वतंत्रता और न्याय के मूल्यों को एक बार पुनः रेखांकित किया। फाल्टा ने बताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संविधान के मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है। (अनंत ज्ञान)

# सुन्नी पंचायत का हुआ 30 करोड़ से विकास

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

शिमला ग्रामीण की नगर पंचायत सुन्नी में चार वर्ष के कार्यकाल में लगभग 30 करोड़ के विकास कार्य को अंजाम दिया गया है। इनमें रास्ता निर्माण, टाइलें, स्ट्रीट लाइटों,पार्क निर्माण कार्य शामिल है। यह बात अध्यक्ष नगर पंचायत सुन्नी प्रदीप शर्मा ने नगर पंचायत सुन्नी की चार वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजित बैठक में कही।



उन्होंने कहा कि लगभग नगर में 90 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। शेष दस फीसदी कार्य इस वर्ष तक पूरा किया जाएगा। नगर पंचायत के सभी वार्डों में टाइलें लगाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। निन्नगन गांव के साथ एक दो रास्तों में टाइल कार्य मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। वर्ष 21- 22 में नगर पंचायत सुन्नी को विकास कार्यों के लिए प्रदेश भर में द्वितीय ईनाम से नवाजा गया और नगर पंचायत के विकास कार्यों की लिए 50 लाख की राशि इनाम स्वरूप दी गई। उन्होंने कहा कि अभी तक सुन्नी 30 करोड़ की राशि से विकास कार्य किए गए है जिसमें 25 करोड़ अमृत परियोजना के तहत खर्च किए गए। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत सुन्नी को स्वच्छ रखने के लिए प्रत्येक दिन सुन्नी के लगभग 1500 घरों से कूड़ा एकत्रित किया जाता है।

# सुन्नी में भाजपा ने मनाया 'संविधान गौरव' दिवस

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

भारतीय जनता पार्टी सुन्नी मंडल की ओर से आयोजित संविधान गौरव अभियान के बसंतपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुनी मंडल के समस्त बूथों से सैकड़ों कार्यकर्ताओ को संविधान के बारे में संक्षेप जानकारी प्रदान की गई।

मंडल स्तरीय इस कार्यक्रम में भाजपा संगठनात्मक जिलाध्यक्ष शिमला केशव चौहान ने मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर सुन्नी ब्लॉक अध्यक्ष शिवानी ठाकुर, संविधान गौरव अभियान संयोजक भूप राम, शिमला मंडल से



तरुण राणा, शिमला ससंदीय संगठन मंत्री अक्षय भरमौरी, प्रधान बसंतपुर मीना वर्मा, महामंत्री सुन्नी मंडल रोशन लाल, उपाध्यक्ष, नारायण सिंह, एनएस वर्मा, परसराम, छविंद्र पाल, बीडीसी सुनीता, मुगल सिंह, खेमराज वर्मा, चंपा ठाकुर, राकेश, अविनाश वर्मा, सुनीता वर्मा, रामप्यारी, जगदीश शर्मा, संजू शर्मा, संजय भारद्वाज, धनवंत सिंह, बालक राम दोगरु कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गीता निकेतन विद्यालय सुन्नी की छात्रा मन्नत ने कार्यक्रम की शुरुआत में बाबा साहेब डॉ. बीआर अंबेडकर का संक्षिप्त जीवन परिचय एवं संविधान की जानकारी प्रदान की। केशव चौहान ने कहा कि इसी माह शिमला में केंद्रीय मंत्री की ओर से उक्त अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान पूरे देश में मंडल एवं बूथ स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य संविधान एवं बाबा साहेब डॉ बी आर अम्बेडकर के बारे में कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे मिथक को दूर करना है। (अनंत ज्ञान)

# चंझालपुल में पांच साल की मासूम को उठा ले गया तेंदुआ

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

ग्राम पंचायत झिकनीपुल के चंझाल पुल में एक तेंदुए ने सोमवार रात 5 साल की मासूम बच्ची पर हमला कर दिया। शाम करीब 7 बजे जैसे ही बच्ची घर से बाहर निकली तो घात लगाए बैठा तेंदुआ बच्ची को उठा ले गया।

जगदीश ठाकुर के बागीचे में काम करने वाला नेपाली मूल का प्रकाश अपनी पत्नी और बेटी अनुषा के साथ कैंप में रहता है। शाम को जैसे ही बच्ची शौच के लिए कैंप से बाहर निकली तो एक तेंदुए ने उस



पर हमला कर दिया। मां की सूझबूझ के कारण बड़ा हादसा टल गया और उसके चिल्लाने पर तेंदुआ बच्ची को वहीं छोड़कर मौके से भाग गया।

तेंदुए के हमले से बच्ची की पीठ और कंधे पर चोटें आई हैं। परिजन बच्ची को रात में ही नेरवा अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई है। (अनंत ज्ञान)

# फार्मेसी कालेज रोहड़ू के छात्र शिवांश के पोस्टर को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में नवाजा

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू के तृतीय वर्ष के छात्र शिवांश सरस्वती ने देवभूमि विश्वविद्यालय उत्तराखंड द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उम्दा प्रदर्शन किया और छात्र द्वारा प्रस्तुत किया गया पोस्टर को सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति द्वारा नवाजा गया।

यह सम्मेलन 17व 18 जनवरी को ऑफलाइन माध्यम से आयोजित किया गया था, जिसकी थीम फार्मा कनेक्ट-विज्ञान, उद्योग और प्रौद्योगिकी को सतत भविष्य के लिए एकीकृत करना थी। इस सम्मेलन में तीन विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने पोस्टर प्रस्तुत किए, जिसमें तृतीय वर्ष से शिवांश सरस्वती, अदिति व दूसरे वर्ष से हिमांशी जमवाल ने भाग लिया। शिवांश सरस्वती द्वारा प्रस्तुत किए



गए पोस्टर का विषय रॉयलेया सिनेरेआ के चिकित्सीय संभावनाओं की खोज इंसुलिन प्रेरित अल्जाइमर रोग के लिए नेटवर्क फार्माकोलॉजी व आणविक डॉकिंग तकनीकों का उपयोग थी।

सम्मेलन के मुख्यतिथि भारतीय फार्मेसी काउंसिल के प्रेसिडेंट डॉ. मोंटू पटेल ने शिरकत की। यह शोध कार्य के लिए इस संस्थान की सहायक प्रोफेसर (फार्मास्यूटिक्स) डॉ. प्रियंका नागू और सहायक प्रोफेसर (फार्माकोलॉजी) डॉ. विनीत मेहत्ता के मार्गदर्शन में किया गया और दोनों ही सहायक आचार्यो ने इस शोध कार्य में अहम भूमिका निभाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विवेक कुमार शर्मा ने सम्मेलन में गए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

**अनदेखी** — स्थानीय पंचायत शहर में बेहतरीन ढंग से सफाई करवाने में लाचार

# आजादी के बाद भी जुन्गा को नहीं मिला शहरी निकाय का दर्जा

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी रियासतकालीन शहर जुन्गा को आज तक नगर पंचायत का दर्जा नहीं प्राप्त हो सका है, जिस कारण इस शहर के लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है।

पूर्व भाजपा सरकार के कार्याकाल में नवंबर 2020 में पूर्व सीएम जयराम ठाकुर और पूर्व शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज जुन्गा के प्रवास के दौरान शहर को नगर पंचायत का दर्जा देने का आश्वासन दिया गया था जोकि आजतक पूरा नहीं हो सका है। हालांकि शहर की आबादी करीब साढ़े तीन हजार के करीब है जिसमें तहसील, पुलिस बटालियन, और राज्य स्तरीय फोरेंसिक लैब सहित अन्य कार्यालय शामिल है। इसके बाजजूद जुन्गा कस्बा को नगर पंचायत का दर्जा नहीं मिल पाया है, जिस कारण इस कस्बे का सुनियोजित ढंग से विकास नहीं हो पा रहा है ।

स्थानीय लोगों का मानना है कि जुन्गा में जो भी विकास अब तक हुआ है वह केवल पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह की देन है। इनका कहना है कि जब क्योंथल रियासत का मुख्यालय जुन्गा हुआ करता था उस दौरान इस शहर में रौनक लगी रहा करती थी, परंतु वर्तमान में जुन्गा शहर की गलियां पूरे वर्ष सूनी नजर आती है। हाल ही में प्रदेश सरकार ने दस नगर पंचायत और नगर निगम की अधिसूचना जारी की परंतु इस सूची से जुन्गा का नाम गौण ही रहा चूंकि इस कस्बे को शहरी निकाय देने की मांग आजतक किसी भी



जुन्गा शहर की तंग गलियों से गुजरती बस।

जन प्रतिनिधि ने नहीं की है। स्थानीय पंचायत शहर में बेहतरीन ढंग से सफाई करवाने में लाचार दिखाई दे रही है। शहर में भवनों का निर्माण मनमर्जी से किया जा रहा है इस शहर में किसी प्रकार नगर नियोजन एक्ट नहीं लगता है।

जुन्गा निवासी दुर्गा सिंह ठाकुर का कहना है कि पुराना जुन्गा के लिए बाईपास रोड न होने से भारी वाहनों को जुन्गा की तंग गलियों से गुजरना पड़ता है, जिस कारण शहर की गलियों में अक्सर जाम लगा रहता है। शहर में बस अड्डा न होने के कारण बसों को सड़क पर ही खड़ा करना पड़ता है। शहर में कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, जिससे बाहर से आने वाले वाहन धारकों को काफी समस्या पेश आती है। इसी प्रकार सिविल अस्पताल जुन्गा में विभिन्न श्रेणियों के काफी पद रिक्त पड़े हैं । विशेषकर स्त्री रोग, हड्डी रोग और बाल रोग विशेषज्ञ न होने के कारण लोगों को शिमला जाना पड़ता है।

तहसीलदार जुन्गा नरायण सिंह वर्मा ने बताया कि जुन्गा शहर को नगर पंचायत का दर्जा देने के लिए लोगों की ओर से अभी कोई प्रस्ताव नहीं आया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर (कोहली)।** थाना शाहपुर के अंतर्गत गांव पैड में भार से लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बलवान सिंह (54) पुत्र सुदामा निवासी सिहुंवा के तौर पर हुई है। जानकारी अनुसार मृतक चालक ट्रैक्टर को ढलान पर खड़ा करने के बाद लघुशंका के उतरा तभी इसी दौरान ट्रैक्टर चल पड़ा और पलट गया, जिसकी चपेट में आने से चालक घायल हो गया। लोगों द्वारा उसे शाहपुर अस्पताल ले जाया गया जहां से डॉक्टरों ने घायल को राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल टांडा रेफर कर दिया, वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### डीएवी के रंग में रंगे पास्सू स्कूल के विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, गगल।** डीएवी तियारा में तीन दिवसीय ट्विनिंग प्रोग्राम का आयोजन राजकीय विद्यालय पास्सू और डीएवी तियारा के विद्यार्थियों के लिए किया गया।



प्रधानाचार्य एकता अत्री ने बताया के यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा जिला कांगड़ा के अंतर्गत हुआ। डीएवी तियारा में पासू स्कूल के 25 विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न कक्षाओं में अंग्रेजी, गणित, फिजिक्स, केमिस्ट्री जैसे विषयों को पढ़ाना है। विद्यार्थियों को प्रयोगशाला में ले जाकर प्रैक्टिकल करना, पुस्तकालय एवं खेल कक्ष में भी ले जाया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन दोनों स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम जैसे प्यारी बेटी, राम आएंगे, झमाकड़ा आदि नृत्य पेश किए गए। इसके अलावा फन गेम्स जैसे रस्साकशी, थ्री लेग रेस का भी आयोजन किया गया । दोनों स्कूलों के विद्यार्थियों में उत्साह देखने लायक था। प्रधानाचार्या एकता अत्री ने राजकीय विद्यालय पासू से आए हुए प्रधानाचार्या निधि और अध्यापकों का धन्यवाद किया।

### शिविर में 109 लोगों के किए डिजिटल एक्स-रे



**सालविया शर्मा, गरली।** ग्राम पचायत मूही के स्वास्थय सब सेंटर मे मंगलवार को प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार एकदिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। बीएमओ डाडासीबा सतीश कुमार की देख-रेख में आयोजित हुए इस कैंप में टांडा मेडिकल कॉलेज से आई टीम, पीएससी प्रागपुर के सुपरवाइजर अजय शर्मा, आशा शर्मा, स्वास्थ्य कार्यकर्ता शशि आशा वर्कर सीमा शर्मा, सरिता कुमारी, रीता देवी व स्वास्थय विभाग की टीम ने इस कैंप को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग दिया। वहीं, इस शिविर में डिजिटल एक्सरे मशीन के द्वारा 109 लाभार्थी मरीजों के एक्स-रे करवाए। कुछ लोग बिना एक्सरे के ही रह गए वे गरली के समीप सिविल हॉस्पिटल में 22 जनवरी को कैंप में जाकर लाभ ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### विधायक मलेंद्र राजन ने बांटे लाखों को चेक



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधानसभा इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत 13 लाभार्थियों को 8 लाख 5 हजार के चेक वितरित किए गए। इस मौके पर राजन ने मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री गरीबों के मसीहा हैं। इस मौके पर एसडीएम इंदौरा सुरिंद्र ठाकुर, प्रधान भूपाल कटोच, विजय कुमार, उपप्रधान काठगढ़ चेतन आदि उपस्थित रहे।

### टोकी बैरियर के रेन शेड में मिला मृत व्यक्ति



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना डमटाल के अंतर्गत आते गांव टोकी में रेन शेड में एक व्यक्ति की लाश मिली है। जानकारी के अनुसार मृत व्यक्ति की उम्र करीब 50-60 साल के बीच है। वह कोई बाबा या भिखारी लग रहा है। पुलिस ने मृतक के शव का सिविल अस्पताल नूरपुर में पोस्टमार्टम करवाया है व शव को शव ग्रह में पहचान हेतु रखा गया है।

### बच्चों को टीबी मुक्त भारत की दिलाई शपथ



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद मेजर सुधीर कुमार वालिया राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनुरी में स्वास्थ्य विभाग गोपालपुर की टीम द्वारा 100 दिन टीबी अभियान के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को टीबी रोग के बारे में जानकारी दी। साथ ही टीबी मुक्त भारत के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनुपमा सिंह द्वारा बच्चों को बताया कि इस बीमारी का पूर्ण रूप से इलाज संभव है, जरूरत है तो जागरूक रहने की। राष्ट्रीय किशोर दिवस के अंतर्गत किशोरावस्था में शारीरिक व मानसिक बदलाव के बारे बच्चों को अवगत कराया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा भी इस कार्यक्रम में अपना योगदान दिया गया। इस कार्यक्रम में टीबी मुक्त भारत अभियान रैली, रंगोली, पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। बच्चों ने लघु नाटिका द्वारा टीबी की रोकथाम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# नई शिक्षा नीति भारत में लाएगी परिवर्तन : राज्यपाल

## कहा, भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ाने में केंद्रीय विश्वविद्यालय का प्रयास सराहनीय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत में परिवर्तन लाएगी। इस व्यापक नीति को एक साथ लागू नहीं किया जा सकता है किंतु इसे क्रमबद्ध तरीके से लागू करने की आवश्यकता है। वह मंगलवार को स्थानीय कालेज के सभागार में केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से मनाए जा रहे स्थापना समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए बोल रहे थे।

उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में इसको बढ़ाने के लिए नया पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है यह विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। गत वर्षों में विश्वविद्यालय ने जिन ऊंचाइयों को छुआ है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने विकसित भारत 2047 के लिए विश्वविद्यालय को शोधपूर्ण, गुणवत्ता युक्त शिक्षा केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाने के साथ ही वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप अपने को तैयार करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने मुख्यातिथि का अभिवादन किया। उन्होंने इस मौके पर मौजूद विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए विगत वर्षों में विश्वविद्यालय की ओर से हासिल की गईं गतिविधियों का ब्योरा सभी के समक्ष रखा। उन्होंने मुख्यातिथि के साथ प्रो. नीलिमा गुप्ता कुलपति, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, प्रो. आरपी तिवारी कुलपति, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, भठिंडा, प्रो. नागेश ठाकुर कार्यकारिणी सदस्य, डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल को हिमाचली टोपी एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि हमें आत्मनिरीक्षण करने होगा कि आज से 14 साल पहले हमने जो विश्वविद्यालय के लिए लक्ष्य तय किए थे, उनको हासिल करने में हम कितने समक्ष साबित हुए हैं। अब हम आगामी अकादमिक सत्र देहरा स्थित अपने कैंपस में शुरू करने जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। हमें नैक की ग्रेडिंग में ए-प्लस मिला है।

#### ये हुए सम्मानित

**शैक्षणिक** संकाय सदस्यों में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का पुरस्कार प्रो संजीत, प्रो. ओएसकेएस शास्त्री, प्रो. बीसी चैहान, डॉ. राकेश और डा. मनप्रीत अरोड़ा को सम्मनित किया गया। वहीं गैर-शिक्षक कर्मचारियों में अनुपम ठाकुर, राहुल, आपूर्ति अवस्थी, रोहित धीमान, हिंदभूषण कुटलैहड़िया और अजय कुमार को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के कैलेंडर 2025 का विमोचन, विश्वविद्यालय के न्यूज लैटर का विमोचन, विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकों, समाचार पत्र का विमोचन, विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर, हिंदी पखवाड़ा 2024 के विजेताओं को प्रमाण-पत्र वितरण, खेल स्पर्धाओं में विश्वविद्यालय की ओर से भाग लेने वाले विद्यार्थियों का सम्मान और योग स्पर्धा में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## धौलाधार हाइड्रो-टूरिज्म परियोजना के बारे में सांसद को करवाया अवगत



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार की अध्यक्षता में सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज से उनके जसूर स्थित संसदीय कार्यालय में मिले।

संस्था के इन तकनीकी अधिकारियों द्वारा तैयार की गई पर्यटन एवं स्वरोजगार से जोड़ने वाली महत्वाकांक्षी धौलाधार हाइड्रो टूरिज्म परियोजना की सांसद महोदय को विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने यह प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की है।

उन्होंने बताया कि पालमपुर-धर्मशाला राज्य मार्ग पर स्थित मैंहझा पुल से लेकर सौरभ वन विहार तक न्यूगल खड्डु के दाहिने तट पर बहुआयामी जल-सौर ऊर्जा, हाइड्रो पावर, नौका विहार, पक्षी विहार, स्विमिंग पूल, पर्यटन, वन्य प्राणी, कांगड़ा हैरिटेज विलेज, पावर, पर्यटन, साहसिक खेल, मत्स्य पालन और प्रवासी पक्षियों के लिए प्राकृतिक आवास से युक्त बहुआयामी परियोजना की यह पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट उन्होंने तैयार की है।

सांसद को अवगत करवाते हुए इन तकनीकी अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट में हाइड्रो-टूरिज्म के विकास एवं स्वरोजगार की परिकल्पना की गई है, जिसमें छोटी पनबिजली परियोजनाओं (13.6 मेगावाट), सौर ऊर्जा (2.5 से 3.00 मेगावाट) के आंकलन के अलावा पार्क, झील, ट्रैक, पूल, और कांगड़ा विरासत का निर्माण शामिल है। प्रस्तावित झीलों का उपयोग छत पर सौर पैनलों के साथ तैरती संरचनाओं का भी विकास किया जाएगा और यह प्रवासी पक्षियों के लिए प्राकृतिक आवास के रूप में भी काम करेगी।

## सरवीन चौधरी का जन्मदिन मनाया



**अनंत ज्ञान, शाहपुर ( कोहली )**

सामुदायिक भवन 39 मील शाहपुर में मंगलवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री सरवीण चौधरी का जन्म दिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिती दर्ज करवा कर बधाई व शुभकामनाएं दीं। सरवीन ने कार्यकताओं संग केक काटा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान कांगड़ी धाम का आयोजन भी रहा। इस अवसर पर विशेष रूप से बीडीसी वाइस चेयरमैन, बीडीसी सदस्य, पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान आदि उपस्थित हुए।

# डाडासीबा में एचआरटीसी बस बनी आफत

### दो दिनों से बस लेट आने से स्कूली बच्चे व लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**



डाडासीबा से तलबाड़ा-पठानकोट डिपो की एचआरटीसी की बस पिछले दो दिनों से लेट आने से यात्रियों खासकर स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस बस सुबह स्टार्ट करने के लिए चालकों को दूसरी बस की बैटरी लेनी पड़ती है। कभी-कभी तो ट्रैक्टर वालों से बैटरी लेकर बस को स्टार्ट किया जाता है। इस वजह से यह बस लेट होती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है इस बस को नई बैटरी लगाई जाए, ताकि सुबह बस समय पर स्टार्ट हो सके। सोमवार व मंगलवार को यात्री व बच्चे अपने गंतव्य पर जाने के लिए बस स्टैंड पर खड़े रहे, लेकिन दो दिनों से बस लेट आने से लोगों खासकर विद्यार्थियों ने प्रशासन के प्रति रोष प्रकट किया है। परिवहन की यह पहली बस सुबह 6:30 बजे डाडासीबा से स्यूल खड्ड, मेहड़ा, घाटी होते हुए तलवाड़ा पहुंचती है। इस बस के लेट आने से कामगारों, स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं, विद्यार्थियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि ठीक बस रूट पर भेजी जाए, ताकि हम समय पर अपने स्कूल तक पहुंच सकें। वहीं, पठानकोट डिपो का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे आरएम राहुल कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस गाड़ी में क्या प्रॉब्लम आ रही है, जिसका जल्द समाधान किया जाएगा, ताकि यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## मनेई में टीबी अभियान का आगाज

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



100-डे टीवी अभियान के अंतर्गत शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लपयाना उप स्वास्थ्य केंद्र मनेई में 100 टीवी कैंप का आगाज खंड चिकित्सा अधिकारी कविता ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया।

इस मौके पर लोगो ने कैंप में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने चेस्ट के एक्स-रे भी करवाए। स्वास्थ्य शिक्षक अजमेर ठाकुर ने बताया इस मौके पर टोंग लेन हॉस्पिटल धर्मशाला से आए हुए वाहन के माध्यम से 160 लोगों की एक्स-रे जांच की गई। चकित्सा अधिकारी कविता ठाकुर ने इस प्रकार के आयोजन फिर करने का भी लोगों को आश्वासन दिया।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत, तीन घायल

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर की पंचायत बरुणा के गांव मंदोट की एक गाड़ी भाखड़ा नंगल के समीप दुर्घटना का शिकार हो गई है, जिसमें बैठी 5 सवारियों में से दो की मौत हो गई है। दोनों मृतक जवाली के नजदीकी कस्बा मावा के बताए जा रहे हैं। वहीं, अन्य 3 सवारियां व एक ड्राइवर गंभीर घायल है, जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है।

## लखदाता मंदिर में वॉलीबाल प्रतियोगिता व भंडारा संपन्न



सांबा महिला मंडल को रस्सा-कस्सी में प्रथम आने पर सम्मानित करते समिति के सदस्य।

**राकेश डोगरा, डरोह**

लखदाता ढाटी सांबा झिंज मेला समिति द्वारा बाबा लखदाता के प्रकटोत्सव पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि मनोहर लाल फिलिंग सर्विस स्टेशन भवारना के मालिक अश्विनी राणा व जिला परिषद सदस्य ध्रुव चौधरी थे। समिति की ओर से बिट्टू सांबा व सागर थापा के मध्य कुश्ती का आयोजन भी किया गया, जिसमें बिट्टू सांबा विजेता रहे। इन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

बता दें कि इस कार्यक्रम के साथ ही ढाटी सांबा छिंज मेले का आगाज भी हो गया। इस बीच सांबा गांव के दिलबाग राणा ने बाबा लखदाता से कुछ दिन पहले मन्नत मांगी थी, जो पूरी हुई। इसी उपलक्ष्य पर पहले हवन-यज्ञ किया गया फिर दोपहर को लंगर की व्यवस्था दिलबाग की ओर से की गई। इसके साथ-साथ मनोहर लाल फिलिंग सर्विस स्टेशन भवारना के मालिक अश्विनी राणा ने अपने भाई स्व. मनोहर लाल की मधुर स्मृति में वॉलीबाल प्रतियोगिता करवाई, जिसमें लगभग 14 टीमों ने भाग लिया।

इस बीच पहले सेमीफाइनल में खुंडियां की टीम विजयी रही, जबकि दूसरा सेमीफाइनल लंबागांव की टीम ने जीता। फाइनल मैच में खुंडियां की टीम विजेता रही। विजेता टीम को 11000 व उपविजेता टीम को 7000 रुपए इनाम व स्मृति चिन्ह भी दिए। इस बीच महिला मंडल की ओर से रस्सा-कस्सी, मटका फोड़ व चेयर रेस प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं। जिसमें महिला मंडलों ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम में समिति प्रधान कुलबीर राणा, सचिव अमर सिंह राणा के साथ-साथ सभी समिति सदस्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



## प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना हो रही वरदान साबित

**अनंत ज्ञान, नगरी।** भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसका ताजा उदाहरण तहसील पालमपुर में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा चचियां में देखने को मिला। यहां की शाखा में स्वर्गीय पिंकी देवी पत्नी रवि कुमार निवासी राख ने अपना बचत खाता खुलवाया था व इसमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना करवाई हुई थी। पांव फिसलने से वह गिर गई और इलाज के दौरान उनका पीजीआई चंडीगढ़ निधन हो गया। इस योजना में उनके पति रवि कुमार नामांकित थे जिसके अंतर्गत दो लाख की बीमा राशि बैंक द्वारा उन्हें प्रदान की गई। इस मौके पर शाखा प्रबंधक विशाल चंदेल ने लोगों से निवेदन किया कि ज्यादा से ज्यादा लोग भारत सरकार द्वारा चलाई गई बीमा, पेंशन व बैंक द्वारा चलाई योजनाओं का शाखा में आकर लाभ प्राप्त करें।

## स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, गगल**



जागोरी रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रैत ब्लॉक के चम्बी ग्राउंड में स्वास्थ्य जन जागरूकता मंच का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जगोरी संस्था की कार्यकर्ता पूजा धीमान ने बताया कि शिविर में रैत ब्लॉक की दस पंचायतों से 150 लोगों की सहभागिता रहेगी। जन जागरूकता मंच का उदेश्य जनता को एक ऐसा मंच प्रदान करना था, जहां पर लोगों को स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी मिले और साथ ही वह अपनी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को विभाग के समक्ष रख सके, तथा विभाग द्वारा समस्याओ का समाधान किया जा सके। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. ममता चंदन, डॉ. राजेश मंडयाल , डॉ. अजमेर ठाकुर सहित दस आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई कार्यक्रम में लदवाड़ा की प्रधान अछरी देवी ने भी लोगों के साथ अपने विचार सांझा किए।

कार्यक्रम में सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी। लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को साझा करने के लिए मंच प्रदान करना रहा, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन के साथ जनता की संवाद प्रक्रिया को मजबूत करना।

इस कार्यक्रम में जागोरी से चंद्र कांता, पंकज, उर्मिला, रवीना, मोहिंदर, स्वरूप, श्रेष्ठ और सोनिका ने भी भाग लिया।

## ढाटी स्कूल के बच्चों को सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढाटी में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा पर जागरूक करने के लिए पुलिस थाना भवारना के प्रभारी गुरुदेव सिंह ने विद्यालय में शिरकत की और विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया और साइबर क्राइम के बारे में भी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति को अकस्मात पुलिस सहायता की जरूरत हो तो वह टोल फ्री नंबर 112 पर शिकायत दर्ज करवा सकता है। इसके अतिरिक्त अगर किसी व्यक्ति को ऑनलाइन ठगा जाता है तो वह 1930 पर कॉल कर सकता है। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू शर्मा, समस्त प्राध्यापक, अध्यापक वर्ग और गैर शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्या अंजू शर्मा ने भवारना पुलिस थाना प्रभारी गुरुदेव सिंह का समय निकालकर विद्यालय में आने और बच्चों को सड़क सड़क सुरक्षा पर जागरूक करने के लिए धन्यवाद किया।

**परेशानी** सड़क पर साइन बोर्ड न होने से भटक जाते हैं मुसाफिर

# सलेटी-तुतड़ू सड़क पर आखिर कब लगेंगे साइन बोर्ड?

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

लोक निर्माण विभाग उपमंडल परागपुर के अंतर्गत सलेटी-तुतड़ू संपर्क सड़क पर यातायात सुरक्षा से संबंधित और दिशा-निर्देश हेतु साइन बोर्ड नहीं लगे होने से मुसाफिरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

बता दें कि उक्त सड़क कांगड़ा जिले को ऊना जिले से जोड़ती है। गौरतलब है कि पहाड़ी क्षेत्र में बनी उक्त सड़क में कुछेक जगह तीखे मोड़ भी हैं। यातायात सुरक्षा से संबंधित साइन बोर्ड न होने से हादसे का अंदेशा भी बना रहता है। वहीं सलेटी-तुतड़ू सड़क के बीच आते गांवों के लिए बनाए गए लिंक रोड पर भी लोक निर्माण विभाग की ओर से कोई दिशा-निर्देश बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे यह पता चल सके कि यह कौन-सा गांव है। हालांकि, विभाग को साइन बोर्ड लगवाने के लिए कई बार अवगत करवाया गया, लेकिन अभी तक साइन बोर्ड नहीं लग पाए हैं। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि यथाशीघ्र सलेटी-तुतड़ू संपर्क सड़क पर यातायात सुरक्षा से संबंधित साइन बोर्ड और उक्त सड़क से निकले लिंक मार्गों पर दिशा निर्देश बोर्ड लगाए जाएं, ताकि सुरक्षा के साथ मुसाफिरों को आवागमन में सहूलियत हो।



#### क्या कहते हैं अधिशाषी अभियंता

इस संबंध में कोटला बेहड़ के अधिशाषी अभियंता कैलाश पाहवा ने बताया शीघ्र ही साइन बोर्ड लगाया जाएगा, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# आम आदमी के हक के लिए हर चुनौती का सामना करने को तैयार : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने की कांगड़ा में जल शक्ति विभाग का डिवीजन खोलने की घोषणा

**अशीष दमीर, कांगड़ा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के मटौर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांगड़ा में जल शक्ति विभाग का डिवीजन खोलने की घोषणा की है। उन्होंने मटौर कॉलेज में नए कोर्स शुरू करने के साथ क्षेत्र में पानी और बिजली की योजनाओं को सुदृढ़ करने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा में जल्द ही राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। जलोड़ी खड्ड पर नया पुल बनाने की भी घोषणा की। कांगड़ा मेरे लिए नया नहीं है। आप निश्चित रहें, मैं एक रात आपके किसी गांव में बिताऊंगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्र में रहती है, इसलिए राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रयास कर रही है। दूध के खरीद मूल्य में 15 रुपए की बढ़ोतरी की। पहली बार गोबर आधारित खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। पहली बार प्राकृतिक खेती से उत्पन्न 4000 मीट्रिक टन मक्की 30 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदा गया और अगले सीजन से गेहूं को 40 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मनरेगा की दिहाड़ी में 60 रुपए में ऐतिहासिक बढ़ोतरी कर 240 से बढ़ाकर 300 रुपए किया है। इन सभी प्रयासों से गांव के लोगों के हाथ में पैसा आएगा। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा के ढगवार में डेढ़ लाख लीटर क्षमता का मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जा रहा है, जिससे तीन लाख किसानों को फायदा होगा। गुड गवर्नेंस के लिए गुड गवर्नमेंट का होना जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार की नीतियों के कारण सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या घटी है, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में सुधार कर रही है। अधिकारियों की एसीआर के मानदंडों में भी बदलाव किया जा रहा है और अध्यापकों के प्रदर्शन के अनुरूप उनकी एसीआर लिखी जाएगी। यही प्रक्रिया सभी विभागों में अपनाई जा रही है, ताकि गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। सरकारी शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वह भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सुधार किया जा रहा है। दिल्ली एम्स में मिलने वाली अत्याधुनिक मशीनें हिमाचल प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों में जल्द ही उपलब्ध होंगी। टांडा, आईजीएमसी तथा नेरचैक मेडिकल कॉलेजों में अत्याधुनिक मशीनें खरीदने के लिए राज्य सरकार ने 100 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इसके अलावा पानी की गुणवत्ता सुधारने के लिए यूवी फिल्टर तकनीक का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार के फैसलों से प्रदेश के संसाधनों की लूट करने वालों को दिक्कत हो रही है लेकिन मैं आम आदमी के लिए हर चुनौती का सामना करने को तैयार हूं। राज्य सरकार के फैसलों में आम जनता का साथ भी जरूरी है। सब्सिडी का युक्तिकरण किया जा रहा है और संपन्न लोगों को सब्सिडी छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के इतिहास में पहली बार विशेष राजस्व अदालतों का आयोजन किया, जिसके तहत अब तक 2.42 लाख से अधिक लंबित राजस्व मामलों का निपटारा किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने सरकारी क्षेत्र में 31 हजार पद स्वीकृत किए, जबकि भाजपा कार्यकाल में अधिकतर भर्ती अदालती चक्करों में फंसी रही। एपीएमसी कांगड़ा के चेयरमैन नरेंद्र मोंगरा ने कहा कि सीएम सुक्खू ने मात्र दो वर्ष के कार्यकाल में अर्जित उपलब्धियों से प्रदेश के लोगों के दिलों में अपनी जगह बना ली है। इस अवसर पर आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक किशोरी लाल एवं सुरेश कुमार, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)



### सीएम ने हिमाचल में नए युग की शुरुआत की : आरएस बाली

पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन आरएस बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने काम और समर्पण से हिमाचल प्रदेश में जन कल्याण के एक नए युग की शुरुआत की। उन्होंने विधवाओं और अनाथ बच्चों के बारे में सोचा तथा उनके कल्याण के लिए योजनाएं बनाईं। जिस वर्ग के बारे में कोई नहीं सोचता, उनके बारे में भी सुक्खू ने सोचा। जब प्रदेश में आपदा आई तो अपनी जमा पूंजी से 51 लाख रुपए दान कर दिए। उनके नेतृत्व क्षमता की विश्व भर में तारीफ हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के एक आम कार्यकर्ता से आज मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे हैं।

## काफिला रोक स्कूली बच्चों से मिले सीएम

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



जिला कांगड़ा के मटौर में जनसभा के उपरांत धर्मशाला सर्किट हाउस के लिए निकला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का काफिला अचानक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगली से थोड़ा दूर रुक गया। मुख्यमंत्री अपनी कार से उतरे पर छुट्टी के बाद घर वापस जा रहे बच्चों से मिलने लगे और स्कूल के संबंध में फीडबैक ली।

मुख्यमंत्री ने 12वीं में पढ़ने वाले अयान से उनके स्कूल में मिल रही सुविधाओं, अध्यापकों की संख्या और बच्चों की संख्या के बारे में बातचीत की। मुख्यमंत्री ने छोटे बच्चों से पूछा स्कूल में पहली से अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाई शुरू हुई या नहीं? अब पढ़ना अच्छा लग रहा है या नहीं, बच्चों ने जवाब दिया हां। इसके बाद बच्चों ने बारी-बारी से सुक्खू के साथ फोटो खिंचवाईं। मुख्यमंत्री को रुका देखकर स्थानीय लोग भी एकत्र हो गए। उपस्थित व्यक्ति मुख्यमंत्री की सादगी और उनके सरल व्यक्तित्व की तारीफ करने लगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने साथ खड़ा देखकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है और लोगों से मिलने के लिए वह काफिला रोककर वहीं उतर गए। तदोपरांत मुख्यमंत्री का काफिला सर्किट हाउस की ओर बढ़ गया।

# मुख्यमंत्री ने कांगड़ा में 88.68 करोड़ की परियोजनाओं के किए लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के अपने शीतकालीन प्रवास के दौरान कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में 88.68 करोड़ रुपए की लागत की चार विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखीं। उन्होंने बीरता, घुरकड़ी, ललेहड़, मटौर, नटेहड़ और आसपास के क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों के लिए 60.12 करोड़ रुपए की लागत की सीवरेज योजनाओं की आधारशिला रखी।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने 12.59 करोड़ रुपए की लागत से देहरा अराला, गवला अंदराड़, तरसूह, ललेहड़, बिरता, जोगीपुर, सेवकारा और नटेहड़ को जोड़ने वाली सड़कों के सुधार कार्य की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) के तहत 10.81 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 33/11 केवी सब स्टेशन दौलतपुर की आधारशिला भी रखी। इसके अलावा उन्होंने 5.16 करोड़ रुपए की लागत से इच्छी, मटौर, नंदेहड़, कोटकवाला, जमानाबाद, अब्दुल्लापुर, मिहालू, जोगीबाला, सहोड़ा और गगल गांवों के लिए उठाऊ पेयजल योजना के संवर्धन कार्य का शुभारंभ किया।

# निशु मोंगरा ने भरी हुंकार, मुख्यमंत्री गद्गद्, भाजपा और विरोधी हुए चित्त

**संजय अग्रवाल, कांगड़ा**

कृषि उपज मंडल सीमिति जिला कांगड़ा के चेयरमैन निशु मोंगरा तथा उनके समर्थकों ने मटौर पहुंचने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया था। निशु मोंगरा व उनके समर्थकों द्वारा बाइक रैली द्वारा मुख्यमंत्री को मटौर सभा स्थल तक लाया गया, जहां लोगों को भारी हजूम देखकर मुख्यमंत्री गद्गद् हुए तथा उन्होंने निशु मोंगरा की पीठ भी थपथपाई।

कृषि उपज मंडल सीमिति जिला कांगड़ा का चेयरमैन बनने के बाद निशु मोंगरा ने अपने जनमर्थन का भी परिचय दिया तथा यह एहसास करवाया कि कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। इस दौरान उत्साहित युवा समर्थकों ने ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों ने कांग्रेस पार्टी के झंडे लहराते उनमें भारी उत्साह देखा गया, जिसके माध्यम से निशु मोंगरा ने यह संदेश भी दिया कि उनकी ऊर्जा भाजपा के खिलाफ निर्णायक कारक साबित होगी।

**कहा- मुख्यमंत्री का शीतकालीन प्रवास कांगड़ा में विकास को नई गति दे रहा**



पिछले लंबे समय से मोंगरा कांग्रेस पार्टी के लिए एक मजबूत सिपाही बनकर उभर हैं, यही कारण है कि हाल ही मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें सरकार में कृषि उपज मंडल सीमिति जिला कांगड़ा के चेयरमैन पद पर बिठाया गया है। विधानसभा चुनावों में भी उन्होंने कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र उम्मीदवार के रूप में अपना मजबूत पलड़ा रखा था। उनका मानना है कि मटौर में कांग्रेस रैली के दौरान मुख्यमंत्री के स्वागत हेतु उमड़ी भीड़ ने भाजपा को पीछे धकेल दिया है।

रैली को ऐतिहासिक बताते हुए मोंगरा ने कहा कि इसमें युवाओं की अभूतपूर्व भागीदारी और उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि लोगों ने भाजपा को पूरी तरह से नकार दिया है और वे उनके झूठे वादों से वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू का शीतकालीन प्रवास जिला कांगड़ा में विकास को नई गति प्रदान कर रहा है। करोड़ों रुपयों के शिलान्यास व उद्घाटन से जनता का कांग्रेस सरकार के प्रति विश्वास ओर मजबूत हुआ है, जिससे विपक्ष में बैठी भाजपा चारों खाने चित्त हो रही है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### उतराला फीडर में आज बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** सहायक अभियंता इंजीनियर दान सिंह वर्मा ने बताया कि सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 22 जनवरी को 11 केवी उत्तराला फीडर के

अनंत ज्ञान
बिजली बंद

तहत आने वाले क्षेत्रों कंदराल, महेशगढ़, हरेड ,सुहू, जेहडू आदि में बिजली लाइनों के मरम्मत कार्य के लिए सुबह 9 बजे से शाम को कार्य समाप्ति तक बिजली बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को मौसम अनुकूल न रहने पर उपरोक्त कार्य अगले दिन यानी 23 जनवरी को किया जाएगा। अत: समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

### 48 स्कूलों के बिजली कनेक्शन काटने के निकाले ऑर्डर

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विद्युत विभाग उपमंडल फतेहपुर ने हाल ही में बिजली बिल जमा न करवाने पर उपमंडल के तहत पड़ती 48 राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं के बिजली कनेक्शन काटने के ऑर्डर निकाल दिए हैं। इस बारे मंगलवार को जानकारी देते हुए विभागीय सहायक अभियंता अभिजीत सिंह ने बताया उक्त 48 स्कूलों से विभाग ने एक लाख 85 हजार रुपए बिल के रूप में लेना है। कनेक्शन काटने की प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी कर ली जाएगी। बताया इसके अतिरिक्त एक स्कूल से करीब एक लाख रुपए विभाग ने बिल के रूप में लेना है जिसका पहले से ही कनेक्शन काट रखा है ।



### करियाड़ा में बैंड-बाजे से निकाली कलश यात्रा

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** अयोध्या स्थित राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर करियाड़ा में विहिप व दुर्गा वाहिनी द्वारा संयुक्त रूप से हर्षोल्लास व बैंड बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विहिप के जिला देहरा उपाध्यक्ष मदन लाल शर्मा ने कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा लगभग 550 सालों से लम्बे संघर्ष और बलिदान की बदौलत ही आज यह सौभाग्यशाली दिन आया है। राम हमारे अराध्य देव और आदर्श हैं। अत: सभी सनातनियों का फर्ज बनता है कि श्री राम के आदर्शों पर चल कर राष्ट्रवादी बनें । इस अवसर पर मदन लाल शर्मा, रमेश शर्मा, विनोद डोगरा, शशि कुमार, बनीश शर्मा, महंत सूर्य प्रकाश हिंदू महासभा पंजाब, हिमाचल जम्मू-कश्मीर प्रभारी, प्रदीप शर्मा, नीरज शर्मा, देशराज भाटिया, राजेश कुमार शिवांगी ठाकुर, सुलोचना देवी, सविता कुमारी, रंजना, निशा, पूजा डोंगर सुलोचना, आशा देवी, सरोज, फूलन देवी, नेहा शर्मा, अनिता, सुमन, काजल व मीना कुमारी आदि कलश यात्रा में शामिल हुए।



### 11000 पैकेट घी प्रसाद के रूप में बांटे

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में आज घृतमंडल का प्रसाद ग्रहण करने वाले श्रद्धालुओं का सुबह 4 बजे से ही तांता लगा रहा। दूरदराज के इलाकों से लोग भोले शंकर का प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंचे हुए थे। गौरतलब है कि शिव मंदिर के गर्भ ग्रह में मौजूद शिवलिंग पर मकर संक्रांति के दिन 108 बार देसी घी को धोकर मक्खन बनाकर भव्य शिवलिंग का आकार दिया गया था। मंगलवार को सुबह प्रसाद के रूप में लोगों में बांटा गया। यह प्रसाद चर्म रोग के लिए अत्यंत ही लाभकारी होता है। मंदिर प्रशासन के अनुसार आज 11000 पैकेट बनाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में बांटे गए।



## आईटीबीपी व नूरपुर पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ चलाया अभियान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

जिला पुलिस नूरपुर के एसपी अशोक रतन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को जिला पुलिस नुरपूर द्वारा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ मिलकर अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ पुलिस थाना फतेहपुर के क्षेत्राधिकार में एक सघन अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत शाह नहर एक्वाडक्ट के नीचे खनन माफिया द्वारा अवैध खनन के लिए बनाई गई सड़क को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। उन्होंने बताया कि यह गश्त और फ्लैग मार्च क्षेत्र में अवैध खनन की गतिविधियों पर रोक लगाने और इस प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस दौरान टीम ने क्षेत्र का संपूर्ण निरीक्षण किया और खनन माफिया द्वारा किए गए किसी भी अवैध निर्माण या गतिविधि की पहचान की।

उन्होंने बताया कि अवैध खनन गतिविधियां न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि क्षेत्रीय जल स्त्रोतों और बुनियादी ढांचे के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करती हैं। इस प्रकार के अपराधों को रोकने के लिए जिला पुलिस नूरपुर पूरी सतर्कता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मीडिया के माध्यम से जिला पुलिस नूरपुर द्वारा क्षेत्र की जनता से भी अपील की जाती है कि यदि वे अवैध खनन गतिविधियों से संबंधित कोई जानकारी रखते हैं, तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन या संबंधित अधिकारियों को करें। (अनंत ज्ञान)



## कुटवासी में एक परिवार जर्जर मकान में रहने को मजबूर



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विकास खंड फतेहपुर की पंचायत कुटवासी के वार्ड नंबर 6 में एक परिवार के चार सदस्य जर्जर हो चुके कच्चे मकान के एक कमरे में रहने को मजबूर हैं। इसी विषय पर अपनी व्यथा बयान करते घर की मालकिन सरला देवी पत्नी हरनाम सिंह ने बताया उनका मकान करीब 30-35 वर्ष पूर्व बना था। बताया बीपीएल में होने के बावजूद भी उन्हें न तो आजदिन तक मकान की मरम्मत को पैसा मिला है और न ही नया मकान। उन्होंने कहा कि मकान की हालत इतनी खराब है कि हर वक्त मकान के गिरने का खतरा बना रहता है। उनके पास उक्त मकान का एक कमरा व एक रसोई है। उन्होंने बताया न ही उन्हें मकान की सुविधा मिली और न ही उन्हें शौचालय की सुविधा मिली है। कुछ दिन पूर्व पंचायत द्वारा उनके मकान की फोटो ली है। उन्होंने संबंधित विभाग व सरकार से अपील की है कि उन्हें भी मकान की सुविधा दी जाए।

## नौसहरा में रास्ते का काम रोकने पर एसडीएम से की शिकायत

**अनंत ज्ञान, गरली**



जेसीबी से चल रहे रास्ते के निर्माण कार्य को रोकते लोग।

गांव नौसहरा मे रास्ते का काम रोकने का मामला एसडीएम देहरा के दरबार पहुंचा है। विकास शर्मा पुत्र देशराज शर्मा ने एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा को दी गई शिकायत मे कहा है कि मेरे घर तक एंबुलेंस ब अन्य कोई भी गाड़ी न पहुचने तक का कोई रास्ता नहीं है, जबकि मेरा भाई अशोक कुमार 80 प्रतिशत अपंग है और बुजुर्ग माता बीमारी से पीड़ित है। विगत दिनों न्यायालय द्वारा घोषित व जिलाधीश कांगडा के दिशा-निर्देशानुसार खसरा नंबर 132 पर अपने जेब खर्चे से जेसीबी मशीन बुलाकर रास्ता बना रहा था कि गांव के कुछेक लोगों ने अचानक यहां झगड़ा करने के मकसद से रास्ता बनाने से रोक दिया।

विकास शर्मा ने अपनी शिकायत लिखा है कि जिन लोगों ने मुझे यहां रास्ता बनाने से रोका है, उनकी यहां आसपास न ही कोई जमीन है और न ही कोई रास्ते से लेना-देना है। मेरी अभी गेहूं की फसल भी खेतों में खड़ी है तथा एंबुलेंस भी घर तक नहीं पहुंच रही है। इस रास्ते की निशानदेही 6 दिसंबर 2024 को पंचायत ने ही करवाई थी। यह रास्ता मेरे घर को जाता है जेसीबी न चलने से 3500 रुपए मुझे अपनी जेब से देने पड़े अगर मेरी माता को अस्पताल न पहुंचने से कोई हानि होती है तो इसके जिम्मेदार यह तीनों ही व्यक्ति होंगे।

### क्या कहते हैं एसडीएम

**एसडीएम** देहरा शिल्पी बेक्टा से बात तो उन्होंने कहा कि इस बारे लिखित शिकायत आई है। मामले की जांच की जा रही है आरोप सही पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।


**विश्लेषण** सरकार में सुदृढ़ एवं पारदर्शी शासन और प्रशासनिक तंत्र में संवेदनशीलता एवं जवाबदेह

# सुक्खू शासन में व्यवस्था परिवर्तन, चहुंमुखी विकास और आर्थिक रूप से मजबूत होता हिमाचल

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के व्यवस्था परिवर्तन का असर साफ दिखने लगा है। व्यवस्था परिवर्तन के बल पर सुक्खू सरकार ने प्रदेश में चहुंमुखी विकास को गति व प्रदेश को आर्थिक रुप से मजबूत करने की दिशा में एक अहम शुरुआत हुई है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं सहित शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार में जमीनी स्तर से कार्य शुरू किया है।

पिछले दो वर्षा में प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए है तथा उन निर्णयों पर योजना के साथ कार्यों को शुरू किया गया है। अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्ग की भलाई के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। क्षेत्रवाद भेदभाव की जगह एक समान विकास की राजनीति का सूत्रपात हुआ है। मुख्यमंत्री के दो वर्ष के शासन में सुदृढ़ एवं पारदर्शी शासन के



कारण प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, जवाबदेह, पारदर्शी भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए सूचना प्रोद्यौगिकी का बड़े पैमाने पर विस्तार किया गया है। आने वाले समय में पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रणाली और सरकारी मैकेनिजम में सूचना प्रोद्यौगिकी का संयोजन आम नागरिकों को जीवन में मील का पत्थर साबित होगा।

प्रदेश कांग्रेस सरकार प्रदेशवासियों के चहुंमुखी विकास और कल्याण के लिए कृत-संकल्पित होकर कार्य करती नजर आ रही है। हिमाचल जैसे पहाड़ी प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने तथा देशभर में इसे आर्थिक रूप से सबसे पॉवरशाली प्रदेश बनाने की दिशा में सुक्खू सरकार कार्य कर रही है, जिसमें सुक्खू सरकार ने प्रदेश को पर्यटन की दुष्टि से मजबूत करने तथा यहां युवाओं को स्वयं रोजगार के मौके मिले सरकार इस सोच के साथ आगे बढ़ रही है। दो वर्षों के दौरान सुक्खू की सरकार ने आपनी गारंटियों पर भी कार्य किया है। अधिकतर गारंटियों का लाभ वर्तमान में प्रदेश की जनता को मिल रहा है। इसी के साथ दो वर्षों में सरकार ने 13 हजार 704 नौकरियां केवल सरकारी क्षेत्र में दी तथा कुल 39 हजार 220 बरोजगारों को रोजगार मुहैया करवाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### सुक्खू सरकार कड़वे फैसले लेकर आर्थिकी को कर रही मजबूत

**प्रदेश** कर्ज के बोझ में दबे होने के बावजूद सुक्खू सरकार कड़वे फैसले लेकर आर्थिकी को मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि के तहत 28249 महिलाओं को योजना का लाभ मिल रहा है। दुर्गम इलाके डोडरा क्वार में 509 महिलाओं को यह लाभ दिया जा रहा है। सुक्खू सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं पर बेहतर काम किया है। कांग्रेस ने चुनाव पूर्व 18 से 59 साल के आयु वर्ग में महिलाओं को 1500 रुपए सम्मान निधि की गारंटी दी थी। इसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। हिमाचल में 8,18,068 पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन देकर गत पहले वर्ष में ही 41799 नए मामले मंजूर किए गए। गत वर्ष 9 माह में कुल 34151 नए मामले मंजूर किए गए। प्रदेश में 59 साल से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं को 1050 रुपए मासिक पेंशन मिल रही थी, उनकी पेंशन बढ़ाकर 1500 रुपए किया गया। स्वर्ण जयंती आश्रय योजना में दो साल में 2824 नए लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए 42.36 करोड़ रुपए से अधिक के बजट का प्रावधान किया गया। विधवा व एकल नारी आवास योजना के तहत 40 वर्ष या उससे अधिक की विधवा व एकल नारियों को आवास के लिए अनुदान राशि दी जा रही है। दिव्यांग छात्र-छात्राओं को 625 रुपए से 5000 रुपए की दर से बिना किसी आय के स्कॉलरशिप मिल रही है। इसके अलावा अंतरजातीय विवाह पुरस्कार योजना में दो साल में 1389 दंपत्तियों को लाभ प्रदान किया गया। यूपीएससी की तैयारी के लिए पात्र 83 लाभार्थियों को 24.90 लाख रुपए की राशि दी गई। वृद्धाश्रमों में रहने वालों व दिव्यांगों को 500 रुपए की दर से उत्सव अनुदान दिया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### डंगार में 25 तक करवाएं भूमि ई-केवाईसी



अनंत ज्ञान, डंगार चौक। हिमाचल प्रदेश सरकार ने पारदर्शिता बढ़ाने और धोखाधड़ी वाले भूमि लेनदेन को रोकने के उद्देश्य से अधिकारिक तौर पर भूमि रिकॉर्ड के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया शुरू की है। जिसके अंतर्गत हल्का पटवारी दधोल के पटवारवृत बाड़ी के अंतर्गत डंगार पंचायत में सोमवार से शनिवार 25 जनवरी तक भूमि ई-केवाईसी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राजस्व विभाग पटवारवृत स्थित बाड़ी के पटवारी अंकित चौहान ने भूमि मालिकों की जमीन की ई-केवाईसी का कार्य आरंभ किया। इस दौरान लगभग 150 से अधिक भूमि मालिकों की ई-केवाईसी की गई। अंकित चौहान ने बताया कि अब भूमि मालिकों को ई-केवाईसी करना जरूरी है इसमें दस्तावेज के तौर पर आधार कार्ड देना होगा ओर मोबाइल नंबर का आधार कार्ड के साथ लिंक होना अनिवार्य है। यदि किसी के पास मोबाइल फोन नहीं है तो फेस रीडिंग से भी ई-केवाईसी हो जाएगी परंतु आधार कार्ड जरूरी है। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत डंगार के कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर प्रधान ग्राम पंचायत डंगार अनिता धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ उप प्रधान दीप सिंह पटियाल व सभी वार्डों के बार्ड मेंबर उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स ने मांगें पूरी करने की उठाई मांग





अनंत ज्ञान, घुमारवीं। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन घुमारवीं इकाई के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इकाई प्रधान इंजीनियर रामलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में इकाई के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में प्रदेश सरकार की ओर से 2024 में पेंशनर्स को दिए गए वित्तीय लाभ का स्वागत करते हुए प्रदेश सरकार से आग्रह किया गया की 2025 के बजट में 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्ति पेंशनर्स की लंबित देनदारी का भुगतान, छठे वेतन आयोग के एरियर का एक मुश्त भुगतान ,42 महीनो के महंगाई भत्ते की तीन किस्तों व चिकित्सा बिलों की अदायगी के लिए बजट 2025 में विशेष प्रावधान किया जाए। इस मौके पर इकाई प्रधान रामलाल शर्मा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के आह्वान के बाद प्रदेश के विकास के हित में इकाई के पदाधिकारियों द्वारा बिजली सबसिडी छोड़ने का निर्णय भी लिया गया है। इस निर्णय के तहत सर्वप्रथम इकाई के प्रधान इंजीनियर रामलाल शर्मा ने विद्युत बोर्ड घुमारवीं के सहायक अभियंता सन्नी जगोता के समक्ष पेश होकर स्वेच्छा से प्रमाणित घोषणा पत्र प्रस्तुत करते हुए बिजली सबसिडी का परित्याग किया।

### लोगों ने सड़क सुविधा मुहैया करवाने की उठाई मांग



अनंत ज्ञान, झंडूता। झंडूता विधानसभा क्षेत्र की जेजवीं पंचायत के भदोल, मरेटा व दूरघाट गांवों के लोगों ने उन्हें सड़क सुविधा मुहैया करवाने की मांग की है। इस मांग को लेकर ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को भाजपा के झंडूता कार्यालय में विधायक जीतराम कटवाल से मुलाकात की विधायक ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी इस समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से चर्चा करके उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। गांवों का विकास उनके इस संकल्प की अहम कड़ी है और गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए उन्हें सड़क सुविधा से जोड़ा जाना बेहद जरूरी है। इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने विकास का मुख और पैसे का रुख गांवों की ओर मोड़ा है। झंडूता विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास और लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना शुरू से ही उनकी प्राथमिकता रही है। इसके चलते वह केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए बजट का प्रावधान करवा रहे हैं। उन्होंने भदोल, मरेटा व दूरघाट गांवों के लोगों को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार के सहयोग से उनके गांवों तक सड़क का निर्माण जल्द करवाया जाएगा। इससे पहले जीतराम कटवाल ने सुन्हाणी पंचायत में कुछ दिन पहले आग लगने से जलकर राख हुई बशीरदीन की गौशाला के नुकसान का जायजा भी लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया कि उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने समोह पंचायत के नौण में संपर्क सड़क में विधायक निधि से 5 लाख की राशि से निर्मित की जा रही पुली के कार्य का जायजा भी लिया। इस मौके पर झंडूता भाजपा मंडल अध्यक्ष राम सिंह चंदेल, शाहतलाई मंडल अध्यक्ष रामप्रकाश शर्मा, सुशील नड्डा, दिनेश चंदेल और शैलजा शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।

### बिलासपुर के समाजसेवी राकेश नहीं रहे

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। बिलासपुर नगर निवासी व बरमाणा में स्वर्णकार का कार्य रहे समाजसेवी राकेश सोनी नहीं रहे। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे व एम्स बिलासपुर में उपचाराधीन थे। गौरतलब है कि राकेश सोनी वर्तमान में जिला स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष थे। वे कांग्रेस के जिला महासचिव, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव भी रह चुके थे। राकेश सोनी बिलासपुर नगर के एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे व हमेशा दूसरों की मदद करने वाले के रूप में जाने जाते थे। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, पूर्व विधायक तिलकराज शर्मा, पूर्व विधायक डॉ. बाबू राम गौतम, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप ने उनके स्वर्गवास पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# पुलिस थाना घुमारवीं का नया भवन देख रहा उद्घाटन की राह

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

> **2021 के तत्कालीन सीएम ने नए भवन का किया था शिलान्यास**



> **आठ माह बाद भी न तो बिजली और फर्नीचर लगा**

पुलिस थाना घुमारवीं का नया भवन बनकर तैयार होने के बावजूद पिछले कई महीनों से उद्घाटन की राह देख रहा है। आधुनिक तरीके से तैयार किए गए इस भवन को बने करीब आठ माह बीत चुके हैं लेकिन अभी तक इस भवन में न तो बिजली न पानी का कोई प्रबंध हो पाया है और न ही फर्नीचर की व्यवस्था। यही कारण है कि इतना समय बीत जाने के बाद भी इस पुलिस थाने के नए भवन का उद्घाटन नहीं हो पाया है।

घुमारवीं पुलिस से थाना का पुराना भवन करीब चार दशकों को पुराना है जो काफी हद तक जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। यही नहीं इस भवन में पर्याप्त जगह न होने के कारण स्टाफ को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, जिसके बाद करीब पांच करोड़ रुपए खर्च कर पुलिस थाना के लिए इस नए भवन का निर्माण किया गया है। पुलिस थाना के इस नए भवन का शिलान्यास वर्ष 2021 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा किया गया था। भवन का निर्माण कार्य भारत दूरसंचार निगम द्वारा किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना का नया चार मंजिला भवन बनकर पूरी तरह तैयार है, लेकिन अभी तक इस भवन में पानी बिजली तथा फर्नीचर की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। यही कारण है कि आज भी पुलिस थाना का सारा काम पुराने भवन से ही किया जा रहा है। भवन के ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है जबकि पहली मंजिल में थाना प्रभारी व एचसी के कमरों सहित महिला व पुरुष लॉक रूम बनाए गए हैं। जबकि दूसरी मंजिल में माल खाना, कैंटीन व किचन सहित मल्टीपर्पज एक हाल बनाया गया है। जबकि तीसरी मंजिल में आईओ रूम के अलावा एक ट्रैफिक ऑफिस भी बनाया गया है।(अनंत ज्ञान)

#### जल्द ही भवन के उद्घाटन की उम्मीद : डीएसपी

डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि भवन का निर्माण कार्य बीएसएनएल के अधीन है निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन अभी तक भवन में फर्नीचर नहीं लगाया जा सका है, बीएसएनएल को जल्द से जल्द सारी औपचारिकताएं पूरी करने के आदेश दिए गए हैं। उम्मीद है कि जल्द ही भवन का उद्घाटन हो जाएगा।

## फरार आरोपी 13 माह बाद अमृतसर से गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। बिलासपुर पुलिस की विशेष अन्वेषण शाखा ने अदालत द्वारा घोषित एक उद्घोषित अपराधी को करीब 13 महीने बाद अमृतसर (पंजाब) से गिरफ्तार किया है। आरोपी गुड्डू राम निवासी सगोठी तहसील चैनेनी जिला उधमपुर-जम्मू-कश्मीर को अदालत ने 7 नवंबर, 2023 को उद्घोषित अपराधी करार दिया था। आरोपी के विरुद्ध थाना सदर में सड़क दुर्घटना का मामला 16 मई, 2012 को दर्ज हुआ था।

पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद छानबीन करके अदालत में चालान पेश किया था, लेकिन आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुआ। हालांकि अदालत ने आरोपी को कई बार सम्मन भी भेजे, लेकिन आरोपी अदालत में पेश नहीं हुआ।

मामला बिलासपुर पुलिस की विशेष अन्वेषण शाखा को सौंपा गया। जिस पर पुलिस ने आरोपी को अमृतसर-पंजाब से गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को आगामी कार्रवाई के लिए थाना सदर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। मामले की आगामी कार्रवाई थाना सदर पुलिस द्वारा की जा रही है।

## डीसी आबिद हुसैन सादिक 'कहलूर गौरव अवॉर्ड 2025' से सम्मानित



उपायुक्त को सम्मानित करने के दौरान मौजूद गणमान्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन और लाडली फाउंडेशन की बैठक बचत भवन में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

कार्यक्रम में उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक को गोबिंद सागर झील और कोल डैम को वॉटर स्पोर्ट्स के लिए नोटिफाइड करवाने, बांदला धार में पैराग्लाइडिंग अधिसूचना को सुचारु रूप से लागू करवाने और बिलासपुर को विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभारने में उनके योगदान के लिए 'कहलूर गौरव अवॉर्ड 2025' से सम्मानित किया गया।

उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि जिले में एडवेंचर और वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन हमेशा प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि भविष्य में हॉट बैलून, पैरामोटर, पैरासेलिंग जैसी गतिविधियों को भी सुचारु रूप से शुरू किया जाएगा।

इस कार्यक्रम का संचालन गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सराज अख्तर ने की।

इस अवसर पर गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर, पंकज ठाकुर, शालु, शीला सिंह, विक्की ठाकुर, हिमाचल एडवेंचर वॉटर एंड ऐरो एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर, नईम शेख, सत्यदेव शर्मा, श्यामलाल पंवार, नीलम सुद, रेखा बिष्ट, निर्मला राजपूत, हारून मोहम्मद, प्रीति भाटिया और शुभम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने पर्यटन और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सभी संगठनों के प्रयासों की सराहना की और प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## अनियंत्रित होकर पुलिस की ट्रैफिक पोस्ट से टकराई गाड़ी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं के दकड़ी चौक पर सोमवार देर शाम एक गाड़ी अनियंत्रित होकर पुलिस की ट्रैफिक पोस्ट से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैफिक पोस्ट भी टूट गई। गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। गाड़ी में सवार दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सिविल अस्पताल घुमारवीं पहुंचाया गया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायलों व्यक्तियों की पहचान राकेश कुमार भोरंज और जितेंद्र कुमार निवासी नालरा जिला मंडी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम को कार सवार जाहू से चंडीगढ़ जा रहे थे। कार सवार घुमारवीं के दकड़ी चौक पर पहुंचे तो कार चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और कार अनियंत्रित होकर दकड़ी चौक पर पुलिस की ट्रैफिक पोस्ट से जा टकराई।

डीएसपी घुमारवीं चंद्र पाल सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच के अनुसार दुर्घटना का कारण गाड़ी का तेज गति में होना और ड्राइवर का नियंत्रण खोना माना जा रहा है। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने की जांच कर रही है।

## एक प्रवासी श्रमिक की संदिग्ध हालात में मौत

अनंत ज्ञान, झंडूता। झंडूता पुलिस थाना क्षेत्र के तहत गत रात्रि एक प्रवासी श्रमिक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है।

जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार आयु 25 वर्ष पुत्र चंदा निवासी निवाश डाकखाना मानपुर चौकी मुरादाबाद उत्तरप्रदेश मजदूरी का काम करता था। गत रात्रि वह अपने साथियों के साथ लेंटर डालकर आया था। बताया जा रहा था कि उसने शराब पी रखी थी और रात को गेहड़वीं के पास गाड़ी नंबर एचपी 23 सी 3417 गाड़ी में सोया रह गया। मंगलवार सुबह को उसके साथियों ने उसे गाड़ी में बेसुध हालत में पाया। उसके साथियों ने घुमारवीं सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, पुलिस प्रवक्ता एवं डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

## पनौल-कजैल सड़क का निर्माण कार्य होगा शुरू

**गोपाल कपिल, झंडूता**



खस्ताहालत में सड़क का दृश्य।

> **सड़क निर्माण के लिए 7 करोड़ 21 लाख का बजट पारित**

झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र को झंडूता और बिलासपुर से जोड़ने वाली पनौल से कजैल होते हुए शेर चौक तक मिलने वाली सड़क का कार्य विभाग ने शुरू कर दिया है।

इस सड़क के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 7 करोड़ 21 लाख रुपए का बजट पारित हुआ है। इस सड़क की कुल लंबाई 10 किलोमीटर 260 मीटर है। इस सड़क की वर्तमान समय में चौड़ाई 3.05 मीटर है इसे बढ़ाकर 3.75 मीटर किया जाएगा साथ ही इस सड़क में जितने भी तंग मोड़ है उन्हें भी चौड़ा किया जाएगा ताकि वाहनों को आने जाने में कोई दिक्कत न हो। आपको बता दें कि इस सड़क की स्थिति बहुत ही दयनीय है। इस सड़क का नवीनीकरण कार्य शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

बरठीं क्षेत्र को यह सड़क सीधे झंडूता से जोड़ती है जिससे इस सड़क से हर दिन हजारों लोग झंडूता अपना विभागीय कार्य करवाने आते हैं। इस सड़क का नवीनीकरण होने के बाद आधे विधानसभा क्षेत्र के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क का कार्य जल्दी किया जाए ताकि लोगों को कोई दिक्कत ना हो।

झंडूता उपमंडल के लोकनिर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता केके चौहान ने बताया इस सड़क का कार्य शुरू हो गया। इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य 18 महीने रखा गया है।

## बिलासपुर स्थानांतरित हुए एसडीओ को वापस चंबा भेजने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। पहले से ही आर्थिक कंगाली का रोना रो रही बिलासपुर नगर परिषद ने हाल ही में चंबा नगर परिषद से स्थानांतरित होकर एसडीओ को 31 जनवरी को होने वाली रिटायरमेंट से अपने हाथ खींच लिए है तथा यहां पर विशेष बैठक बुलाकर चंबा नगर परिषद से स्थानांतरित होकर एसडीओ को फिर से वहीं पर वापस भेजने की मांग प्रदेश सरकार से की है।

नगर परिषद का कहना है कि नगर परिषद के पास इतना अधिक पैसा नहीं है कि एसडीओ के रिटायरमेंट के बाद लगाई रुपए के देय वित्तिय लाभों को एकमुश्त भुगतान हो सके और बाद में नियमित रूप से पेंशन भी दी जा सके। नगर परिषद ने इस संबंध में तकनीकी शिक्षा एवं शहरी विकास मंत्री राजेश धर्माणी, विभाग के प्रधान सचिव, निदेशक शहरी विकास विभाग एवं उपायुक्त को पत्र भेजने का निर्णय लिया है।

यहां पर मंगलवार को नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम की अध्यक्षता में यह विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नप अध्यक्ष कमल गौतम ने कहा कि हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा बिलासपुर नगर परिषद के एसडीओ का तबादला चंबा किया गया है तथा वहां से मदन कुमार को बिलासपुर भेजा गया है, जो 31 जनवरी को रिटायर होने वाले हैं, जिससे नगर परिषद पर प्रतिवर्ष लाखों रुपए का वित्तिय बोझ बढ़ जाएगा।

नगर परिषद की आर्थिक स्थिति पिछले कई वर्षों से बेहतर नहीं है। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर तकनीकी शिक्षा एवं शहरी विकास मंत्री राजेश धर्माणी, विभाग के प्रधान सचिव, निदेशक शहरी विकास विभाग एवं उपायुक्त चंबा नगर परिषद से स्थानांतरित होकर एसडीओ को फिर से वहीं पर वापिस भेजने की मांग की है।

## स्कूल बसों का निरीक्षण करें अधिकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



बैठक के दौरान मौजूद उपायुक्त व साथ हैं अन्य अधिकारी।

> **जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित**

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आज उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की गई और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई है, जो विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय और प्रभावी कार्यवाही का परिणाम है। उन्होंने सभी विभागों को और अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए व्यापक स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। उपायुक्त ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आरटीओ और एसडीएम को निर्देश दिए कि वे स्कूल बसों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि स्कूल परिवहन सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश किया गया कि वे जिले में सभी ब्लैक स्पॉट्स की पहचान करें और उन्हें तुरंत सुधारें। उन्होंने एनएचएआई से भी इन ब्लैक स्पॉट्स की प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर निगरानी रखने के लिए कैमरे लगाए गए हैं। कहा कि आवश्यक स्थानों पर अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे ताकि सड़कों पर यातायात नियंत्रण में सुधार हो। राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं की स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान करने के लिए एंबुलेंस तैनात करने के प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी तालमेल से कार्य करने और सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की।

## सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी : राजेश कौशल



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश कौशल की अध्यक्षता में मंगलवार को एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस परियोजना के तहत एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक और कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देना, सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और संबंधित विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करना है।

अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस परियोजना के विभिन्न पहलुओं और इसके तकनीकी उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मुद्रित सामग्री भी वितरित की गई। उन्होंने अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एकजुट होकर काम करने और समन्वित प्रयासों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस परियोजना सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े डेटा के डिजिटलीकरण और विश्लेषण के लिए एक प्रभावी उपकरण है, जो दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान कर उन्हें रोकने में मददगार साबित हो सकती है।

सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें प्रत्येक नागरिक, विभाग और संगठन की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस परियोजना के तहत उठाए जा रहे कदम सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

**बैठक** | वरिष्ठ नागरिक सभा की बैठक में कई प्रस्ताव पास

# बिलासपुर में नगर निगम बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बैठक के दौरान मौजूद सभा के सदस्य।

वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर की मासिक बैठक प्रो. जेएन मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम डॉ. मिश्रा ने समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें नववर्ष और लोहड़ी पर्व की बधाई दी।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नलाल सांख्यान ने दिवंगत आत्माओं की आत्मिक शांति हेतु दो मिनट का मौन रखवा कर श्रद्धांजलि अर्पित की सभा ने गहरा शोक व्यक्त किया जिनमें भारतवर्ष के पूर्व, वित्तमंत्री प्रधानमंत्री शिक्षाविद व महान अर्थशास्त्रीडॉ. मनमोहन सिंह, धर्मपुर (मंडी) के विधायक चंद्रशेखर के पिता काहन सिंह, सभा के उपाध्यक्ष मनमोहन भंडारी की धर्मपत्नी निर्मला भंडारी, नीलम गुप्ता, योगेंद्र सिंह, अजय कुमार मनवा, राकेश महाजन व नंदलाल राणा की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभा ने महासचिव मस्तराम वर्मा को राज्य वरिष्ठ नागरिक सभा का वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव सर्वसम्मती से पारित किए गए।

बिलासपुर में तत्काल नगर निगम बनाया जाए, शहीद स्मारक में राष्ट्रीय ध्वज को तत्काल लगाया जाए जोकि राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है, हिमाचल पथ परिवहन निगम कार्यशाला से राधास्वामी सतसंग भवन तक एवं सिनेमा कॉलोनी से चेतना चौक तक सड़क की तत्काल मुरम्मत करवाई जाए, सभा ने कॉलिज परिसर व वेटरनरी अस्पताल के समीप और रघुनाथपुरा इत्यादि स्थानों पर चंदन के पेड़ों की चोरी हुई है ऐसी घटनाओं पर तुरंत रोक लगाई जाने सहित आदि प्रस्ताव पास किए।

बैठक में रोशनलाल चौहान, बंसीराम, सुर्जन सिंह सोंखला, गंगाराम शर्मा, रमेश टंडन, डॉ. जयराम शर्मा, जीतराम सुमन, सुरेश नड्डा, कमांडेंट सुरेन्द्र शर्मा, कमांडेंट नवल किशोर, सुमन कुमार, राजेंद्र शर्मा, राजपाल सरीन, कृष्ण लाल, ओंकार कपिल, अश्विनी सुईल ओंकार गुलेरिया, बाबूराम शर्मा, अब्दुल मजीद, सरदार रछपाल सिंह नंदकिशोर शर्मा व सुशील पुंडीर आदि उपस्थित रहे।

## दधोल स्कूल के स्टेज के लिए दी 10 हजार की राशि



स्वीकृत राशि का चेक प्रधानाचार्य को सौंपते गणमान्य।

अनंत ज्ञान, दधोल। द ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन ऑफ दधोल स्कूल की बैठक अध्यक्ष सुरेश पन्याली की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान संस्था द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में प्रार्थना सभा के लिए बने स्टेज के लिए जो 10000 रुपए की राशि स्वीकृत की थी। वह राशि पाठशाला प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज को दी गई। इसके अतिरिक्त इस बैठक में निर्णय लिया गया कि इस संस्था द्वारा जो कार्यक्रम हर वर्ष करवाया जाता है, वह कार्यक्रम अप्रैल महीने के पहले सप्ताह में आयोजित होगा।

संस्था के अध्यक्ष सुरेश पन्याली ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दधोल स्कूल में शिक्षा में उत्कृष्ट रहे बच्चों को इस संस्था द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा पाठशाला से खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त अध्यापकों को हर वर्ष की तरह सम्मानित किया जाएगा। बैठक में देशराज शर्मा, सुरेश भारद्वाज, बलवंत कमल, सुरजीत चंदेल, अनिल शर्मा, रवि दत्त शर्मा, राकेश कुमार आदि ने भाग लिया।

## पेंशनर्स एसो. के प्रो. देवी राम बने प्रधान

अनंत ज्ञान, बिलासपुर



पेंशनर्स वेल्फेयर एसो. के सदस्य।

जिला पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सदर खंड के तहत चांदपुर ईकाई की बैठक तलवाड़ा में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी सलाहकार जेके नड्डा एवं एएन गौतम विशेष रूप से मौजूद रहे व इनकी देखरेख में चुनाव प्रकिया को पूरा किया गया।

इस अवसर पर प्रो. देवी राम चौहान को लगातार चौथी बार प्रधान चुना गया। इनके अलावा सचिव गोपाल शर्मा, कोषाध्यक्ष राम लाल चंदेल व लेखा परीक्षक गज्जण राम शर्मा भी लगातार दूसरी बार चुना गया। वहीं, एएन गौतम व बलबीर ठाकुर को उपप्रधान, महेंद्र पाल शास्त्री व कुंज बिहारी को संगठन सचिव चुना गया। जबकि प्रकाश चंदेल,रतन सिंह, सुशील चंदेल, सोम प्रकाश चंदेल, कुलजीत ठाकुर, मंगत राम ठाकुर, केडी शर्मा, विनोद को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया। पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर एड्स के खिलाफ किया जागरूक



अनंत ज्ञान, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसायटी के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन राजकीय उच्च पाठशाला परोही में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता मुख्याध्यापिका मधु महाजन ने की। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों के लिए चार्ट मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता करवाई गई, इसमें आरुषि ने पहला, दिवाशी ने दूसरा और प्रियंका ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल ने बताया कि इस दिन को स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में बढ़ते नशे और एचआईवी एड्स बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर स्कूल की मुख्याध्यापिका व अन्य अध्यापक गण आदि उपस्थित रहे।

## आज होगी ट्रक ऑपरेटर परिवहन की महासभा

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। बिलासपुर जिले के बरमाणा स्थित में मंगलवार को ट्रक ऑपरेटर परिवहन सभा और एसीसी सीमेंट प्रबंधन के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कई गंभीर समस्याओं पर चर्चा की गई, जिनसे वे पिछले कुछ समय से जूझ रहे थे।

सभा के कोषाध्यक्ष बालक राम कपिल ने बैठक में प्रमुख मुद्दों को उजागर करते हुए कहा कि ट्रांसपोर्टरों को सीमेंट ढुलाई में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने 24 घंटे के भीतर गाड़ियों को अनलोड करने की बात रखी।

बालक राम कपिल ने ट्रक ऑपरेटरों और चालकों से अपील की है कि वे 22 जनवरी, बुधवार को होने वाली बीडीटीएस के वार्षिक अधिवेशन में भाग लें। यह अधिवेशन बरमाणा स्थित बीडीटीएस भवन के पुकार हॉल में आयोजित होगा और इसकी अध्यक्षता सभा के प्रधान जीतराम गौतम करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर चलेगा विशेष अभियान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य पर जिला में 22 जनवरी से लेकर 8 मार्च तक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह बात उपायुक्त शनिवार को विशेष अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों की निरंतरता में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर कार्यालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोली। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को सुबह प्रभात फेरी के आयोजन एवं सुबह 11 बजे बचत भवन से हस्ताक्षर एवं शपथ ग्रहण समारोह के साथ अभियान का शुभारंभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए जिला में प्रतिदिन 8 मार्च तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। रेपसवाल ने प्रभावी जागरूकता गतिविधियों के लिए आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं सहित पंचायतीराज राज प्रतिनिधियों सहित स्वैच्छिक संगठनों की भी सक्रिय भूमिका को सुनिश्चित बनाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

### धवाला में बाइक-कार में टक्कर, एक घायल

**शिबम शर्मा, परागपुर।** गांव धवाला की गहरी उतराई मे अचानक तेज रफ्तार बाइक चालक व कार के आपसी जोरदार टक्कर की आपसी जोरदार टक्कर होने का मामला सामने आया है। बाइक चालक की पहचान साहिल (21) पुत्र रामदीन नंगल के रूप मे हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंची और बाइक को कब्जे में लिया है। उधर, बाइक चालक को तुरंत उपचार



हेतु सिविल अस्पताल देहरा ले जाया गया लेकिन उसकी नाजुक स्थित को देखते हुए टांडा रैफर किया है। जानकारी के अनुसार बाइक चालक गांव ढलियारा से अपने अन्य साथी को लेकर लगडू में शादी के लिए बतौर कैटरिंग का कार्य करने जा रहे थे। थाना प्रभारी संदीप पठानिया ने बताया कि प्राभिंक जांच में लगता है बाइक चालक नेगलत दिशा में जाकर कार को टक्कर मारी है फिर भी मामले की गहनता से छानबीन की जा रहे। (अनंत ज्ञान)

### कड़ैला गांव में वार्षिक छिंज मेला करवाया

**अजीत वर्मा, जयसिंहपुर।** ग्राम पंचायत गंदड़ के कड़ैला गांव में वार्षिक छिंज मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं मंत्री यादवेंद्र गोमा की अनुपस्थिति में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लेकर विजेता व उपविजेता पहलवानों को सम्मानित किया। इस अवसर पर गोमा ने मेला कमेटी को 21 हजार रुपए, महिला मंडल को विधायक निधि से 11 हजार रुपए देने सहित श्मशानघाट तक व ख्वाजा पीर मंदिर तक संपर्क मार्ग बनाने की घोषणा भी की। प्रतियोगिता में सुरेश पहलवान ने निखिल को पटकनी देकर माली अपने नाम की। इस अवसर पर मेला कमेटी के प्रधान कैप्टन प्रकाश चंद, बंदाहू के प्रधान यशपाल चौहान, गंदड़ के उपप्रधान शशि कांत, लख्खू राम, टीकू राम, सुआरु राम, होशियार सिंह आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### अपनी सुरक्षा के लिए पहनें हेलमेट: डॉ. इंद्र सिंह

**अनंत ज्ञान, राजा का तालाब।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजा का तालाब के रोड सेफ्टी क्लब ने आज स्थानीय बाजार में एक रैली निकाली जिसमें बच्चों ने स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संदेश दिया। वाहन धीमा चलाएं, अपना कीमती जीवन बचाएं और सुरक्षित वाहन चलाएं, सुरक्षित घर जाएं आदि नारों के माध्यम से बच्चों ने स्थानीय लोगों को जागरूक किया। इससे विद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के



द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के 50 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की पियांशी ने प्रथम स्थान हासिल किया तो आठवीं की रूहानी ठाकुर ने द्वितीय पुरस्कार झटका,जबकि आठवीं के ही कार्तिक चौधरी को तृतीय स्थान पर ही संतोष करना पड़ा। इस अवसर प्रधानाचार्य डॉक्टर इंद्र सिंह ने कहा कि हमें यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना जरूरी है।इस अवसर पर प्रवक्ता मंजू वाला , मान सिंह , ज्योति वाला , रेणु बाला आदि मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी में शाम चार बजे के बाद नहीं मिलती स्वास्थ्य सुविधा

## मरीजों को 25 किलोमीटर दूर जाकर करवाना पड़ता है इलाज

**ओपी शर्मा, भरमौर**




चूड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सरकार ने डॉक्टर के पदों पर ही कैंची चला दी है। हिमाचल के और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जहां 4 से 6 डॉक्टर के पद स्वीकृत हैं और वहां पर 24 घंटे मरीजों का इलाज चलता है। गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी होती है, लेकिन चूड़ी स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र में मात्र एक ही डॉक्टर का पद सृजित किया हुआ है। यहां पर ब्लॉक स्तर पर 60 पदों में से 50 पद खाली चले हुए हैं। स्टाफ के अभाव में यहां पर कैंप आयोजित करने के लिए उधारी के स्टाफ मांगने पड़ते हैं। स्टाफ व मूलभूत सुविधाओं के अभाव में यहां पर मरीजों की भर्ती नहीं हो पाती है, वहीं गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी भी यहां नहीं होती है। मरीजों की सहूलियतों के लिए रखी हुई एक्स-रे मशीन बिना टेक्नीशियन के यहां पर कंपनी ने अब कंडम घोषित कर दी है। विधानसभा क्षेत्र भरमौर में स्थित स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी में शाम 4 बजे के बाद मरीज का इलाज नहीं हो पाता है। यहां पर स्वास्थ्य की सूरत-ए-हाल बेहाल है। बरसों पुराने इस अस्पताल में आए दिन मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

बता दें कि चंबा से भरमौर के बीच मे सीएचसी चूड़ी ही एकमात्र ऐसा स्वास्थ्य संस्थान है, जो विधानसभा क्षेत्र भरमौर की 24 ग्राम पंचायतों के स्वास्थ्य के 70 हजार जनसंख्या को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करता है। मगर हैरानी की बात यहां यह है कि यहां सिर्फ सुबह 10 से लेकर शाम 4 बजे तक ही मरीजों की देखरेख होती है। (अनंत ज्ञान)

### लोगों के लिए बना परेशानी का सबब

**वर्ष** 1980 में यह सीएचसी लोगों के इलाज के लिए खोली गई थी, लेकिन यहां पर स्टाफ व मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए दिन लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। भरमौर से चंबा के बीच में स्थित यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किसी भी आपातकालीन स्थिति में लोगों के काम नहीं आ रहा है। अब तक कई नेता सत्ता में आए और चले गए, लेकिन इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के हालात को बदलने के लिए किसी ने भी कोई भी काम नहीं किया है। लोगों ने हजारों शिकायतें यहां पर चल रही कमियों को लेकर नेताओं व प्रशासन के पास की हैं, लेकिन अभी तक इनका समाधान नहीं हो पाया है। इस सामुदायिक स्वास्थ्य भवन के अंतर्गत आने वाले उपस्वास्थ्य केंद्र व दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों में भी स्टाफ व मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी चली हुई है। पिछले कई समय से यह स्वास्थ्य केंद्र डेपुटेशन के सहारे चलाया जा रहा है।

हर दिन 100 से अधिक मरीजों की यहां पर देख रेख होती है, लेकिन मरीज को दाखिल करने की यहां पर कोई भी व्यवस्था नहीं है। ब्लॉक चूड़ी में स्वीकृत 60 में से 50 पद पिछले कई समय से खाली चले हुए हैं, जिस कारण कई बार कैंप आयोजित करने के लिए स्टाफ को बाहर से मंगवाना पड़ता है तो वहीं पर भी जगह डेपुटेशन के आधार पर डॉक्टर को बुलाकर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। यहां के विधायक खुद डॉक्टर हैं, लेकिन डॉक्टर के विधानसभा में ही स्वास्थ्य का सूरत-ए-हाल बेहाल हो चुका है। स्टाफ के अभाव में यहां स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमरा रही हैं।

भाजपा सरकार ने भी इस स्वास्थ्य केंद्र को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने में कोई भी रुचि नहीं दिखाई है। 2017 से लेकर 22 तक तत्कालीन भाजपा सरकार के दौरान ही यहां पर डॉक्टर के पदों पर कैंची चलाई गई है। तत्कालीन भाजपा सरकार व विधायक ने भी इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को लेकर उदासीनता ही दिखाई है।

### क्या कहते हैं विधायक डॉक्टर जनक राज

मैंने सरकार को सीएचसी चूड़ी की स्टाफ की कमी और लोगों को हो रही असुविधा के बारे अवगत करवाया है। झूठ की नींव तक बनी यह सरकार आश्वासन देने के सिवाय कुछ नहीं कर रही है।

### क्या कहते हैं बीएमओ

बीएमओ डॉक्टर नवदीप राठौर का कहना है कि वह इस संबंध में सरकार और प्रशासन को अवगत करा चुके हैं। उन्होंने कहा है कि यहां साथ लगती सीएचसी साहो में दिन-रात मरीजों का इलाज चल रहा है व गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी भी करवाई जा रही है और यहां पर 4 से 6 डॉक्टरों की पोस्ट स्वीकृत हैं, लेकिन चूड़ी में मात्र एक ही डॉक्टर की पोस्ट स्वीकृत है जबकि यहां पर पॉपुलेशन बहुत ही ज्यादा है। यहां की बिल्डिंग भी क्षतिग्रस्त है, जो कभी भी हादसे का शिकार हो सकती है। यहां स्टाफ के 60 में से 50 पद खाली हैं। बड़ी मुश्किल से यहां पर काम चलाया जा रहा है।

# होली-उतराला सड़क की कोई नहीं ले रहा सुध



**अनंत ज्ञान, भरमौर**

मंगलवार को होली-उतराला सड़क संघर्ष समिति की वर्ष 2025 की पहली बैठक होली रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2025 में समिति द्वारा की जाने वाली गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष गगन ठाकुर ने बताया कि कुछ दिन पहले ही करीब 70 लाख रुपए की राशि होली-उतराला सड़क मार्ग के लिए स्वीकृत हुई है, जिसके लिए वह भरमौर के विधायक डॉक्टर जनकराज, लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि समिति का एक प्रतिनिधिमंडल इस सड़क के अगले भाग के निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेगा और जल्द इस सड़क मांग को पूरा करने की मांग उठाई जाएगी।

गौरतलब है भरमौर क्षेत्र में होली उतराला सड़क की मांग पिछले कई वर्षों से लोग लगातार प्रमुखता से उठा रहे हैं। इस सड़क निर्माण के लिए लोगों ने गांव-गांव जाकर लोगों की राय भी जानी है। सड़क निर्माण में हो रही लेट-लतीफी को लेकर यहां के लोगों ने कई बार प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन भी किए हैं। गौरतलब है इस सड़क निर्माण के दौरान चंबा-कांगड़ा की दूरी कई किलोमीटर कम हो जाएगी, जिसका सीधा लाभ यहां पर पर्यटन व्यवसाय व स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध हो जाएंगे।

हालांकि, कांगड़ा की ओर से इस सड़क का निर्माण कई किलोमीटर हो चुका है। इस सड़क का निर्माण को लेकर यहां के लोगों ने बाकायदा एक संघर्ष समिति बनाकर गांव-गांव जाकर इसके लिए जनमत भी जुटाया है। बता दें कि क्षेत्र के यहां के अधिकतर लोग सर्दियों के दिनों में माइग्रेट होकर कांगड़ा चले जाते हैं। लिहाजा इस सड़क के निर्माण हो जाने के बाद जहां एक और चंबा-कांगड़ा की दूरी कम हो जाएगी तो वहीं पर यहां पर पर्यटन व्यवसाय को भी नए पंख लगेंगे। इस सड़क निर्माण के दौरान बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

## घराणा स्कूल में एड्स व एचआईवी पर निकाली जागरूकता रैली

**राकेश डोगरा, डरोह।** मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घराणा के एनएसएस स्वयंसेवियों ने एक रैली के माध्यम से जनता को एड्स और एचआईवी से बचाव के प्रति जागरूक किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य मनोज जरियाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस मौके




पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विकास भारद्वाज, महिला कार्यक्रम अधिकारी रंजना कुमारी, प्रवक्ता मोहिंदर राणा, संयोजिका तथा विद्यालय के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# मासिक धर्म स्वच्छता पर छात्राएं की जागरूक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



बच्चों को जागरूक करते हुए वक्ता।

बाल विकास परियोजना अधिकारी चौंतड़ा के माध्यम से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, गोलवां में मासिक धर्म स्वच्छता के तहत चलाई जा रही वो दिन योजना तथा सशक्त महिला योजना के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य अजय राठौर ने की।

बाल विकास परियोजना अधिकारी चौंतड़ा बीआर वर्मा ने बताया कि मासिक धर्म स्वच्छता दिवस तथा सशक्त महिला योजना के अंतर्गत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोलवां में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

बीआर वर्मा ने बच्चों को बताया कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत चौंतड़ा ब्लॉक में कुल 46 अनाथ बच्चों की पहचान की गई है जिसमें 18 वर्ष तक आयु वर्ग के 17 तथा 18 से 27 वर्ष आयु वर्ग के 29 बच्चे शामिल हैं। शिविर में सहायक लोक संपर्क अधिकारी राजेश जसवाल ने प्रदेश सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ हिम समाचार एप्प की भी जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि हिम समाचार एप्प के माध्यम से प्रदेश सरकार की प्रतिदिन की विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हासिल की जा सकती है। आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका संतोष कुमारी ने स्कूली विद्यार्थियों को पोषणयुक्त आहार के लाभ बताए। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य अजय राठौर के अतिरिक्त स्कूल स्टाफ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्य कर्मचारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# शहरी क्षेत्रों में पानी के बिलों में भारी वृद्धि, जनता में रोष

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

शहरी क्षेत्रों में पानी के बिलों में भारी बढ़ोतरी ने आम जनता की कमर तोड़ कर रख दी है। प्रदेश सरकार ने शहरी उपभोक्ताओं के पानी के बिल तीन गुना बढ़ा दिए हैं, जिससे पहले 710 रुपए का बिल अब 1710 रुपए तक पहुंच गया है। इस फैसले के खिलाफ शहरी जनता में गहरा आक्रोश है।

महंगाई के इस दौर में जहां शहरों में रहना पहले ही मुश्किल हो रहा है, वहीं अब पानी के बिलों में वृद्धि ने आम नागरिकों का बजट बिगाड़ दिया है। जनता का कहना है कि हिमाचल प्रदेश जैसे पानी से भरपूर राज्य में ऐसा फैसला न केवल तर्कहीन है, बल्कि शहरी जनता पर अनावश्यक बोझ डाल रहा है। पिछले महीने भी जब पानी के बिलों में वृद्धि की गई थी, तो जनता ने विरोध प्रदर्शन किया था, जिसके बाद विभाग ने बढ़े हुए बिल वापस ले लिए थे, लेकिन अब वही बढ़े हुए बिल फिर से उपभोक्ताओं को भेज दिए गए हैं, जो कि निंदनीय है। इस मुद्दे को लेकर बुधवार को सुबह 11 बजे शहरी क्षेत्र की जनता उपमंडलाधिकारी नागरिक कार्यालय और जलशक्ति विभाग के कार्यालय का घेराव करेगी। जनता ने सरकार से अपील की है कि इस निर्णय को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए, ताकि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को राहत मिल सके।(अनंत ज्ञान)

# रियासत काल में बना भवन हुआ खंडहर

**भीम बसेड़ू, महादेव**



खंडहर बना भवन।

सुंदरनगर शहरी क्षेत्र के चतरोखड़ी चौक के निकट भवन जहां पीडब्ल्यूडी की यांत्रिक कार्यशाला हुआ करती थी, अब खस्ता हालत में प्रदूषित पड़ी है क्योंकि कार्यशाला अंयत्र बदल दिए जाने के बाद अब यह खंडहर बना पड़ा भवन राम भरोसे है।

बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि उक्त भवन जहां रियासत काल में राजकाज संबंधी कारोबार था और बाद में यहां एक बड़ी लाइब्रेरी हुआ करती थी। समय बदलता गया और नए जमाने में सरकारी कामकाज अपने तरीके से आगे बढ़ा तो जरूर मगर एक बड़े

**किसी ने नहीं समझी सरकारी संपत्ति की कीमत**

क्षेत्र में सरकारी संपत्ति की कीमत नहीं समझी जा रही है, जो उपेक्षित हालत में खूब नुकसान झेल रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि भवन का एक बड़ा भाग घेरे मजदूर आदि भी शैड बनाकर यहां लंबे समय से रह रहे हैं और यह स्थल कहीं न कहीं गंदा होना स्वाभाविक है, जबकि सुंदरनगर को नाम के अनुरूप साफ एवं सुंदर बनाने की अभी और अधिक जरूरत है। लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से सानुरोध प्रार्थना की है कि शीघ्र ही उक्त भवन को सुधाकर जहां सरकारी क्षेत्र में इसका सही इस्तेमाल हो, वहीं मजदूरों आदि को कहीं दूसरी जगह भेजकर इस ऐतिहासिक स्थली को स्वच्छता प्रदान की जाए।(अनंत ज्ञान)

## सूडोकु 0051 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0050 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# रिवालसर टीम ने जीता जय माता मुरारी क्रिकेट टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**



विजेता टीम को ट्रॉफी व नगद पुरस्कार से सम्मानित करते मुख्यातिथि जगदीश ठाकुर।

बल्ह विधानसभा के दसेहड़ा स्कूल मैदान में जय माता मुरारी क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन दिवस पर हिमाचल प्रदेश स्टोन क्रशर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष समाजसेवी जगदीश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आयोजक समिति व स्थानीय जनता द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा शाल टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। दस दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 28 टीमों ने भाग लिया, जिसमें फाइनल मुकाबले में रिवालसर की टीम विजेता रही तथा दसेहड़ा किंग्स की टीम द्वितीय स्थान पर रही। रिवालसर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 168 रन बनाए। दसेहड़ा की टीम 68 रन ही बना सकी।

महिला मंडल मां मुरारी माता महिला मंडल दसेहड़ा व शिव शक्ति महिला मंडल धनेहडा को इक्यावन सौ रुपए सहयोग राशि दी। इस अवसर पर राकेश को पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ द मैच तथा सीरीज, बेस्ट कमेंट्री सेवानिवृत हवलदार सुनील कुमार से पुरस्कृत किया गया।

# इग्नू अध्ययन केंद्र मंडी में ऑनलाइन इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र मंडी द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों के शिक्षार्थियों के लिए एक दिवसीय ऑनलाइन इंडक्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. राजकुमार ठाकुर ने की।

डॉ. राजकुमार ठाकुर ने बताया कि इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में पंजीकृत विद्यार्थियों को पंजीकरण प्रक्रिया, असाइनमेंट तैयार करने की विधि, शोध लेखन, परीक्षा प्रक्रिया, पुन: पंजीकरण, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, प्रैक्टिकल परीक्षा और छात्रवृत्ति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं।

कार्यक्रम में सहायक समन्वयक एवं सहायक प्रोफेसर महेंद्र सिंह ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से जुड़ी विभिन्न छात्रवृत्तियों की जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की। उन्होंने शिक्षार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों का उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान भी किया।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

22 जनवरी, 2025, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत पौष, **तिथि** अष्टमी (03:21): **नक्षत्र** स्वाति (02:35), **पक्ष :** कृष्ण, योग : शूल (03:48) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:32 - 01:52)।

### विशेष दिन

- 22 जनवरी 2025 : राष्ट्रीय जीवन दिवस आज।
- 23 जनवरी : नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जी की जयंती कल।

**मेष:**व्यावसायिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है। नौकरीपेशा जातक पदोन्नति प्राप्त कर सकते हैं। एक नए कार्य का आरंभ हो सकता है।

**वृषभ:** गलतफहमी और लगातार असहमति परिवार के माहौल को निराशाजनक बना सकती है। यह चिंताओं का एक स्रोत हो सकती है ।

**मिथुन:** छात्रों के लिए यह एक अच्छा दिन है। छात्र प्रतियोगिताओं में अच्छा करेंगे और अपनी इच्छाओं के अनुरूप संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

**कर्क:** अधिकांश के लिए मिश्रित प्रभावदायक है। शिक्षाविदों, बैंकिंग, तकनीकी गतिविधियों से जुड़े पेशेवर संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

**सिंह:** आज व्यावसायिक मोर्चे पर कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। वरिष्ठों को खुश करना मुश्किल हो सकता है।

**कन्या :** यह अवधि मिश्रित प्रभाव प्रदान करती है। नए अवसर होंगे। व्यावसायिक एवं आर्थिक लाभ संभव है। किन्तु पारिवारिक जीवन में गड़बड़ी रहेगी।

**तुला:** आपके सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और अच्छी प्रगति होगी।

**वृश्चिक:** व्यावसायिक संदर्भ में अपने आप को साबित करने के लिए आज आपको कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता हो सकती है।

**धनु :** सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और आपको अच्छी प्रगति प्राप्त होगी।

**मकर:** व्यावसायिक संदर्भ में आशावादी दृष्टिकोण के साथ कार्यस्थल पर आप बहुत ऊर्जावान रहेंगे। आप अपने व्यवहार में अत्यधिक सफल होंगे।

**कुंभ :** कुछ लोगों को आपके व्यवसाय-साथी या करीबी सहयोगी से समस्या हो सकती है। यात्राएं वांछित परिणाम नहीं दे सकती हैं।

**मीन :** व्यावसायिक संदर्भ में व्यापार संबंधों और सौदों में उद्यम करने के लिए एक अनुकूल अवधि है। सकारात्मक परिणाम देंगे।

## शिवरात्रि महोत्सव के लिए निविदा सूचना जारी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मंडी डॉ. मदन कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में स्थापित किए जाने वाले होम, एलमूनियम हैंगर, हिंडोला, झूला, रेहड़ी फहड़ी, तम्बोला तथा विभागीय प्रदर्शनियों के लिए निविदा सूचना जारी कर दी है।

हिंडोला/झूला की स्थापना के लिए 31 जनवरी, दोपहर 2.30 बजे तक, रेहड़ी इत्यादि की स्थापना के लिए 29 जनवरी तक, तम्बोला स्थापित करने के लिए 31 जनवरी सुबह 11.30 बजे तक तथा विभागीय प्रदर्शनियों के लिए एल्यूमीनियम हैंगर के लिए 29 जनवरी सुबह 11.30 बजे तक पंजीकृत जमा की जा सकती है।

**समस्या** पंचायत के सामुदायिक भवन में चल रहा है कार्यालय

# खंड विकास अधिकारी का नहीं अपना भवन

**आदर्श यादव, नेरचौक**

खंड विकास अधिकारी विकास खंड धनोटू का अपना भवन नहीं है और ये कार्यालय पिछले 5 वर्षों से महादेव पंचायत के सामुदायिक भवन में अस्थाई तौर पर चल रहा है। इस कार्यालय के अधीन बग्गी से लेकर जय देवी तक नाचन विधानसभा क्षेत्र की 32 पंचायतें आती है। करीब 5 वर्ष पहले पूर्व की भाजपा सरकार के समय सेगली के नाम से लोअर नाचन में खंड विकास अधिकारी कार्यालय खोलने की अधिसूचना जारी हुई थी। आनंन फानन में महादेव पंचायत में खाली पड़े सामुदायिक भवन में इस कार्यालय का संचालन शुरू किया गया। तब से लेकर अब तक यह कार्यालय इस भवन में चल रहा है। अपना भवन न होने से कार्यालय में कार्य के लिए आने वाले पंचायत प्रतिनिधियों तथा आम जनता को कई प्रकार की दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग चंडीगढ़ मनाली पर धनोटू में सरकारी भूमि खाली पड़ी हुई है।

जिस पर खंड विकास अधिकारी कार्यालय भवन का निर्माण किया जा सकता है मगर यह भूमि कुछ समय पहले लोक निर्माण विभाग के नाम पर स्थानांतरित कर दी गई है।

नाचन विधानसभा क्षेत्र के लोअर नाचन तथा परिसीमन के कारण बल्ह से नाचन में शामिल हुई पंचायत को शामिल कर इस खंड विकास अधिकारी कार्यालय की स्थापना की गई है। (अनंत ज्ञान)

> खंड विकास अधिकारी कार्यालय के भवन निर्माण के लिए भूमि तलाशने की प्रक्रिया जारी है।
> **- लाल सिंह कौशल, निदेशक, हिमाचल कोऑपरेटिव बैंक।**

> धनोटू में खंड विकास अधिकारी कार्यालय का अपना भवन बने इसके लिए हम प्रयासरत हैं। पंचायत के पास अपनी भूमि है जिसके ऊपर भवन का निर्माण किया जा सकता है। पंचायत ने इस भूमि की निशानदेही के लिए आवेदन किया है मगर लंबे अरसे से निशान देही नहीं हो पा रही है जिससे यह मामला अधर में लटका हुआ है।
> **- नीलकमल, प्रधान, ग्राम पंचायत महादेव।**

**हम** वही हैं जो हम बार-बार करते हैं। इसलिए, श्रेष्ठता कोई कार्य नहीं, बल्कि एक आदत है। -अरस्तु

## संपादकीय

# नई पंचायतों का गठन

हिमाचल प्रदेश में नई पंचायतों के गठन की कवायद लंबे अर्से बाद आखिर शुरू हो गई है। इससे हिमाचल में पंचायतों का स्वरूप बदल जाएगा। प्रदेश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस की सुक्खू सरकार नई पंचायतों के गठन को लेकर गंभीर प्रतीत हो रही है और सरकार ने इस दिशा में उचित कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सरकार ने बकायदा आगामी जून माह तक नई पंचायतों के गठन का लक्ष्य भी तय कर लिया है। यानी सरकार के पास अब मात्र पांच महीने का ही समय बचा है। सरकार को इन पांच महीनों में ही सब कुछ करना है। हालांकि, यह काम इतना आसान नहीं है, लेकिन सरकार जिस शिद्दत से लगी है उसे देखकर लगता है कि वह समय से पहले ही अपना लक्ष्य पूरा कर लेगी। दरअसल, सरकार इसलिए भी जल्दी में है कि इसी वर्ष के अंत में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव भी होने हैं।

ऐसे में चुनाव आयोग का काम भी बढ़ गया है, क्योंकि उसे वोटर लिस्ट अपडेट करके बनानी होगी। दूसरा-नई पंचायतों के गठन के लिए पुनर्सीमांकन यानी डि-लिमिटेशन की प्रक्रिया को भी पूरा करना होगा। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित करना और ग्रामीण विकास को और अधिक प्रभावी बनाना है। नई पंचायतों के गठन से कौन इलाका कहां से कट होगा और किस पंचायत के साथ जुड़ेगा, यह भी एक बहुत ही पेचीदा कार्य है। डि-लिमिटेशन की प्रक्रिया में कई आपत्तियां भी होंगी, जिनका निपटारा भी सरकार को करना होगा। प्रदेश में कई जगह लोग काफी समय से नई पंचायतों के गठन की मांग उठा रहे हैं। यह मांग शायद इसलिए भी उठ रही है क्योंकि कई पंचायतों का दायरा बहुत बड़ा होता है और ऐसे में विकास कार्यों को पूरा करना मुश्किल हो जाता है। कई इलाके ऐसे रह जाते हैं जहां तक विकास की लौ ही नहीं पहुंच पाती है।

इस वजह से लोग असंतुष्ट रहते हैं। जाहिर है हर व्यक्ति अपनी सुविधा देखता है और अपने इलाके का विकास चाहता है। लोगों को अपने काम करवाने में बहुत सारी दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। पूरे हिमाचल से अब तक पंचायतीराज विभाग को नई पंचायतों के गठन को लेकर करीब पौने 700 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। नियमों के अनुसार, करीब 1000 की आबादी से लेकर 5000 की आबादी तक नई पंचायतें बनाई जा सकती हैं। पंचायत की आबादी और वोटरों की तादाद को देखकर ही नई पंचायतों के गठन का मार्ग प्रशस्त होगा। इस प्रक्रिया में एक रोचक पहलू यह भी होगा कि प्रदेश में नए नगर निगम और नगर परिषद बनने के बाद पंचायतों की सीमाएं भी काफी बदल गई हैं। ऐसे में डि-लिमिटेशन की प्रक्रिया और भी जटिल हो जाएगी और सरकार को काफी माथा-पच्ची करनी पड़ेगी। हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में 3612 पंचायतें हैं।

पूर्व भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में 412 नई पंचायतों का गठन किया था। अब देखना होगा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार कितनी और नई पंचायतें बनती है। राज्य चुनाव आयोग ने 30 जून 2025 तक जिला परिषद, वार्ड, पंचायत समिति सहित पंचायत की डि-लिमिटेशन की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं ताकि वोटर लिस्ट का कार्य समय से पूरा किया जा सके। पंचायतों के साथ-साथ सरकार जिलों, गांवों, कस्बों, वार्डों, उपतहसीलों एवं तहसीलों की प्रशासनिक सीमाओं में भी परिवर्तन कर सकती है। सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। अब देखना है कि वह इस काम को कितना जल्दी अंजाम दिया जाता है। हिमाचल में नई पंचायतों के गठन से कई व्यवस्था परिवर्तन हो सकते हैं। सबसे पहले, यह ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगा, क्योंकि पंचायतें स्थानीय समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगी।

इसके अलावा, नई पंचायतों के गठन से महिलाओं और अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए आरक्षण का प्रावधान होगा, जिससे उन्हें अधिक प्रतिनिधित्व मिलेगा। हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज व्यवस्था त्रिस्तरीय है, जिसमें ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद शामिल हैं। नई पंचायत के गठन से इन संस्थाओं के बीच समंवय और सहयोग बढ़ेगा। यही नहीं, स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी आएगी और स्थानीय समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलेगी। नई पंचायतों के गठन से निश्चित रूप से विकास कार्यों में तेजी आएगी और जनता का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ेगा और जुड़ाव भी होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि नई पंचायत के गठन से प्रदेश के विकास को नए आयाम मिलेंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय अभिनेत्री और मॉडल

**नम्रता** शिरोडकर एक भारतीय अभिनेत्री और मॉडल हैं। मराठी भाषी परिवार में जन्मी नम्रता शिरोडकर कुंभ राशि की हैं। उनकी बहन अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर हैं। वह प्रसिद्ध मराठी अभिनेत्री मीनाक्षी शिरोडकर की पोती हैं, मॉडलिंग करियर नम्रता ने एक मॉडल के रूप में काम किया, और 1993 में मिस इंडिया का ताज पहनाया गया। वह मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने गईं और छठे स्थान पर रहीं। 1993 की मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में माइकल डोर्न द्वारा पूछे गए एक सवाल का उनके जवाब के लिए उन्हें वीएच1 के द ग्रेटेस्ट-40 डंबेस्ट सेलेब्रिटी कोट्स एवर में दिखाया गया था। 'मैं हमेशा के लिए जीना नहीं चाहूंगी क्योंकि मुझे विश्वास नहीं है कि कोई हमेशा के लिए जी सकता है और इसलिए, मुझे नहीं लगता कि मैं हमेशा के लिए जीना चाहूंगी!' उसी वर्ष, उन्होंने मिस एशिया पैसिफिक प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया और प्रथम रनरअप चुनी गईं। इसके बाद वह हिट फिल्म वास्तव में नजर आईं। उनके अभिनय की सराहना की गई और वह बॉलीवुड में एक जाना माना नाम बन गईं। निजी जीवन 2000 में वामसी की शूटिंग के बाद उन्होंने बॉलीवुड अभिनेता महेश बाबू को डेट करना शुरू किया। 10 फरवरी 2005 को उनकी शादी हुई। शिरोडकर अब अपने पति के साथ हैदराबाद में रहती हैं। उनका पहला बच्चा गौतम कृष्ण गट्टामनेनी नाम का लड़का 31 अगस्त 2006 को पैदा हुआ। ■



नम्रता शिरोडकर
जन्म : 22 जनवरी 1972

## कविता

### नेता ऐसा चाहिए



शिव सन्याल

*नेता ऐसा चाहिए, रखता हो सम भाव।*
*जन गण के कल्याण का, मन भीतर हो चाव।*
*नेता ऐसा चाहिए, हों मर्यादित बोल।*
*सत्य वचन मन से कहें, शब्द शब्द को तोल।*
*नेता ऐसा चाहिए, रखता सुथरी नीत।*
*अपनी स्तुति छोड़ के, करें जन जन से प्रीत।*
*नेता ऐसा चाहिए, बने न जुमलेबाज।*
*सदा देश हित के लिए, करें सर्व हित काज।*
*नेता ऐसा चाहिए, निपुण नीति विद्वान।*
*सदाचार गुण ज्ञान से, करें देश उत्थान।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# विलुप्त हो गया बाण बाटने का हुनर


एक समय था जब बिहुल पेड़ के रेशे से बने बाण की रस्से रस्सियां लोकमानस का अभिन्न अंग था। इससे अनेक घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति होती थी। घर के बुजुर्गों को जब समय मिलता बाण बाटते थे।

उस समय घर में बाण से बुनी चारपाइयां होती थी। घास लाने के छिक्के, बिल्ली से दूध-दहीं के बचाव के लिए छत से टांगे जाने वाले छिक्के, बैलों के मुंह में लगाए जाने वाले छिक्कू, जंगली जानवरों व पशु-पक्षियों को डराने पत्थर मारने की छोटी सी छिक्की बैलों को जोतने वाली रस्सियां, नुकेल से डालने वाली रस्सियां, हल, सुहागा और चोहणा जोड़ने वाले रस्से, विभिन्न आयोजनों में बटलोई को उठाने वाले रस्से तथा सावन महीने में झूले (पिंगा) में डालने वाले रस्से आदि को बुजुर्ग ही बनाते थे। कई बुजुर्ग तो बाण बाटने के इतने पारंगत होते थे तथा बिलकुल बारीक रस्सियां बाटते थे। उनकी देखा-देखी में कई अधेड़ पुरुष भी बाण बाटते थे। रसियों को विशेष डिजाइन में लपेट कर 'बणुली' बनाई जाती थी। उनका बजन कम से कम पांच (दो किलोग्राम) तक होता था। कई बुजुर्ग इतना अधिक बाण बाटते थे कि घरेलू जरूरतें पूरी होने के बाद बेच भी देते थे।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

मशीनों से बनी प्लास्टिक की रस्सियां तथा रस्सों से अब बाण बाटने का धंधा विलुप्त हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन का काम कम होने व बिहुल की छटियों से 'सेल' न बनाए जाने तथा बुजुर्गों द्वारा बाण बाटने में दिलचस्पी न लिए जाने से अब यह काम न के बराबर हो गया है दूर-दराज के क्षेत्र में पुराने समय का बाण देखने को मिलता है। सेल बनाने की प्रक्रिया में महीनों लगते थे। सर्दियों के दिनों में बिहुल के पेड़ हरे-भरे रहते हैं। इसके पत्तों को पशुचारे के रूप में प्रयोग किया जाता है। एक-एक छटी से उसके पत्ते अलग किए जाते थे। उसकी छटियों की बांध कर रखा जाता था। गर्मियों के दिनों में उन छटियों के भारे



खड्ड या नाले के पानी में डुबोए जाते थे। करीब एक महीने के बाद उन छटियों को पत्थरों पर पटक-पटक सफेद रेशा (सेल) और छटियों को अलग-अलग किया जाता था। सेल को कई बार साफ किया जाता था। इसके बीच से जो सफेद रंग की छटियां निकलती थी। उसे 'पल्याठू' कहा जाता था। उस समय लालटेन व टार्च के न होने पर रात को 'पल्याठू' का मुठड़ा जलाकर मील-दो मील सफर किया जा सकता था।

रसोई में आग जलाने के लिए भी उसका प्रयोग किया जाता था। सेल की पहले छोटी-छोटी गठियां (पुलियां) बनाई जाती थी। बीस पच्चीस पुलियों की एक गड्डी होती थी। प्रत्येक परिवार के घर में पांच-सात या इससे अधिक गड्डियां सेल हुआ करता था। पहले पूरे परिवार के सभी सदस्यों के लिए बाण से ही बुनी हुई चारपाइयां होती थी। बाण बाटने तथा उसकी बुनाई करना जबरदस्त कारगिरी होती थी। बुजुर्ग इस काम में पारंगत होते थे।

चारपाई के करीब पचासी प्रतिशत हिस्से में ही बुनाई होती थी। शेष पंद्रह प्रतिशत भाग में मोटी रस्सी लगाई जाती थी। उससे ढीला पड़े बुनाई वाले भाग को कसा जाता या ढीला किया जाता। उसे 'दौण' कहा जाता था। बाण की चारपाई पर सोने का अलग ही आनंद होता था। इससे 'सर्वाइकल' जैसी बीमारियों से भी निजात मिलती थी। बैठने के और सोने पर ऐसा महसूस होता था कि चारपाई में स्प्रिंग लगे हो। उस समय घर में ही पशुओं को बांधने के रस्से और कृषि संबंधी कार्यों के लिए रस्सियों से लेकर मोटे रस्सों तक को घर में ही बनाया जाता था। पतली रस्सियों से बैलों के लिए 'छिक्कू' भी बनाए जाते थे। जब बैलों से जोताई की जाती थी। उस समय बैलों के मुंह में छिक्कू लगाए जाते थे। ताकि वे इधर-उधर मुंह न मारे। चारपाई की बारीक रस्सियों से बुनाई की जाती थी। रस्सियों को रंग देकर बैलों को नुकेलें, मनकों की माला के लिए पतली रस्सियां बनाई जाती थी। बैलों को इधर-उधर ले जाने के लिए मोटी रस्सियां भी उपयोग में लाई जाती थी। इससे मोटे रस्से 'बटंयारी' की मदद से बनाए जाते थे। बटंयारी पतली गोल लकड़ी की एक फुट से कम लंबाई की डंडी होती थी।

एक व्यक्ति बटंयारी घुमाता हुआ बाट देता जबकि दूसरा व्यक्ति सेल के रेशे लगता था। ऐसा ध्यान रखा जाता था कि रस्से की मोटाई बराबर हो। पशुओं के लिए करीब बीस फुट लंबाई तक बटाई होती थी। फिर उसे दोहरा करके फलेसे से बाटते था। बैलों को जुंगड़े से जोतने के लिए उपयोग में लाई जाने वाली रस्सियों का 'जोतर' कहा जाता था। पतली रसियां कुप्पू से ही बनाई जाती थी। हरी घास ढोने के लिए रस्सियों के बड़े-बड़े छिक्के बनाए जाते थे। इसका प्रयोग अधिकतर उस समय होता था, जब घास उगना शुरू होता था। उस समय घास के छोटे-छोटे तिनके होते। उनकी गठियां नहीं बांधी जा सकती थी। पहले घास को काटकर 'बऊगल' में डालते। बाऊगल बोरी का लंबे टुकड़े की होती थी। उसे 'पाली' कहा जाता था। उसके चारों ओर एक-एक फुट की रस्सियां लगाई जाती। दो रस्सियां सिर से लटकते थे तथा दो रस्सियां कमर से बांधते थे।

ब्याह-शादियों में भोजन बनाने के लिए प्रयोग होने वाली बड़ी बटलोहियों को उठाने के लिए रस्से का प्रयोग किया जाता। सौण महीने पीपल या बटवृक्ष की मोटी टहनियों में पड़ने वाली पींगा के मोटे रस्से भी सेल से बाटकर बनाए जाते थे। जुंगड़े को हल से जोड़ने के लिए मोटी रस्सी होती है जबकि सुहागे को जुंगड़े से जोड़ने के लिए बड़े व मोटे रस्से की जरूरत होती थी। इस तरह गाय, भैंस व अन्य पशुओं को बांधने के लिए मोटे रस्से बनाए जाते थे। रस्से व रस्सियां बिहुल पेड़ की टहनियों के छिलके से बने सेल से बनाए जाते थे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# भगवान राम से बड़ा नहीं है महाकुंभ

टीवी पर खासकर आजतक में ब्लैक एंड वाइट में महाकुंभ 25 में खूब प्रचार किया जा रहा है, लेकिन आने जाने में फ्लाइट का किराया को देखिए होटल का रेट देखिए ईश्वर आपके अंदर है वो महाकुंभ में मिले या न मिले, लेकिन आपके अंदर जरूर मिलेगा इसके बाद 144 साल बाद आएगा यह देखकर लोगों में जाने का मन मचल रहा है, लेकिन अगर आपके पॉकेट खाली कर देगी, तो आपको जरूरत पर पैसा कोई नहीं देगा हमने गुरु गोबिंद सिंह जी का 300वां प्रकाश पर्व देखा 350वां प्रकाश वर्ष नहीं देख पायूंगा महाकुंभ में क्या मिलेगा या नहीं यह नहीं बता सकता, लेकिन आपके पॉकेट को खाली करवा देगा महपुरुष की बात पर ध्यान दीजियेगा संत कबीर दास जी कहते हैं कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूंढे बन मांहि प्रतिशत यह पंक्ति कबीर दास के दोहे से ली गई है। इस दोहे में कबीर दास ने हिरण और ईश्वर के बीच तुलना की है। कबीर दास कहना चाहते हैं कि जिस तरह हिरण कस्तूरी की खोज में भटकता है, उसी तरह मनुष्य भी ईश्वर की खोज में भटकता है। कस्तूरी मृग की नाभि में कस्तूरी रहती है, लेकिन उसे यह नहीं पता होता कि कस्तूरी उसकी नाभि में है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

उसी तरह मनुष्य भी अज्ञानता के कारण ईश्वर की खोज में इधर-उधर भटकता है। ईश्वर कण-कण में मौजूद हैं, लेकिन दुनिया में लोगों को दिखाई नहीं देते। मनुष्य को ईश्वर को अपने भीतर खोजना चाहिए, न कि बाहर की दुनिया में नहीं मिलेगा आप अपने अंदर की बुराई को प्रभु राम के चरणों में धो डालिए आप के अंदर ही प्रभु दिख जाएंगे। देश के असली हीरो तो हमारे जवान है, अगर इस भारत देश में सच्चा हीरो कोई है तो मेरे दृष्टि से वे हैं भारत के वीर सैनिक। आज हम भारत वासी चैन की नींद सोते हैं तो ये केवल अपनी सैनिकों के वजह से ही हैं। ये वीर सैनिक अपने देश की रक्षा



के लिए अपना खून बहा देते हैं। अपने घर- परिवार और बाल बच्चों से दूर रहकर भारत देश की रक्षा करते हैं। प्रत्येक वर्ष में न जाने कितने ही वीर सैनिक शहीद हो जाते हैं दुश्मनों से इस देश को बचाने के लिए। आंखों से आंसू भर आती हैं जब एक मां अपने लाडले बेटे को खो देती हैं और एक पत्नी अपने जीवन साथी को हमेशा के लिए खो देती हैं और नन्हा सा बच्चा अपने पिता के प्यार एवं दुलार को खो देता हैं।

न जाने उन सभी मांओं के भीतर क्या गुजरती होगी हम इसका अंदाजा भी नहीं लगा सकते हैं।

ये वीर सैनिक के बिना इस देश का कोई अस्तित्व ही नहीं हैं। ये देश के वीर जवानों के लिए भारत देश का प्रत्येक नागरिक उनका बच्चा होता हैं। ये हर नागरिक के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। भारतीय सेना होना बहुत गर्व की बात है क्योंकि आज संपूर्ण विश्व में यदि किसी देश के सैनिकों को अच्छे से समझा जाता हैं तो वे भारत के सैनिक को। संयुक्त राष्ट्र संघ ने कोरिया, वियतनाम, आदि कई स्थानों पर शांति स्थापना और सुरक्षा के लिए भारतीय सेना को कई अवसरों पर देश की आन की खातिर संघर्ष करना पड़ा। इस प्रकार अपने घर परिवार से दूर रहकर अपने देश की सुरक्षा और गौरव के लिए अपना जीवन डट कर जी रहे हैं। यदि कभी युद्ध का समय आएगा तो अगर महा कुंभ में आने वाले इतने ही श्रद्धालु अगर सीमा पर चले गए, तो दुश्मन डर से ही भाग जाएगा।

अत: आप एक दूसरों को मदद करते रहिए और हमेशा प्रभु राम का ध्यान करते रहिए तो आपको अपने अंदर ही महाकुंभ मिल जाएगा और आप भाग दौड़ भरी जिंदगी से शांति की ओर अग्रसर होंगे महाकुंभ में जाने से पाप धुलेगा या नहीं यह मैं नहीं जानता लेकिन, प्रभु राम की भक्ति में लीन होंगे तो अवश्य ही आपको सद्बुद्धि प्रदान करेंगे और आप धर्म के कार्य में लीन होंगे।

प्रभु राम आपको याद अच्छा या बुरा का याद करा देंगे और आप निश्चित रूप गलत काम कर ही नहीं सकते, क्योंकि प्रभु राम आपको रक्षा कवच प्रदान करेंगे और उनकी मर्यादा की सीमा का कभी उलंघन नहीं करेंगे कहा गया है राम का नाम लेकर जो मर जाएंगे वो अमर नाम दुनिया से कर जाएंगे कबीर दास जी कहते हैं कबीरदास जी ने राम के बारे में बहुत सी बातें कही हैं। कबीर के अनुसार राम वह हैं जो सबमें विद्यमान हैं, जो हमेशा सत्य बोलते हैं और जो न तो जन्म लेते हैं और न ही मरते हैं। अत: प्रभु राम से बढ़कर न तो महाकुंभ है न ही कोई तीर्थ स्थान जहां जाएंगे आप प्रभु राम को ही पाएंगे। कितना बाद में क्या आएगा यह तो प्रभु राम ही जानते हैं मरने के बाद सिर्फ राम नाम ही सत्य होता है जो अमर है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हमारे** यहां पर्वतीय क्षेत्रों में कठोर जीवन यापन करने वाले लोग जो खासकर कृषि एवं बागवानी को अपनाकर अपनी रोजी रोटी का ऐसे बमुश्किल हालातों में जुगाड़ करते हैं जब आवारा पशु समस्या सहित अब जंगली जानवरों से अपनी फसल बचाने के लिए हो रहे चौतरफा हमले का मुकाबला करने के लिए जान जोखिम में डालने को मजबूर हैं जबकि पहले मतलब यह कि करीब 40 वर्ष से भी पहले विभिन्न तरह के पशु-जानवर आदि आज की तरह दिखाई नहीं देते थे। एक हो तो बताएं यहां तो कई जी के जंजाल हैं। प्राकृतिकतौर पर ही देख लीजिए मौसम चक्र के बदलने से सूखे की मार यानी व्यापक वर्षा न होने से बहुत बुरे तरीके से किसानी प्रभावित हुई है और ऐसी बेरुखी ने इतिहास भी रच दिया है। जैसे-कैसे थोड़ा बहुत किसान अपने जीने का ढंग करने लगता उसके पीछे आवारा पशु और जंगली जानवर पड़ जाते हैं। अत: सरकार को चाहिए कि किसानों आदि को शीघ्र ही लाइसेंस प्रावधान के साथ बंदूकें मुहैया करवाए।

**भीम बसेड़ू राजपूत, मंडी**

# जिंदगी की किताब में धैर्य का कवर होना जरूरी, वरना पन्ने बिखर जाएंगे

हम नई पीढ़ी को दोषी ठहरा रहे हैं कि उन्हें मोबाइल की बुरी तरह लत लग गई है। अपना अधिकतर समय सोशल मीडिया पर गूजार रहे हैं और उनमें सहनशीलता, धैर्य इत्यादि बिलकुल भी नहीं है, बगैरा, बगैरा ! जबकि सच्चाई तो यह है कि वक्त के साथ-साथ ये सारी कमियां हमारे खुद के अंदर भी आ गई है। हालांकि हमने तो वो दौर भी देखा है, जब हमारे पास संसाधनों की कमी होती थी। लोग पांच-दिवसीय क्रिकेट मैच की कमेंट्री रेडियो पर सुनते थे, वो भी बड़े उत्साह और धैर्य के साथ। फिल्म देखने के लिए सारे गांव के लोग पैसे इकट्ठे करके वीसीआर का प्रबंध करते थे तब जाकर फिल्म देखते थे।

दोस्तों, रिश्तेदारों और जान-पहचान वाले लोगों से सालों-साल बात नहीं होती थी। घर से कोई व्यक्ति बाहर काम से जाता था, तो जब तक वापस नहीं आया, तब तक उसकी कोई खैर-खबर नहीं होती थी। आज कितना कुछ बदल गया है। आजकल एक बार में कोई फोन नहीं उठाता तो बरसों पुराने रिश्ते या जान-पहचान पलभर में खत्म हो जाती है। आजकल लोगों को पल-पल की जानकारी चाहिए। सिर्फ जानकारी से भी तसल्ली नहीं होती। सुबूत के तौर पर वीडियो कॉल भी करना पड़ता है, ताकि सामने वाले को विश्वास हो जाएं। आजकल लोगों के दिलो-दिमाग पर अत्यधिक अधीरता और अविश्वास पूरी तरह से घर कर चुका है। कोई किसी पर विश्वास नहीं करता और न ही किसी में सहनशीलता और सब्र शेष बचा है। इस से व्यक्ति के अंदर धैर्य की कमी आ रही है। एक जगह या किसी एक चीज पर ज्यादा देर तक ध्यान केंद्रित या अडिग नहीं रह पाते।



लेखिका : बिषना गाजटा
शिमला, हिप्र

अंदर से खालीपन महसूस होता है। विश्वास बार बार डगमगाने लगता है। कभी स्वयं महसूस करके देखना, दस



मिनट की कोई वीडियो भी देख रहे होते हैं तो उसमें भी 'स्किप' या 'फास्ट फॉरवर्ड' का बटन दबाकर फटाफट आगे बढ़ाने का मन करता है। सभी के जीवन में उतावलेपन और बेचैनी ने स्थान ले लिया है।

मनोरंजन के नाम पर आजकल हमारे पास केवल मोबाइल है, लेकिन उसमें भी मनोरंजन का ठीक से आनंद नहीं ले पा रहे। जो चीजें हमारे लिए वास्तव में सही है उन चीजों से दूरियां बना रहे हैं और रील की दुनिया में इस कदर खोते जा रहे हैं कि हमारे पास इतना धैर्य ही नहीं बचा कि दो तीन घंटे शांति से बैठकर सुकून से कोई फिल्म देख लें या क्रिकेट मैच ही देख लें। बस हमेशा जल्दी लगी रहती है पता नहीं किस बात की, काम भी कुछ नहीं है केवल बेचैनी भरी पड़ी है। अगर देखा जाए तो जीवन का सबसे खूबसूरत पल यदि कोई है तो वह है इंतजार का पल, इंतजार के पल में ही ईश्वर का वास्तविक वास होता है। सार्थक चीजों का धैर्य के साथ इंतजार करने में हमारे विवेक, बुद्धि और क्षमता का विस्तार होता है।

धैर्य से हमारे भीतर चीजों को बारीकी से देखने की क्षमता विकसित होती है, जीवन के हर छोटे बड़े निर्णय लेने की क्षमता में परिपक्वता आती है। हमें हमेशा अपने जीवन के लिए सार्थक और श्रेष्ठ चीजों का ही चुनाव करना चाहिए। ऐसी अनावश्यक और बेकार चीजों को अपने जीवन से निकाल बाहर फेंकना चाहिए, जो आपके जीवन के लिए निरर्थक है और कष्टप्रद है।

स्वाभाविक सी बात है। यदि हड़बड़ी में और जल्दबाजी में चीजों का चुनाव करेंगे तो वो गलत ही होगा, लेकिन धैर्य के साथ इंतजार करने पर आपके जीवन में योग्य, पात्र और सार्थक चीजें ही आएंगी। कहावत तो सभी ने सुनी है 'इंतजार का फल हमेशा मीठा होता है।' तेज आंच पर भोजन पकता नहीं, बल्कि जल जाता है। ठीक उसी प्रकार जीवन भी धैर्य मांगता है। यदि जीवन में धैर्य नहीं होगा तो जीवन बिखर जाएगा। अधीरता जीवन को जला देती है, नष्ट कर देती है। शांत मन से लिया गया हर निर्णय आपको भविष्य में सही परिणाम देगा और अच्छा परिणाम पाने के लिए धैर्य का होना बहुत जरूरी है, क्योंकि अच्छा परिणाम आने में थोड़ा वक्त लगता है, इसलिए आपको केवल अपने आप पर और अपने काम के प्रति ईमानदार रहना है और वक्त आने पर सही परिणाम भी अवश्य आएगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# कृति का सुसाइड नोट, अभिभावकों के लिए चेतावनी

शिक्षा नगरी से प्रसिद्ध कोटा शहर में छात्रों का सुसाइड करने के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। इन सुसाइड मामलों का सीधा असर कोटा शहर की छवि पर पड़ रहा है। हाल ही में कोटो के जवाहर नगर क्षेत्र में बूंदी निवासी मनन जैन नाम के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी और ठीक 24 घंटे बाद उड़ासी निवासी अभिजीत गिरी ने फांसी लगाकर सुसाइड कर ली। मनन और अभिजीत जेईई की तैयारी के लिए कोटा आए हुए थे। अब तक जनवरी 2025 में चार बच्चों ने सुसाइड कर लिया है। इनमें से एक बच्ची कृति का सुसाइड नोट मिला है, जिसने सुसाइड नोट में कोचिंग संस्थानों को बंद करवाने की बात कही है।



लेखक : दीपक कोहली
स्वतंत्र लेखक

हमारे जो बच्चे कमजोर हैं, वो आत्महत्या कर रहे हैं और जो थोड़ा मजबूत हैं, वो नशे की ओर बढ़ रहे हैं। क्योंकि जब हमारे बच्चे असफलताओं से टूट जाते हैं तो उन्हें यह पता नहीं होता है कि इससे कैसे निपटना है। इसलिए आज आत्महत्याएं जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। कोटा में आत्महत्या करने वाली छात्रा कृति का सुसाइड नोट पढ़िए-'मैं भारत सरकार और मानव संसाधन मंत्रालय से कहना चाहती हूं कि अगर वो चाहते हैं कि कोई बच्चा



न मरे तो जितनी जल्दी हो सके इन कोचिंग संस्थानों को बंद करवा दें। ये कोचिंग छात्रों को खोखला कर देते हैं। पढ़ने का इतना दबाव होता है कि बच्चे बोझ तले दब जाते हैं। मैं कोटा में कई छात्रों को डिप्रेशन और स्ट्रेस से बाहर निकाल कर सुसाइड करने से रोकने में सफल हुई, लेकिन खुद को नहीं रोक पा रही हूं। बहुत लोगों को विश्वास नहीं होगा कि मेरे जैसी लड़कियां जिसके 90+ मार्क्स हो वो सुसाइड भी कर सकती हैं, लेकिन मैं आप लोगों को समझा नहीं सकती कि मेरे दिमाग और दिल में कितनी नफरत भरी है।'

अपनी माँ के लिए कृति लिखती है-'आपने मेरे बचपन और बच्चा होने का फायदा उठाया और मुझे विज्ञान पसंद करने के लिए मजबूर करती रहीं। मैं भी विज्ञान पढ़ती रहीं ताकि आपको खुश रख सकूं। मैं क्वांटम फिजिक्स और एस्ट्रोफिजिक्स जैसे विषयों को पसंद करने लगी और उसमें ही बीएससी करना चाहती थी, लेकिन मुझे आज भी अंग्रेजी साहित्य और इतिहास बहुत अच्छा लगता है, क्योंकि ये मुझे मेरे अंधकार के वक्त में मुझे बाहर निकालते हैं।' कृति का अपनी मां को चेतावनी-'इस तरह की चालाकी और मजबूर करने वाली हरकतें 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली छोटी बहन से मत करना। वो जो बनना चाहती है और जो पढ़ना चाहती है, उसे वो करने देना, क्योंकि वो उस काम में सबसे अच्छा कर सकती है, जिससे वो प्यार करती है।' कृति के इस सुसाइड नोट को पढ़कर मन विचलित हो जाता है और अभिभावकों पर कई प्रश्न खड़े होते हैं। फलां की बेटी व बेटा सीकर, कोटा हॉस्टल में हैं तो तुम्हें भी वही पढ़ना है। चाहे हमारे बच्चे के सपने कुछ और करने का हो। मगर हम उन पर अपने सपने थोंप रहे हैं। आखिर क्यों ? आज हमारे स्कूल बच्चों को पारिवारिक रिश्तों का महत्व और असफलताओं व समस्याओं से लड़ना नहीं सीखा पा रहे हैं। आखिर क्यों हमारे बच्चों के जहन में शिक्षा के नाम पर सिर्फ एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा के भाव भरे जा रहे हैं, जो जहर बनकर उनकी जिंदगियां छिन रहा है। आखिर कब तक बच्चों की जिंदगियों से यह खेल खेला जाएगा ?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पंडोह में चीड़ के पेड़ों पर चली आरी, पावर कटर जब्त

## प्रतिबंध के बावजूद चार पेड़ों को काटा, रेंज ऑफिसर ने की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

व्यास सतलुज लिंक परियोजना के तहत भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के तत्कालीन अधिकारियों द्वारा बांध के किनारों पर हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के लिए रोपे गए सजावटी फूल और चीड़ के पेड़ों को अब अधिकारी अपनी सुविधा अनुसार काट रहे हैं। मंगलवार को पावर कटर से चीड़ के बड़े-बड़े चार पेड़ों को काट गिराया गया। सूचना मिलते ही लोग भी मौके पर पहुंच गए। उन्हें बांध की सुरक्षा में लगाए गए सीआईएसएफ के अधिकारियों ने फोटोग्राफी करने से रोक दिया और मौका पर चीड़ के पेड़ों को काट कर छोटे मोछे बनाए जा रहे थे। इन्हें बीबीएमबी के टिपर से बोर्ड को ही वर्कशॉप में स्थापित बड़ी आरा मशीन से सुविधा अनुसार आकार दिया जाना था। ये पेड़ बहुत बड़े आकार के हैं। जानकारी के अनुसार इससे पहले गत शनिवार को भी


काटे गए पेड़।

बांध की सुंदरता के नाम पर लगभग साढ़े तीन दशक पुराने वाले पेड़ों को काटा गया है। जिन्हें कभी बड़ी मेहनत से तत्कालीन अधिकारियों ने रोपित किया था। फुलवाड़ी के खिलने से समूचा डैम क्षेत्र जहां सुंदर व सुगंधित बनता था वहीं पर्यावरण संरक्षण भी होता था। वर्तमान अधिकारी इन पेड़ों को क्यों काट रहे हैं यह एक यक्ष प्रश्न है। प्रदेश में किसी भी हरे पेड़ के कटान पर पूर्ण प्रतिबंध है। इतना ही नहीं कोर्ट ने भी पेड़ों के कटान पर रोक लगा रखी है। बता दें कि इसी डैम से हजारों रुपए की बरसाती लकड़ी बेचने के आरोप बीबीएमबी अधिकारियों पर लगते रहे हैं। पिछली बरसात में करोड़ों की लकड़ी के गोलमाल का मामला हिमाचल विधानसभा की भी सुर्खियों में रहा है।

### लकड़ी जब्त करने की प्रक्रिया शुरू : दिव्यांशु

वन विभाग के रेंज ऑफिसर दिव्यांशु ठाकुर ने बताया कि पावर कटर को अपने कब्जे में लेकर लकड़ी जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों बलदेव, बीआर भाटिया, आरके वर्मा और घनश्याम आदि ने मांग की है कि इन पेड़ों के अवैध कटान पर बीबीएमबी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने बीबीएमबी वर्कशॉप में स्थापित बड़ी आरा मशीन को भी सील करने की मांग उठाई।

# मुल्थान तहसील में 9 पद खाली, लोग हो रहे परेशान

**रूपी ठाकुर, बरोट**


तहसील मुल्थान कार्यालय।

मुल्थान तहसील में नायब तहसीलदार, कानूनगो व अन्य कर्मचारियों के पद रिक्त चले हुए हैं। इस कारण छोटा भंगाल घाटी के लोगों को राजस्व कार्य करवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कानूनगो हट में संचालित की जा रही है।

मुल्थान तहसील को अभी तक भी अपना भवन नसीब नहीं हो पाया है। पंचायत प्रतिनिधियों सहित छोटा भंगाल घाटी के समस्त लोगों ने प्रदेश सरकार से स्टाफ की तैनाती की मांग की है। तहसील मुल्थान में अगर एक सप्ताह के अंदर खाली पदों को नहीं भरा गया, तो लोग प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। धरमान पंचायत की प्रधान रेखा देवी, पूर्व प्रधान संजय, बड़ाग्रां पंचायत की प्रधान चंद्रमणी, पूर्व प्रधान मंगत राम, लोआई पंचायत के उपप्रधान तिलक, पोलिंग पंचायत के पूर्व प्रधान रूपचंद आदि ने बताया कि वर्ष 2004 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने आठ पंचायतों के लोगों की बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए उपतहसील बना

### दो वर्षों से नायब तहसीलदार का पद रिक्त

2011 में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने इसका दर्जा बढ़ाकर तहसील किया है। 8850 की आबादी वाली छोटा भंगाल घाटी की सात पंचायतों में 36 गांव व 49 राजस्व मुहाल सहित 11 पटवार सर्कल हैं।

दो वर्षों से नायब तहसीलदार का स्थानांतरण होने से यह पद रिक्त है। कार्यालय कानूनगो का एक, क्षेत्रीय कानूनगो के दो पद, क्षेत्रीय कानूनगो चपरासी के दो पद, तहसील कार्यालय चपरासी के दो, अधीक्षक तथा पटवार सर्कल धरमाण-2 में पटवारी का एक पद रिक्त चला हुआ है। उन्होंने स्थानीय विधायक किशोरी लाल से मांग की है कि यहां के लोगों की बेहतर सुविधा के लिए मुल्थान तहसील में खाली पड़े विभिन्न पदों को तुरंत भरा जाए।(अनंत ज्ञान)

# नगर निगम ने किया ऑस्ट्रेलिया के ग्रेटर बेंडिगो के डिप्टी मेयर का सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा द्वारा मंगलवार को निगम कार्यालय में एक शिष्टाचार बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में छोटी काशी मंडी के निवासी तथा देश के प्रथम ऐसे युवा जो कि विक्टोरिया राज्य ऑस्ट्रेलिया के महानगर ग्रेटर बेंडिगो के डिप्टी मेयर अभिषेक अवस्थी ने महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा से मुलाकात की।

बैठक के दौरान अवस्थी ने ग्रेटर बेंडिगो में किए गए विभिन्न विकासात्मक कार्यों और सफाई व्यवस्था पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार वहां पर लोगों की सहभागिता से कार्य किए जाते है तथा वहां की कार्यप्रणाली बारे अपने विचार साझा किए। महापौर अवस्थी के अनुभवों की सराहना की और उन्होंने कहा कि मंडी नगर निगम भी अपने शहर में विकास और सफाई को प्राथमिकता दे रहा है तथा लोगों से आग्रह किया कि वे भी अपने शहर को स्वच्छ रखने के लिए बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और नगर निगम का सहयोग समय समय पर करते रहें।




ऑस्ट्रेलिया के महानगर ग्रेटर बेंडिगो के डिप्टी मेयर अभिषेक अवस्थी को सम्मानित करते हुए महापौर व अन्य तथा (नीचे) उपस्थित गणमान्य।

### विकास कार्यों को गति देने पर किया विचार

इस मुलाकात के दौरान दोनों ने आपसी सहयोग बढ़ाने और विकास कार्यों को गति देने पर भी विचार-विमर्श किया। अभिषेक अवस्थी ने मंडी में भी शहरी विकास और नागरिक सुविधाओं को सुधारने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। इस बैठक से यह स्पष्ट हुआ कि नगर निगम मंडी और ग्रेटर बेंडिगो के बीच पारस्परिक सहयोग और अनुभवों का आदान-प्रदान दोनों शहरों के विकास में सहायक सिद्ध होगा। इस बैठक में उपमहापौर माधुरी कपूर, पार्षद वीरेंद्र सिंह आर्य, यशकांत कश्यप, संजय शर्मा, पूर्व पार्षद विशाल ठाकुर, जितेंद्र शर्मा व अन्य गणमान्य व सामाजिक संस्थाओं के सदस्य, नगर निगम के अनुभाग अधिकारी राकेश गुलेरिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पपलोग स्कूल में अग्नि सुरक्षा पर करवाई मॉकड्रिल



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पपलोग में अग्निशमन विभाग सरकाघाट चौकी द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत अग्नि सुरक्षा पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। चौकी प्रभारी जयपाल और उनकी टीम ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को आग से बचाव और आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण तरीके समझाए। इस मौके पर राष्ट्रपति पदक से सम्मानित और सरकाघाट निवासी फायर ऑफिसर पद से सेवानिवृत्त लखवीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अग्निशमन प्रभारी जयपाल और स्कूल प्रधानाचार्य राजकुमार राठौर ने अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

### लोग मछली पालन से आजीविका कर सकते हैं अर्जित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राज्य सरकार मत्स्य पालन के तहत विभिन्न योजनाएं आरंभ कर बेरोजगार युवाओं को घर द्वार पर स्वरोजगार के बेहतर विकल्प उपलब्ध करवा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य तालाब निर्माण योजना प्रमुख है। सहायक निदेशक मत्स्य पालन, मंडी मंडल नीतू सिंह ने देते हुए बताया कि जिला में सामान्य जल क्षेत्र से संबंधित व्यक्ति कार्प मछली पालन को अपना कर अपनी आजीविका अर्जित कर सकते हैं। निजी भूमि के साथ-साथ पट्टे पर ली गई भूमि पर तालाब बनाकर भी अनुदान प्राप्त किया जा सकता है। सहायक निदेशक मत्स्य पालन नीतू सिंह ने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए इच्छुक व्यक्ति उनके मंडी में भ्यूली स्थित कार्यालय में एक सप्ताह के अंदर अपना आवेदन कर सकता है। पहले आवेदन जमा करने वाले इच्छुक लाभार्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी।

### चित्रकला प्रतियोगिता में कृतिका प्रथम



**अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बथेरी में कार्यकारी प्रधानाचार्य सपना की अध्यक्षता में वो दिन योजना खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बाल विकास परियोजना द्रग से खंड समन्वयक सुनील ठाकुर ने सैनिटरी नैपकिन पैड का प्रयोग करने व दिन में 3.4 घंटे में नैपकिन पैड को बदलना व डिस्पोज करने के बारे में स्कूल की छात्राओं को जानकारी दी। पूर्व पर्यवेक्षिका कमला देवी ने हाथों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने बारे बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बेटियों को हरी पत्तीदार फल सब्जियों को खाने की सलाह दी। कार्यक्रम में चित्रकला, नारा लेखन, प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं, जिसमें चित्रकला में कृतिका और नारा लेखन में सिमरन प्रथम स्थान पर रहीं।

### साईं मार्केट में आज लगाया जाएगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** वर्षों के लंबे इंतजार के बाद 2024 में अयोध्या के भव्य राम मंदिर का निर्माण पूरा हुआ और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस ऐतिहासिक पल की पहली वर्षगांठ को लेकर जोगिंदरनगर के साईं मार्केट में 22 जनवरी को भव्य आयोजन किया जाएगा। समिति के सचिव नीतिश शर्मा और प्रेस सचिव अमिता बांटा ने बताया कि इस शुभ अवसर पर पूजा-अर्चना और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन होगा। समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस पावन अवसर पर शामिल होने का आह्वान किया है। यह आयोजन भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक बनेगा।

# सामाजिक सुरक्षा करवाने में समिति अव्वल : हेमंतराज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के अध्यक्ष हेमंतराज वैद्य ने कहा कि वर्ष 1990 से साक्षरता अभियान से शुरू साक्षरता समिति का कारवां निरंतर आगे बढ़ रहा है। हेमंतराज वैद्य ने कहा कि अपने इस सफर में आज भी समिति निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2009 से भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा सामाजिक सुरक्षा सूक्ष्म बीमा बनाने के लिए अधिकृत किया गया।

समिति के अध्यक्ष हेमंत राज वैद्य ने कहा कि समिति ने दूसरे कार्यों की तरह सूक्ष्म बीमा के कार्यों को प्रदेश के चार जिलों मंडी, कुल्लू, हमीरपुर व कांगड़ा के एक



ब्लाक बैजनाथ समेत कुल 27 ब्लाकों तक पहुंचाया है।

समिति द्वारा 553 गांव को बीमा गांव की दो करोड़ राशि भारतीय जीवन बीमा द्वारा अनुदान दी है। अब तक 2153 मृत्यु दावे परिवारों को मिल चुके हैं जिसके तहत 10.76 करोड़ की सहायता राशि प्रभावित परिवारों को मिली है। समिति के महासचिव भीम सिंह ने कहा कि इस वर्ष समिति का लक्ष्य 15 हजार नए खाते बनाने का है, जिसमें से समिति 11500 खाते बना चुकी है।

# रोटरी क्लब के राकेश बने प्रधान और नरेश सचिव

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** रोटरी क्लब सुंदरनगर की बैठक में राकेश सेन को वर्ष 2026-27 के लिए प्रधान और नरेश धीमान को सचिव चुना गया है। चुनाव प्रक्रिया रोटेरियन घनश्याम महाजन और उमेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। रोटेरियन उमेश शर्मा ने बताया कि रोटरी क्लब में आगामी वित्त वर्ष के लिए एक वर्ष पूर्व ही चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाती है। वर्तमान कार्यकारिणी का एक साल का कार्यकाल समाप्त होने पर वर्ष 2026-27 के लिए राकेश सेन को प्रेजिडेंट और नरेश धीमान को सेक्रेटरी चुना गया है।

इधर, इस मौके पर क्लब के सदस्य रोटेरियन डा. त्रिलोक शर्मा ने निधन पर दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गई।


चुने गए प्रेजिडेंट राकेश व सेक्रेटरी नरेश सदस्यों के साथ।

# ब्लैक स्पॉट पर सांकेतिक चिन्ह लगाने की मांग

**रितेश, सरकाघाट**


ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण।

गांव फटोह बलद्वाड़ा के ग्राम वासियों ने सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग बलद्वाड़ा को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने गांव से सटे राज्य राजमार्ग 19/एमडीआर79 में कौहणी पुल मोड़ पर बस स्टॉप बनाने को लेकर और आसपास के ब्लैक स्पॉट, तीखे मोड़ पर सांकेतिक चिन्ह लगाने की मांग रखी। ग्रामीणों ने विभाग से प्राथमिकता के आधार पर इन कार्यों को पूरा करने के लिए कहा है।

इस मौके पर कृष्णा, विनोद, पवन, रोहित शशि, आशा देवी, हरनंदी देवी, विशाल, प्रांजल, प्रभात, संवेद और निशांत शर्मा उपस्थित रहे। तीखे मोड़ पर दुर्घटनाओं की आशंका सदैव रहती है। स्टेट हाईवे 19 पर बलद्वाड़ा बाजार से सीधा मार्ग है, लेकिन लोनिवि कार्यालय से कौहणी पुल तक तक

### विभाग को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, जल्द कार्रवाई की मांग

घुमावदार मोड़ होने के कारण वाहन तेज रफ्तार में आते हैं, इन मोड़ों पर अनियंत्रित होते हैं, जिसमें दैनिक रूप हादसे से घटित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन मोड़ों पर कॉन्वेक्स मिरर भी लगाए जाएं। (अनंत ज्ञान)

### स्थायी बस स्टॉप न होने के कारण होती है परेशानी

कौहणी पुल मोड़ पर स्थाई बस स्टॉप व वर्षा शालिका न होने के कारण गांव फटोह, चच्याणी, बरोट आसपास के यात्री यहीं से बस में सवार होते हैं, इसलिए बस स्टॉप बनाया जाए, ताकि यात्रियों को खराब मौसम में असुविधा न हो।

# कनाडा भेजने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

जिला मंडी के उपमंडल सुंदरनगर में कनाडा भेजने के नाम पर पंजाब के एजेंट द्वारा चार लोगों के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है।

पुलिस थाना सुंदरनगर ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार शिकायतकर्ता रूप लाल (65) पुत्र लोभी राम गांव चनोल डाकघर तलेली तहसील सुंदरनगर जिला मंडी ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि बीते वर्ष अक्तूबर महीने में उन्होंने और सुरजीत सिंह पुत्र राम सिंह गांव

### पंजाब के ट्रैवल एजेंट पर चार लोगों से 8 लाख 88 हजार ऐंठने के लगे आरोप

चनोल डाकघर तलेली तहसील सुंदरनगर जिला मंडी, जोगिंद्र सिंह पुत्र श्याम लाल डाकघर तलेली गांव वारल तहसील सुंदरनगर जिला मंडी, बबल सिंह पुत्र ज्ञान चंद गांव व डाकघर नालग तथा रूप लाल पुत्र लोभी राम गांव चनोल डाकघर तलेली तहसील सुंदरनगर जिला मंडी ने लगभग 8 लाख 88 हजार रुपए एक बैंक खाते और गूगल-पे के माध्यम से ट्रैवल एजेंट मनीष कुमार पुत्र दलजीत कुमार गांव तक्तगढ़ जिला रूपनगर पंजाब के खाते में डाले थे। इसके कुछ समय के बाद एजेंट ने उनसे पासपोर्ट भी लिए गए, लेकिन आज दिन उन्हें विदेश नहीं भेजा गया। शिकायतकर्ता अनुसार ट्रैवल एजेंट ने उनसे और अन्य लोगों से धोखाधड़ी करके 8 लाख 88 हजार रुपए और पासपोर्ट ले लिया है।

इस पर धोखाधड़ी के शिकार लोगों ने पुलिस थाना सुंदरनगर में एफआईआर दर्ज कराया है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस थाना सुंदरनगर ने मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है। उन्होंने कि पुलिस मामले से साक्ष्य जुटा रही है और आगामी जांच जारी है।(अनंत ज्ञान)

# हिम साहित्य परिषद करवाएगा कवि गोष्ठी

**भीम बसेडू, महादेव।** हिमाचल प्रदेश की जानी-मानी साहित्यिक संस्था हिम साहित्य परिषद मंडी द्वारा 2 फरवरी के दिन बसंत पंचमी के मौके पर सुंदरनगर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस भोजपुर में दिन में कवि गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। हिम साहित्य परिषद के अध्यक्ष आचार्य डॉ. पीसी कौंडल (पूर्ण चंद कौंडल) व परिषद से जुड़े वरिष्ठ कवि सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि जिस प्रकार लोहड़ी पर कवि सम्मेलन आयोजित किया जाता है, उसी प्रकार बसंत पंचमी पर्व पर भी हिम साहित्य परिषद हर वर्ष कवि गोष्ठी आयोजित करती रही है।

# नशा मुक्ति अभियान में सहयोग जरूरी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

भारत नशा मुक्ति अभियान के तहत धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र टिहरा विश्राम गृह में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें महिला मंडलों, पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।


बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर व अन्य

इसकी अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच भुपिंद्र भूप्पी ने की और बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर तथा मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के सचिव सुनीता और भूपेंद्र सिंह ने बतौर स्रोत व्यक्ति भाग लिया। एनआर ठाकुर ने बताया कि व्यक्ति और समाज को नशा मुक्ति अभियान में सहयोग करने की जरूरत है।

वहीं धर्मपुर विकास खंड में पहले क्षेत्र स्तरीय और उसके बाद पंचायत स्तरीय शिविर आयोजित करके कमेटियों का गठन किया जाएगा, जिसके चलते 22 को चोलथरा 23 को सजाओ 25 को टिहरा और 28 को गरयोह पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# सरकारी आवास में चोर ने आभूषणों पर किया हाथ साफ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी शहर के भ्यूली स्थित सरकारी आवास में चोर द्वारा आभूषणों और एलइडी पर हाथ साफ करने का मामला सामने आया है।

पुलिस थाना सदर मंडी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार शिकायतकर्ता रीता शर्मा पत्नी सुनील दत निवासी सरकारी आवास कॉलोनी भ्यूली मंडी ने बीते 6 वर्षों से कॉलोनी भ्यूली में रहती हैं। शिकायतकर्ता अनुसार रविवार को अपने क्वाटर में पहुंची तो गोदरेज की तीन अलमारियों के ताले खुले हुए देखकर दंग रह गई। जांच करने पर अलमारी में मौजूद एक सोने की चूड़ी, बच्चों के चांदी के दो कड़े, एक चांदी की बच्चे की चेन गायब पाए गए।

अज्ञात चोर द्वारा शिकायतकर्ता के आवास में दीवार पर टंगी हुई एलइडी को भी चोरी कर ले गया। जानकारी देते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सदर ने मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है।

# मांगें पूरी न होने पर पेंशनर्स में रोष

**विनोद, नेरचौक**

हिम आंचल पेंशनर्स संघ के प्रदेशाध्यक्ष योगराज शर्मा संघ संस्थापक बीडी शर्मा, प्रदेश महासचिव, हरनाम सिंह ठाकुर, मुख्य संरक्षक, रमेश भारद्वाज, वित्त सचिव, ओम राज कंवर, एवं आईटी प्रकोष्ठ प्रमुख केसी गौतम आदि ने एक संयुक्त वक्तव्य में कहा है कि प्रदेश के पेंशनर्स में सरकार के प्रति भारी आक्रोश एवं रोष है, क्योंकि अभी तक जनवरी 2016 से पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संशोधित वेतनमान एरियर तथा जनवरी 2016 से फरवरी 2022 तक के पेंशनरों को पेंशन संशोधन पर मिलने वाली ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट, कम्युटेशन की राशि एवं जारी महंगाई भत्ते की दो किस्तों का एरियर का भुगतान न किए जाने एवं कई वर्षों से चिकित्सा भत्ते में वृद्धि न करने पर प्रदेश के पेंशनर्स में सरकार के प्रति भारी रोष है।

मुख्यमंत्री ने पेंशनरों के चिकित्सा बिलों के भुगतान करने की घोषणा इसी वित्तीय वर्ष में करने की थी, परंतु खेद का विषय है कि प्रर्याप्त बजट नहीं मिलने के कारण चिकित्सा बिलों का भुगतान अभी भी नहीं हो पाया है।

उन्होंने आग्रह करते कहा कि 25 जनवरी 2025 को पूर्ण राज्यत्व दिवस के शुभ अवसर पर पेंशनर्स के देय भुगतान की अदा करने की घोषणा करने की कृपा करें अन्यथा संघर्ष करने को बाध्य होगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सरकार का होगा।

संघ सरकार से यह भी अनुरोध करती है कि शीघ्र पेंशनर्स के जेसीसी का गठन कर बैठक का आयोजन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी मांगों को पूरा किया जा सके।(अनंत ज्ञान)

# बग्गी में अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** धनोटू थाना पुलिस के दल ने गश्त के दौरान बग्गी में एक व्यक्ति के ठिकाने से बेचने के लिए रखी दो लीटर अवैध शराब बरामद की है।



जानकारी के अनुसार धनोटू पुलिस थाना का दल बग्गी में गश्त पर था। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध शराब बेचने का काम करता है, जिस पर पुलिस ने अमर चंद निवासी गांव व डाकघर बग्गी तहसील बल्ह के रिहायशी मकान में छापामारी तो वहां से दो लीटर अवैध शराब बरामद हुई। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।


अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

मैं, तोता राम (24) पुत्र तुला राम निवासी शेरलू डाकघर निहरी तहसील निहरी जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम तोता राम से बदलकर विजय कुमार रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।


## समस्या : लडभड़ोल-नेरी-कांडापतन मार्ग पर मिट्टी भरे गड्ढों से फिसलन

# गांव में सड़कों की हालात खराब, चालक परेशान

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

लडभड़ोल-नेरी-कांडापतन मार्ग पर लडभड़ोल से खद्दर तक सड़क की खस्ताहाल स्थिति स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों में पड़े गड्ढों को मिट्टी से भरने का काम अधूरा साबित हुआ है।

वीरवार को हुई बारिश के बाद जब शुक्रवार को धूप खिली तो गड्ढों में भरी मिट्टी ने फिसलन पैदा कर दी, जिससे खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए हादसों का खतरा बढ़ गया है। गड्ढों और पानी की निकासी से बढ़ी फिसलन मैन मार्केट लडभड़ोल और गोरा, बलोटू



गांव में सड़कों पर भरे गए गड्ढे और पानी की सही निकासी न होने से हालात और खराब हो गए हैं। बारिश के पानी से गड्ढे गए हैं और मिट्टी के कारण सड़कों पर खतरनाक फिसलन हो गई है। (अनंत ज्ञान)

### सड़कों की मरम्मत न होने पर नाराजगी

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि लोक निर्माण विभाग पिछले लंबे समय से इस मार्ग की मरम्मत को अनदेखा कर रहा है। संदीप कुमार, राजेश कुमार, मनोज चौहान, बलराम ठाकुर, अश्वनी, आयुष चौहान, विजय चौहान, अजय चौहान और अरुण ने बताया कि विभाग द्वारा गड्ढे भरने का काम आधा-अधूरा किया गया है। बारिश के बाद यह समस्या और गंभीर हो गई है।

हादसों की आशंका

लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर दर्जनों वाहन गुजरते हैं। वहीं मिट्टी से भरे गड्ढों और मलबे की वजह से हादसों की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने विभाग से सड़कों को ठीक करने की मांग की है।

### अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत के आदेश जारी

लोक निर्माण विभाग मंडल जोगिंद्रनगर के अधिशाषी अभियंता राजीव शर्मा ने बताया कि अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत और दुरुस्त करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। वहीं लोग विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि इस मार्ग पर हादसों की आशंका को कम किया जा सके।

# अंकित ने पास की फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** दियारगी पंचायत के सियोसी गांव निवासी डॉ. अंकित शर्मा ने प्रथम प्रयास में ही फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा (एफएमजीई) पास करके क्षेत्र का नाम रौशन किया है।



अंकित शर्मा ने इसका श्रेय अपने पिता अनुप कुमार व माता सीमा शर्मा और गुरुजनों को दिया है। अंकित के पिता अनुप शर्मा जो वर्तमान में सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर के पद पर जम्मू में कार्यरत हैं ने बताया कि वह शुरू से ही होनहार और मेहनती रहा है और उसने इस मुकाम को हासिल करके उनके सपने को पूर्ण किया है और क्षेत्र का भी नाम रौशन किया है।

# बालीचौकी में कामगार कल्याण बोर्ड का उपकार्यालय खोलने की मिली स्वीकृति

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**

बालीचौकी में हिमाचल प्रदेश कामगार कल्याण बोर्ड का उप कार्यालय खोलने की स्वीकृति मिलने पर स्थानीय लोगों ने लड्डू बांट कर सरकार के निर्णय का स्वागत किया।



मजदूर नेता संतराम ने विभाग द्वारा बालीचौकी में आयोजित एक कार्यशाला में कहा कि अब क्षेत्र के कामगारों को बोर्ड द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के आवेदन भरने के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि चूंकि बालीचौकी में वर्तमान में सबसे ज्यादा कामगार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत हैं, जिस कारण बोर्ड ने बालीचौकी में उप कार्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान की है।

दूसरी ओर भाजपा के नेताओं ने जमकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। मंडल अध्यक्ष मुकेश मेडी का कहना है कि दो साल बाद सरकार को याद आ रही है कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ने जो संस्थान खोले थे, वो जनता की सुविधाओं के लिए ही खोले थे। युवा मोर्चा के पीयूष ठाकुर ने कहा कि खोले गए संस्थान को दोबारा अधिसूचित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने नवाजे मॉडर्न स्कूल के मेधावी




**विवेक शर्मा, अंब।** आज मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऑफ साइंसेज अम्ब में वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक सुदर्शन सिंह बबलू और उनकी धर्मपत्नी किरण दीप कौर और विशेष अतिथि के रूप में तथा एसडीएम अंब सचिन शर्मा भी उपस्थित रहे। इस समारोह में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस समारोह में नर्सरी कक्षा से 12वीं कक्षा तक के मेधावी और विभिन्न गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विधायक ने सम्मानित किया। इस समारोह में बच्चों के अभिभावक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिसमें मास्टर प्यारा सिंह डडवाल चेयरमैन मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऑफ साइंसेज अंब, गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद वनियाल, मॉडर्न आईटीआई मैड़ी के डायरेक्टर अतुल ठाकुर, पीएस इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या इच्छा ठाकुर ग्राम पंचायत मैड़ी की प्रधान रीना ठाकुर, पीएस ग्रुप के प्रबंधक अमित ठाकुर, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोहारा के प्रधानाचार्य दिनेश कौंडल और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका ठाकुर ने सभी का इस कार्यक्रम में आने पर आभार व्यक्त किया और सभी अभिभावकों का विशेष रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

### जाल एग्रीकल्चर समिति ने चुने मेंबर



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** द भंजाल को-ऑपरेटिव एग्रीकल्चर समिति की कमेटी के तीन वार्ड सदस्यों का चुनाव व कमेटी का गठन सोमवार को किया गया। बता दें कि द भंजाल को-ऑपरेटिव एग्रीकल्चर समिति के सात वार्ड हैं, जिनमें चार वार्डों के सदस्य का चयन सर्वसम्मति से हो गया था और तीन वार्डों में सहमति न होने के कारण सोमवार को चुनाव अधिकारी नरेंद्र पाल व प्रशांत ठाकुर की अध्यक्षता में तीन वार्डों के चुनाव करवाए गए। इन चुनावों को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। तीन वार्डों में एक वार्ड पर दो प्रत्याशी और दो वार्डों त्रिकोणी मामला रहा। इन वार्डों के उम्मीदवारों में वार्ड 1 से राम कौर और मोहिंद्र सिंह, वार्ड 2 से अनिल कुमार, रवि कुमार व मधु बाला रही। वार्ड-4 से अमनदीप, कमाल दीन व हुसैन मोहम्मद रहे। चुनावों के दौरान वार्ड एक से कुल वोट 142 मत पड़े। इनमें मोहिंद्र सिंह को 112 व राम कौर को कुल 30 वोट पड़े। इसमें मोहिंद्र सिंह को विजय घोषित किया गया। वार्ड चार में कुल 247 वोट पड़े, जिसमें हुसैन मोहम्मद को 114 वोट, कमालदीन 71 व अमनदीप को 62 मत पड़े। इसमें हुसैन मोहम्मद को विजय घोषित किया गया। वहीं, वार्ड दो में 229 मत पड़े। इसमें मधु बाला 81, अनिल कुमार 61, रवि कुमार को 87 वोट पड़े। इसमें रवि कुमार को विजेता घोषित किया और कमेटी का गठन किया गया। इसमे सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से थानेदार युद्धवीर सिंह को अध्यक्ष, गुरपाल सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं, नवनिर्वाचित अध्यक्ष थानेदार युद्धवीर सिंह ने कहा कि समिति को आगे ले जाने में हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

### गोंदपुर बनेहड़ा के बाजार में शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा बाजार के व्यापारी संदीप चौहान की माता कांता देवी राणा के निधन पर स्थानीय बाजार में शोक की लहर है। संदीप चौहान के पिता स्वर्गीय रघुनाथ राणा चौहान गोंदपुर बनेहड़ा के उपप्रधान रहे थे। स्थानीय व्यापारी संदीप चौहान की माता के निधन पर स्थानीय पंचायत, व्यापारी वर्ग, आमजनमानस ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# अजनौली गांव में दीवार से टकराई साइकिल, दसवीं की छात्रा की मौत

## बाथड़ी में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना/टाहलीवाल**

जिले में दो अलग-अलग हादसों में एक दसवीं की छात्रा समेत दो लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने एक मामले में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है, जबकि दूसरे मामले में अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई है।

मंगलवार को जिला मुख्यालय के समीप अजनौली गांव में देर शाम को दुखद हादसे में दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा की मौत हो गई। स्कूल में छुट्टी होने के बाद 16 वर्षीय शीतल गुप्ता पुत्री आर के गुप्ता साइकिल लेकर घर से निकली थी और गांव की सड़क पर साइकिल अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई, साथ में ही काम कर रहे राज मिस्त्री और अन्य लोगों ने उसे उठाया और अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने के पहले ही उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस भी अस्पताल पहुंच चुकी थी, लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई है।

वहीं, जिले के हरोली उपमंडल में बाथड़ी में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता संजय बाउरी ने बताया कि मृतक रिश्ते में उनका साला लगता था। वह अलग मकान में रहता था, लेकिन भोजन उनके साथ ही करता था। मंगलवार सुबह जब उन्होंने भोजन के लिए फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिला और कुछ समय बाद बाहर जाकर देखा तो कुछ लोग उसे जख्मी हालत में किसी गाड़ी में डाल रहे थे। जब अस्पताल पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी।

मृतक की पहचान मोयना बाउरी पुत्र सुनील बाउरी गांव खास निरसा पीठकियारी धनबाद झारखंड के तौर पर हुई। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### ब्रह्मपुर में मिला पाकिस्तान एयरलाइंस लिखा गुब्बारा, पुलिस ने जांच की शुरू



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** भारत की सीमा में एक बार फिर दुश्मन देश की तरफ से एक गुब्बारा आया है। यह गुब्बारा हवाई जहाज की शेप का है। गुब्बारे पर अंग्रेजी में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा हुआ है। सुरक्षा एजेंसियां गुब्बारे की पड़ताल कर रही हैं। बता दें कि एक वर्ष पहले जैसलमेर से लगती भारत-पाकिस्तान की सरहद से लगते नगराजा गांव में ग्रामीणों ने गुब्बारा देखा था। गुब्बारे को देख क्षेत्र वासियों में सनसनी मच गई। बता दें कि इनके बारे में पुलिस को अवगत करवा दिया गया था और पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि ऐसी जानकारी मिली है और मामले की जांच की जा रही है। ऐसी घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं, फिलहाल लोगों को चिंतित अथवा भयभीत होने की जरूरत नहीं है।

## प्रयागराज महाकुंभ में जाने के लिए यात्रियों में भारी उत्साह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

तीर्थनगरी प्रयागराज महाकुंभ के लिए ऊना से सोमवार को दूसरी विशेष ट्रेन रवाना हुई। महाकुंभ के लिए लोगों में खासा उत्साह देखने का मिल रहा है। पूरी तरह पैक होकर ये रेल गाड़ियां रवाना हो रही हैं। बताना जरूरी है कि 23 फरवरी को प्रयागराज के लिए चलने वाली आखिरी ट्रेन तक के आरक्षित डिब्बे फुल हो गए हैं।

वहीं, सामान्य डिब्बों में भी लोगों की भीड़ देखने का मिल रही है। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में शाही स्नान होने जा रहा है। इसे देखते हुए लोगों में कुछ ज्यादा ही उत्साह है। यह भी बता दें कि 25 जनवरी को चलने वाली विशेष ट्रेन में लोगों की ज्यादा वेटिंग चल रही है। मौनी अमावस्या के लिए प्रयागराज जाने वाले लोगों की संख्या ज्यादा होगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में स्नान की ज्यादा महत्ता है। इसे देखते हुए सामान्य डिब्बों में ज्यादा भीड़ होने की संभावना है। 25 जनवरी को चलने वाली विशेष ट्रेन के स्लीपर कोच में 43 और एसी थ्री टियर कोच में 31 लोगों की वेटिंग चल रही है। वहीं, ऊना से प्रयागराज के लिए चौथी ट्रेन 9 फरवरी को चलेगी। इसमें रिजर्व डिब्बों के स्लीपर डिब्बे में 39 और एसी थ्री टियर डिब्बे में 36 वेटिंग है। 15 फरवरी को चलने वाली पांचवीं ट्रेन के स्लीपर कोच में 26 और एसी में 19 वेटिंग, 23 फरवरी को चलने वाली छठी एवं अंतिम ट्रेन के स्लीपर में 21 और एसी में 6 वेटिंग है।

ऊना से प्रयागराज के लिए चलने वाली पहली ट्रेन पैक होकर प्रयागराज पहुंची। सोमवार को चलने वाली दूसरी ट्रेन अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन से रात 10 बजकर पांच मिनट पर चली। सामान्य डिब्बों का किराया 275 रुपए प्रति यात्री रहेगा। ऊना में पांच मिनट स्टॉपेज के बाद रात 10 बजकर 35 मिनट पर प्रयागराज के फाफामऊ जंक्शन के लिए ट्रेन रवाना हुई। अगले दिन मंगलवार शाम छह बजे फाफामऊ जंक्शन में ट्रेन पहुंची। मंगलवार रात 10:30 बजे ट्रेन ऊना के लिए वापस चली।

### प्रदेश लोनिवि में जूनियर ड्राफ्ट्समैन के 5 पद सृजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला रोज़गार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने जानकारी दी है कि हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जूनियर ड्राफ्ट्समैन के 5 पदों के लिए बैचवाइज भर्ती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अनारक्षित वर्ग के 2 पद 2006 बैच तक, अनुसचित जाति (डब्ल्यूएफएफ) वर्ग का 1 पद 31.12.2024 बैच तक व ईडब्ल्यूएस वर्ग के वर्ष 2020 बैच तक के 2 पदों को भरा जाएगा।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त श्रेणी के पात्र आवेदक जिन्होंने रोजगार कार्यालय ऊना में पंजीकरण नहीं करवाया है, वे रोजगार कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर दिनांक 25 जनवरी से पहले पंजीकरण सुनिश्चित कर लें। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय ऊना में 01975226063 पर संपर्क कर सकते हैं।

## रिजॉर्ट को मनोरंजन केंद्र के तौर पर किया विकसित, उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नगर निगम के लाल सिंगी स्थित रायजादा रिजॉर्ट का करीब चार माह चले नवीनीकरण कार्य के बाद उद्घाटन हो गया है। ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन अवसर पर चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू सहित जिला ऊना के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

नवीनीकरण के बाद रायजादा रिजॉर्ट को एक मनोरंजन केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्रदान करता है। रिसोर्ट के प्रबंधक निदेशक निखिल ठाकुर ने बताया कि होटल में स्पॉ की सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जिसमें मसाज, जकूजी और स्ट्रीम रूम शामिल हैं। इसके अलावा, नए क्लब का निर्माण किया गया है, जहां स्नूकर टेबल, पूल टेबल, चेस, केरम बोर्ड और टेबल टेनिस जैसी खेल गतिविधियों का आनंद लिया जा सकता है। रिसोर्ट में एक बॉक्स ग्राउंड भी बनाया गया है, जहां पर क्रिकेट खेला जा सकता है।

उद्घाटन अवसर पर पहुंचे चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू ने रायजादा परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रायजादा रिजॉर्ट अब नवीनीकरण के बाद एक नए रूप में ऊना के लोगों और पर्यटकों के लिए एक आकर्षक मनोरंजन स्थल बनेगा। उन्होंने कहा कि समय के साथ-साथ ऐसे रिजॉर्ट की जरूरत है, जिसमें छोटे से लेकर बड़े तक को मनोरंजन की सुविधा मिल सकती है।

इस अवसर पर एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय वर्मा, एमएस संजय मनकोटिया, एएसपी ऊना संजीव भाटिया, सुरेंद्र शर्मा, नगर परिषद के पार्षद अमरजोत बेदी, बीडीओ ऊना केएल वर्मा, नगर परिषद संतोषगढ़ के कार्यकारी अधिकारी ललित सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मानसिक स्थिति को काबू करने के बताए उपाए




सोलर पावर प्लांट अघलौर में नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया गया।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के 10 मेगावाट सोलर पावर प्लांट अघलौर में मनोविज्ञान के ऊपर एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मैडम इंदिरा बसरा मनोवैज्ञानिक ने सबको बताया कि हम अपनी मानसिक स्थिति को कैसे काबू में रख सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि आज के दौर में इंसान नशा करने लगा है जिससे आदमी के शरीर के ऊपर तो असर पड़ता ही है परंतु मानसिक रूप से अपनी समृती को भी खो देता है। बता दें कि इंदिरा बसरा पिछले एक साल से नशा मुक्ति केंद्र अघलौर में सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर इंसान नशा से दूर रहता है तो जीवन में वृद्धि होगी और अगर नशा करता है तो उम्र में तो कमी आएगी ही परंतु बहुत शीघ्र अपनी समृद्धि को भी खो देगा।

अगर भगवान ने हमें इंसान रूप में जन्म दिया है तो हमें प्रकृति का आनंद उठाना चाहिए, न की इंसान द्वारा बनाए गए नशीले पदार्थों का सेवन करना चाहिए, जहां तक हो सके इंसान को नशे से दूर रहना चाहिए। जो इंसान नशा करता है, उसमें घर की कलह तथा यहां तक की आदमी मर्डर तक का काम कर बैठता है। दूसरे रूप में लालच में आकर चोरी करना, झूठ बोलना, दूसरे से घृणा करना यह आम बात हो जाती है। इस उपलक्ष में सौर परियोजना अघलौर के प्रशासक देवराज सौखला ने बताया कि हमें नशा से दूर रहना चाहिए और जहां तक हो सके, गलत संगत में नहीं जाना चाहिए।

एसडीओ राकेश कुमार प्रदेश पावर कॉरपोरेशन तथा विनय, कपलेश एसडीओ सहित ओम प्रकाश डोगरा तथा बीएस राणा मैनेजर प्रोजेक्ट हाजिर रहे। इंदिरा बसरा के साथ सुमन कुमारी ने भी इस सेमिनार में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। अंत में प्रशासक देवराज सौखला ने सभी का अभिनंदन तथा आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि आगे भी परियोजना ऐसे सेमीनार आयोजित करती रहेगी।

## कृष्ण भगवान ने राजा इंद्र का अहंकार तोड़ने के लिए करवाई थी गोवर्धन पूजा : आचार्य शिव

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के होटल हवेली जोगीपंगा में स्व. रामनाथ शर्मा की पुण्य स्मृति में आयोजित पंचम दिवस के कार्यक्रम में भव्य भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस मौके पर कथा व्यास ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप में गोवर्धन पर्वत उठाने की कथा सुनाई और इसका आध्यात्मिक महत्व बताया। कथा से पूर्व आयोजक कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने पत्नी मृदु शर्मा एवं परिवार सहित पंचम दिवस पर पूजा-अर्चना करके विद्वानों के साथ व्यास पीठ पूजन करके आशीर्वाद लिया।

कथा व्यास आचार्य शिव कुमार शास्त्री जी ने गोवर्धन पर्वत की पौराणिक कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बाल्यकाल में इंद्रदेव के घमंड को चूर करने और



विधायक विवेक पूजा-अर्चना के दौरान।

ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी अंगुली पर उठा लिया था। वहीं, कथा विराम के बाद विशाल भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और प्रशासनिक अधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चिट्टे की खेप के साथ पकड़ा पंजोआ का व्यक्ति

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** मादक द्रव्य पदार्थों के विरुद्ध गगरेट पुलिस द्वारा छेड़े गए विशेष अभियान के तहत गगरेट पुलिस ने एक व्यक्ति को चिट्टे की खेप के साथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। उक्त व्यक्ति चिट्टे की खेप लेकर होशियारपुर से आ रहा था कि पुराना अंब रोड गगरेट के पास धरा गया। पुलिस ने उसके पास से 9.77 ग्राम चिट्टे की खेप बरामद की है। पुलिस ने इस संबंध में राकेश कुमार पुत्र बनारसी दास निवासी पंजोआ तहसील अंब के विरुद्ध मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी डा. वसुधा सूद ने इसकी पुष्टि की है। वहीं, चिट्टा तस्करी के एक अन्य मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए बिलासपुर के घुमारवीं के युवक के साथ होशियारपुर के मुख्य सप्लायर को न्यायालय में पेश किया गया। यहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में वनगढ़ जेल भेज दिया है।

### आईटीआई इलेक्ट्रिक व वेल्डर के साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने जानकारी दी है कि एनजीजी पावर टैक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, झूलन माजरा, पोलियांबीत, ऊना द्वारा 25 विभिन्न पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन 23 जनवरी प्रात: 10 बजे को झूलन माजरा में कंपनी कैंपस में किया जा रहा है। ये सभी पद पुरुषों के लिए अधिसूचित हैं। इनमें 5 पद आईटीआई इलेक्ट्रिकल, 5 पद आईटीआई वेल्डर तथा 10 पद अकुशल सहायक के अधिसूचित हैं।

वेल्डर व इलेक्ट्रिकल के पदों के लिए अभ्यर्थी की आयु सीमा 20 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए जबकि शैक्षणिक योग्यता जमा दो उत्तीर्ण के साथ-साथ आईटीआई इलेक्ट्रिकल व वैल्डर का डिप्लोमा होना अनिवार्य है। इसके लिए वेतनमान 12 हजार से 50 हजार तय किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार अपने योग्यता प्रमाण-पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड के साथ अपने दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो व मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी व अनुभव प्रमाण पत्र सहित इंटरव्यू के लिए उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9816959764 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## डेरा बाबा रुद्रानंद में मनाया संविधान गौरव दिवस

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ स्थित डेरा बाबा रुद्रानंद में संविधान गौरव दिवस मनाया गया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संविधान के महत्व को समझाना और इसके प्रति जागरूकता फैलाना था।

संविधान गौरव दिवस के इस आयोजन में लोगों को संविधान की प्रस्तावना, मूल अधिकार और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ से हुई, जो देशभक्ति और सम्मान का प्रतीक रहा। डेरा बाबा रुद्रानंद में पहुंचे भाजपा नेता भुट्टो का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। आयोजकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। भाजपा नेता दविंदर भुट्टो ने भारतीय संविधान को दुनिया का सबसे बड़ा



कार्यक्रम में भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने मुख्यातिथि के रूप शिरकत की।

और सर्वश्रेष्ठ संविधान बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हमारे देश के विकास, समरसता और प्रगति की नींव है।

उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय जैसे मूलभूत अधिकार दिए हैं। हमें इसके प्रति न केवल आदर रखना चाहिए, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या में उतारकर एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाना चाहिए। भुट्टो ने संबोधित करते हुए संविधान की मूलभूत धाराओं को समझने और उनका पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है और उन्हें संविधान के मूल्यों को आत्मसात कर देश को प्रगति की दिशा में ले जाना होगा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद संविधान से कांग्रेस ही छेड़छाड़ करती रही है।

इस अवसर पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, राजकुमार वर्मा, जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, भाजपा नेता बलराम बबलू, भाजपा नेत्री संतोष सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश बांका, सुरेश शर्मा, उपप्रधान जीवन शर्मा, राजेश कुमार, भाजपा नेता सूरम सिंह, सुदर्शन शर्मा, भाजयुमो नेता अभय सिंह राणा के अलावा सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बंगाणा से शिमला और धर्मशाला के लिए बस चलाई जाए

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा कुटलैहड़ क्षेत्र के बंगाणा से शिमला एवं धर्मशाला के लिए बसों का संचालन न होने से लोगों को बहुत ही परेशानी हो रही हं। विधानसभा चुनावों से पहले बस शिमला के लिए जाती थी, लेकिन चुनावों के बाद से शिमला जाने के लिए बस सुविधा बंद कर दी गई है, अब यह बस टापरी से शाहतलाई तक ही आती है।

पंचायत समिति सदस्य जोगिंदर देव ने सुझाव दिया कि टापरी से शाहतलाई बस को ही बंगाणा तक कर दिया जाए, तो समस्या हल हो सकती है क्योंकि बस के बंद होने से स्थानीय जनता को शिमला जाने के लिए बहुत ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और कई लोग तो ज्यादा खर्च करके टैक्सियों के माध्यम से शिमला जाते हैं। उन्होंने स्थानीय विधायक विवेक शर्मा से विशेष आग्रह भी किया है कि इस समस्या का जल्द समाधान करें।

**तैयारी** उपायुक्त ने लिया समारोह की तैयारियों का जायजा, उपमुख्यमंत्री मुकेश होंगे मुख्य अतिथि

# गणतंत्र दिवस पर उत्सवी रंगों में सजेगा ऊना

**अनंत ज्ञान, ऊना**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर ऊना उत्सवी रंगों में सजा नजर आएगा। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को विशेष गरिमामय और यादगार बनाने के लिए शहर को खास सजावट से संवारा जा रहा है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल ऊना के परिसर में आयोजित होने जा रहे इस समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री होंगे।

इस खास मौके पर ऊना शहर तिरंगे गुब्बारों, जगमगाती झालरों और आकर्षक लाइटिंग से रोशन होगा। समारोह में झांकियां, विकास प्रदर्शनी, परेड और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण होंगे। उपायुक्त जतिन लाल ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर समारोह की



गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त जतिन लाल(

तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन को सुव्यवस्थित और भव्य बनाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व होने के साथ ही हमारी संस्कृति, एकता और प्रगति की झलक प्रस्तुत करने का भी अवसर है। उन्होंने सभी विभागों और संस्थानों को सक्रिय सहयोग की अपील की और निर्देश दिया कि सभी विभाग प्रमुख अपने स्टाफ के साथ कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित करें।

उन्होंने जिले के नागरिकों से भी बड़ी संख्या में समारोह में भाग लेने का आह्वान किया है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा, सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

### विशेष सजावट और आकर्षक झलकियां

इस अवसर पर ऊना शहर को तिरंगे रंग की सजावट, गुब्बारों और रोशनी की झालरों से सुसज्जित किया जाएगा। मिनी सचिवालय, रामपुर पुल और जिला मुख्यालय के अन्य प्रमुख स्थलों पर विशेष लाइटिंग की जाएगी, साथ ही, औद्योगिक परिसरों में भी खास सजावट की जाएगी। समारोह में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों और सांस्कृतिक दलों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अलावा प्रदेश सरकार की योजनाओं पर आधारित झांकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी। इनमें मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना, राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना, स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा से संबंधित योजनाओं पर आधारित झांकियां होंगी। स्कूल परिसर में एक विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें विभागों की उपलब्धियां और योजनाएं प्रदर्शित होंगी। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पादों के स्टॉल भी लगाएंगी। यदि मौसम खराब होता है, तो समारोह को टाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा।

### ये हैं मुख्य कार्यक्रम के विवरण

उपायुक्त ने बताया कि उपमुख्यमंत्री 26 जनवरी को सुबह 10.40 बजे एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद, 10.55 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल ऊना के परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण करेंगे। वह मार्चपास्ट की सलामी लेंगे और जिला वासियों को संबोधित करेंगे।

## गणतंत्र दिवस समारोह बंगाणा में भव्य रूप से मनाया जाएगा : सोनू गोयल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल अधिकारी सोनू गोयल ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस समारोह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, बंगाणा के प्रांगण में इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह भव्य और गरिमामय तरीके से आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि प्रात: 10:55 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान एनसीसी और एनएसएस की टुकड़ियां परेड में भाग लेंगी, साथ ही भूतपूर्व सैनिकों और सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की टुकड़ी भी समारोह में विशेष रूप से शामिल होगी। गणतंत्र दिवस के आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी देशभक्ति और संस्कृति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक



बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम सोनू गोयल।

### विभिन्न प्रदर्शनियां, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे विशेष आकर्षण

कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे, साथ ही, विभिन्न विभागों द्वारा विकास योजनाओं को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी, जो दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण होंगी।

समारोह के दौरान शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा, जो आयोजन में एक विशेष भावना का संचार करेगा। दर्शकों को सरकार की योजनाओं और क्षेत्र की उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाई जाएगी। उपमंडल अधिकारी सोनू गोयल ने बताया कि यदि मौसम खराब होता है तो कार्यक्रम के लिए वैकल्पिक स्थल की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर बीएमओ नरेश शर्मा, थाना प्रभारी रोहित चौधरी के साथ सभी विभागों से आए कर्मचारियों व अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुल्लवी महानाटी के रंग में रंगा मनाली का मालरोड




राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के दूसरे दिन मनाली के मालरोड में पारंपरिक वेशभूषा में वामतट के 118 महिला मंडलों की 1500 महिलाओं ने पेड़ लगाओ, स्वच्छ हिमाचल बनाओ.. का संदेश देते हुए कुल्लवी नाटी डाली, वामतट व दाएं तट की महिलाओं के मध्य हो रही नाटी प्रतियोगिता, विजेता टीम को दिया जाएगा एक लाख रुपए का इनाम।

## न्यूज ब्रीफ

### यंगेस्ट फ्लैग एक्सपर्ट ने की सीएम से मुलाकात



**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के पांच वर्षीय बच्चे सक्षम ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सर्किट हाउस मनाली में मुलाकात की। बता दें कि सक्षम ने महज 5 वर्ष की उम्र में तीन बार नेशनल रिकॉर्ड बनाए हैं। सक्षम ने पंद्रह महीने की उम्र में सभी अल्फाबेट सीखकर पहला रिकॉर्ड बनाया था, जिसमें उसे मिरेकल ब्वॉय का टाइटल मिला था। दूसरा रिकॉर्ड तीन साल की उम्र में कार कलेक्शन का था। कार के लोगो देखकर दुनिया की लगभग सभी गाड़ियों की कंपनियों को पहचानता था। तीसरा रिकॉर्ड पांच साली उम्र में सक्षम को 195 देशों के झंडे, उनकी भाषा, मुद्रा और अधिकांश देशों की राजधानी और सभी देशों के नाम की स्पेलिंग सहित जुबानी याद है। इसके लिए सक्षम को यंगेस्ट फ्लैग एक्सपर्ट ऑफ इंडिया का टाइटल मिला। इस होनहार बच्चे से मिलकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सक्षम ने देशभर में हिमाचल का नाम रोशन किया है, इस प्रकार के बच्चे देश का गर्व होते हैं।

### आइस हॉकी प्रशिक्षण शिविर का आगाज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में आइस हॉकी संघ लाहौल-स्पीति एवं पंचायत केलांग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय आइस हॉकी प्रशिक्षण शिविर का डीसी राहुल कुमार ने शुभारंभ किया। इस शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के 50 के करीब बच्चे व युवा केलांग के सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। शुभारंभ अवसर पर डीसी ने कहा कि लाहौल-स्पीति के लिए प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने के लिए 4 करोड़ रुपए की धनराशि का प्रावधान किया गया है। इस धनराशि से जिले के बच्चों को विशेष कर युवाओं को शीतकालीन व साहसिक खेलों के प्रति प्रोत्साहित व प्रशिक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इन खेलों से जुड़े आधारभूत संरचनाओं तथा बेहतरीन स्तर का प्लेटफार्म प्रदान करने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण प्रशिक्षण संस्थान केंद्र मनाली व उपकेंद्र जिस्पा के माध्यम से प्रशिक्षण व प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएंगी।

### 73 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला रेडक्रॉस द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर जिला अस्पताल कुल्लू में आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ अश्वनी कुमार अतिरिक्त उपायुक्त कुल्लू द्वारा स्वयं रक्तदान कर किया गया। रक्तदान शिविर में 85 दाताओं का पंजीकरण हुआ, जिनमें से 73 दाताओं ने 73 यूनिट रक्तदान किया।

### सरकार ने किया महिलाओं का अपमान : धनेश्वरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार जो महिला सम्मान की बात करती है, उसी सरकार ने महिलाओं का अपमान किया है, जो कि शर्मनाक है। कुल्लू के ढालपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि कुल्लू के मनाली में हर बार की तरह इस बार राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल आयोजित किया गया, लेकिन इस बार व्यवस्था परिवर्तन के चलते यहां पर महिलाओं का सम्मान की बजाय उनका अपमान किया गया। धनेश्वरी ने कहा कि महिलाओं को सुबह 9 बजे तक आने के निर्देश दिए गए थे और महिलाएं 7 बजे ही अपनी झांकियां लेकर मनाली मालरोड पहुंच गई थी, लेकिन मुख्यमंत्री के न आने के चलते वह भूखी, प्यासी दोपहर तक खड़ी रहीं। उसके बाद जब महिलाओं ने प्रशासन से इसकी शिकायत की, तो उनके लिए पानी और चाय की व्यवस्था की गई, लेकिन वह चाय पानी भी सभी महिलाओं को नहीं मिल पाया।

## देवभूमि की परंपरा का बखूबी किया प्रदर्शन

**एम बोकटापा, मनाली**



राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के दूसरे दिन मंगलवार को मनाली के मालरोड में पारंपरिक कुल्लवी नाटी आकर्षण का केंद्र रही।

मालरोड में वामतट के 118 महिला मंडलों की 1500 महिलाओं ने नाटी डाली। लगभग एक घंटे तक चली इस नाटी प्रतियोगिता में कुल्लवी परिधान में सजी महिलाओं के कदम मालरोड पर थिरकते रहे। इस दौरान सैलानी जहां महिलाओं के साथ नाटी पर थिरके। वहीं, उन्होंने महिलाओं की इस नाटी को अपने कैमरे में भी कैद किया। पेड़ लगाओ, स्वच्छ हिमाचल बनाओ.. का संदेश देते हुए लेफ्ट बैंक की करीब 1500 महिलाओं ने मनाली के मालरोड में नाटी डाली। काले रंग का तीन फूल वाला पट्टू, चांदी की बूमणी, चंद्रहार, लॉकेट और लाल रंग का धाठू पहनकर महिलाओं ने करीब एक घंटे तक नाटी डाली। रामबाग चौक से दुर्गा मंदिर तक महिलाओं की लंबी लाइन लगी रही। नाटी से पेड़ लगाओ, स्वच्छ हिमाचल बनाओ, महिला सशक्तीकरण, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ के संदेश दिए गए। वाद्ययंत्रों की धुन के साथ मनाली के मालरोड में कुल्लवी परिधानों में सजकर महिलाओं ने शानदार नृत्य किया। इस दौरान देवभूमि की परंपरा का बखूबी प्रदर्शन हुआ और हजारों लोगों ने इसका लुत्फ उठाया। मनाली के मालरोड पर जहां महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में आकर बेहतरीन प्रदर्शन किया तो वहीं, गायकों ने पुरातन गीतों की झड़ी लगाकर नाटी को रोचक बना दिया।

महिलाओं ने पौराणिक आभूषणों में चंद्र हार, बालू, बाजू बंद, पंजेब, तीन फूल वाले पट्टू पहनकर कुल्लवी नृत्य किया। विंटर कार्निवाल में दो दिन महानाटी होती है। एक दिन राइट और एक दिन लेफ्ट बैंक की महिलाएं नाटी डालती हैं। दोनों समूहों में प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम को एक लाख और दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 50,000 रुपए का नकद ईनाम दिया जाएगा। मंगलवार को लेफ्ट बैंक की महिला मंडलों ने महानाटी में भाग लिया, जबकि 23 जनवरी को राइट बैंक की महिला मंडलों की महानाटी होगी। विंटर कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष और एसडीएम मनाली रमन कुमार शर्मा ने कहा कि महानाटी में 118 महिला मंडलों ने भाग लिया। वहीं, मनाली के एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने बताया कि विंटर कार्निवल के दूसरे दिन वामतट के महिला मंडलों की महानाटी का आयोजन किया गया, अब राइट बैंक की महिलाओं के द्वारा 23 जनवरी को महानाटी आयोजित की जाएगी।




## सीएम ने 'जीना यहां मरना यहां' गीत गुनगुनाया

**कमलेश वर्मा, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में पांच दिवसीय राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के आगाज के साथ ही मनुरंगशाला में भी सांस्कृतिक संध्या का दौर शुरू हो गया है। विंटर कार्निवाल की पहली सांस्कृतिक संध्या इंडियन आइडल नेहा दीक्षित व राजीव थापा के नाम रही। इस संध्या में मुख्यमंत्री सुक्खू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस मौके पर जहां विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं, प्रसिद्ध गायक राजीव थापा के आग्रह पर एक हिंदी गाने जीना यहां मरना यहां की चंद पंक्तियां भी गुनगुनाई। उन्होंने सांस्कृतिक संध्या के उपरांत मनाली के सुप्रसिद्ध मालरोड पर चहलकदमी की और स्थानीय लोगों व पर्यटकों से भी परिचित हुए। इसके बाद राजीव थापा ने देर तक दर्शकों को झूमाया। वहीं, नेहा दीक्षित ने एक से बढ़कर एक बेहतर गाने गाकर खूब धूम मचाई। नेहा दीक्षित ने सीएम की फरमाइश पर साथिया व बदमाश दिल गीत गाकर वाहवाही लूटी। मुख्यमंत्री ने देर सायं मनाली की मनु रंगशाला में दीप प्रज्वलित कर शरदोत्सव (विंटर कार्निवल)-2025 की सांस्कृतिक संध्याओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मनाली सहित कुल्लू जिलावासियों को नववर्ष एवं शरदोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए मां हिडिंबा से सभी की सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मनाली शहर में पर्यटकों को सुगम सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा यातायात जाम जैसी स्थितियों से निपटने के लिए भी कार्य योजना तैयार की गई है। उन्होंने स्थानीय विधायक की मांग पर मनाली के प्रवेशद्वार पर यातायात जाम से निपटने के दृष्टिगत रांगड़ी से वाम तट को जोड़ने के लिए पुल निर्माण को 15 करोड़ रुपए स्वीकृत करने, कलाथ में गर्म पानी के स्रोतों की उपलब्धता के दृष्टिगत यहां हॉट वाटर बाथ सुविधा, नेचर पार्क आदि विकसित करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त विंटर कार्निवाल की शोभायात्रा में शामिल महिला मंडलों की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी कर इसे 30 हजार रुपए करने की भी घोषणा की। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने 206 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात के लिए, सीएम का आभार व्यक्त किया। डीसी तोरूल एस रविश ने आयोजन समिति की ओर से सीएम एवं अन्य गणमान्यों का स्वागत किया और इस पांच दिवसीय शरदोत्सव की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर हिप्र पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली, विधायक सुरेश कुमार, विनोद सुल्तानपुरी एवं अनुराधा राणा, एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पिति के अध्यक्ष राम सिंह मिया, नगर परिषद एवं जिला परिषद के चुने हुए प्रतिनिधि, मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव विवेक भाटिया, पुलिस अधीक्षक कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू से महका मालरोड

**अनंत ज्ञान, मनाली**



राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के दौरान मनाली का मालरोड पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू से महक उठा है।

यहां पहुंचे पर्यटक जहां मनाली के मालरोड में चहल-पहल कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ स्थानीय व्यंजनों की महक भी पर्यटकों को लुभा रही है। पर्यटक जहां एक तरफ कुल्लू की कला और संस्कृति से रूबरू हो रहे हैं। वहीं, स्थानीय व्यंजनों का भी खूब लुत्फ उठा रहे हैं। विंटर कार्निवाल कमेटी के द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं व महिला मंडलों को स्टॉल दिए गए हैं, जहां पर विभिन्न महिला मंडल के द्वारा जिला कुल्लू के पारंपरिक व्यंजन परोसे जा रहे हैं। बाहरी राज्यों से आए पर्यटक भी यहां पर सिड्डू, भल्ले, कचोरी, मक्की की रोटी, सरसों का साग, कोदरे की रोटी और फैमड़ा सहित अन्य व्यंजनों का स्वाद ले रहे हैं। पर्यटकों का कहना है कि दिन भर वह मनाली के विभिन्न स्थानों पर घूमने का मजा ले रहे हैं। वहीं, शाम होते ही मालरोड पर विंटर कार्निवल का भी आनंद उठा रहे हैं। दिल्ली से मनाली घूमने आए पर्यटक जोड़े राहुल व सोनाली ने बताया कि वह पहली बार मनाली आए हैं और यहां पर जहां वह विभिन्न पर्यटन स्थलों में घूमे।





विंटर कार्निवाल का आकर्षण रहने वाली शरद सुंदरी प्रतियोगिता के लिए दूसरे दिन ग्रूमिंग सैशन हुआ। फैशन कोरियोग्राफर व ग्रूमर दिव्यांगना मेहता ने बताया कि इस बार 20 प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं।

## वॉयस ऑफ कार्निवाल की रही धूम

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली में चल रहे राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल में वॉयस आफ कार्निवाल प्रतियोगिता शुरू हो गई है। कार्निवाल के दूसरे दिन मालरोड मनाली में साझे मंच पर प्रदेश सहित कई राज्यों के 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दोपहर बाद करीब 2 बजे से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में युवा प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस दौरान मनाली के सैर सपाटे को पहुंचे हजारों पर्यटकों ने भी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। विंटर कार्निवाल में दर्शकों के लिए वॉयस आफ कार्निवाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रतियोगिता के पहले दिन शैलेश बौद्ध, राखी गौतम, वंशिका ठाकुर, अंकुश नेगी, कोमल, जवाहर लाल, खुशवंत और तरुण ने भी अपनी आवाज का जादू बिखेरते हुए दर्शकों को नाचने पर मजबूर किया। विजेता को एक लाख और उपविजेता को क्रमश 50 हजार और 30 हजार ईनाम दिया जाएगा।

## मनुरंगशाला में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**मनाली।** विंटर कार्निवल के दूसरे दिन मनुरंगशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का दौर चलता रहा। सुबह 11 बजे से शुरू हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में लोकनृत्य, नए पुराने बॉलीवुड गानों पर डांस, फैशन शो, टेलेंट शो और क्लासिकल डांस जैसी प्रतियोगियां संपन्न हुईं। लोकनृत्य प्रतियोगिता में द वॉरियर कुल्लू, एकाग्र ग्रुप कुल्लू, धनलक्ष्मी असम, पीडीएस ग्रुप जम्मू, लोकनाच अकादमी और ड्रीम टू फ्लाई ग्रुप सुंदरनगर में मुकाबले हुए। नए फिल्मी गीतों पर नृत्यांगना कला संस्कृति मंच नग्गर, धनलक्ष्मी असम, म्यूजिक वर्ल्ड डांस स्टूडियो लुधियाना आदि ने प्रस्तुति दी।

# मिसरू राम के लिए जी का जंजाल बना आधार

## आधार कार्ड न बनने से कल्याणकारी योजनाओं से वंचित

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आधार कार्ड को भारतीय नागरिकों की विशिष्ट पहचान का आधार बताया गया है, लेकिन निरमंड उपमंडल की कोटि पंचायत के ब्युनी गांव निवासी 68 वर्षीय मिसरू राम आधार कार्ड न बन पाने के कारण सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित हैं। मिसरू और उसके बीपीएल में दर्ज गरीब परिवार के लिए यह आधार कार्ड जी का जंजाल बन गया है।

आधार कार्ड न बन पाने के कारण मिसरू राम को न तो पेंशन का लाभ मिल पा रहा है और न ही सस्ते राशन की सरकारी दुकान से सस्ता राशन मिलता है। मिसरू राम के जमीन की केवाईसी भी नहीं हो पा रही है। मिसरू राम के बेटे बालक राम का कहना है कि उनके पिता का परिवार रजिस्टर में बतौर मुखिया नाम दर्ज है।

उनके पिता का बाकायदा मतदाता पहचान पत्र बना है, लेकिन पिछले कई सालों से उनके पिता, जो मानसिक रूप से कमजोर हैं, उनका आधार कार्ड बनवाने के लिए लोकमित्र केंद्रों, डाकघर आदि के चक्कर काटे गए, लेकिन वहां सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद वापस भेजा जाता है, लेकिन कुछ दिनों के बाद आधार कार्ड की एप्लिकेशन रिजेक्ट होने की सूचना मिलती है। बालक राम का कहना है कि वे एक मजदूर आदमी हैं और खेतीबाड़ी, मजदूरी कर गुजारा कर रहे हैं। ऐसे में बार-बार आधार कार्ड बनाना, लोकमित्र केंद्रों के चक्कर काटना उनके बस में नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### ऐसी कोई जानकारी नहीं

**वहीं** इस बारे में निरमंड तहसील के तहसील कल्याण अधिकारी देवेंद्र कुमार ने कहा कि उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने प्रभावित परिवार को पेंशन के आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि वे बिना आधार के मिसरू राम को पेंशन की सिफारिश कर देंगे, जबकि निरमंड के एसडीएम ने आश्वासन दिया कि वे मिसरू राम के परिवार से संपर्क कर उसकी समस्या को सुलझाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

# भाजपा समर्थित बीडीसी का हुआ तख्तापलट, कांग्रेस ने जमाया कब्जा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



भाजपा समर्थित बीडीसी लाहौल का तख्तापलट हो गया है। दोनों पदों पर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया है। कांग्रेस समर्थित विपिन शाशनी अध्यक्ष व दलीप उपाध्यक्ष बने हैं।

15 जनवरी को लाहौल बीडीसी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ था। अविश्वास प्रस्ताव के पारित होते ही भाजपा समर्थित अध्यक्ष सोनम टशी व उपाध्यक्ष राकेश सिंह की कुर्सी चली गई थी। 15 सदस्यीय पंचायत समिति में तिंदी वार्ड से रीता, उदयपुर से शीला, तिंगरेट से दलीप सिंह, त्रिलोकनाथ से राकेश सिंह, थिरोट से दिनेश कुमार, जाहलमा वार्ड से प्रोमिला, शांशा से हीरा दासी, गोहरमा से प्रोमिला, तांदी से भावना, गौशाल से विपिन, केलांग से केसंग, कोलंग से टशी सोनम, कारदंग से नवांग, गोंदला से प्रोमिला और सिस्सू से अंजू देवी बीडीसी सदस्य हैं। एसडीएम केलंग रजनीश शर्मा ने बीडीसी अध्यक्ष बने विपिन शाशनी और उपाध्यक्ष बने दलीप को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। विधायक अनुराधा राणा ने उन्हें बधाई दी और क्षेत्र के विकास में सहयोग देने की बात कही।

## डोहलू नाला टोल-प्लाजा के विरोध में उतरा भारतीय किसान संघ

# केंद्रीय परिवहन मंत्रालय को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



भारतीय किसान संघ जिला कुल्लू इकाई भी अब डोहलू नाला टोल प्लाजा संघर्ष समिति के समर्थन में उतरी है।

मंगलवार को जिला अध्यक्ष ऋषि राज राणा के नेतृत्व में समिति ने डोहलू नाला टोल-प्लाजा शुरू करने के विरोध में जिला राजस्व अधिकारी गणेश ठाकुर के माध्यम से केंद्रीय परिवहन मंत्रालय को ज्ञापन भेजा। जिला मुख्यालय में किसान संघ के प्रचार प्रमुख अशोक ठाकुर ने बताया कि भारतीय किसान संघ टोल-प्लाजा शुरू होने से किसानों को होने वाले आर्थिक नुकसान का पुरजोर विरोध करेगा। नेशनल हाईवे अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया के नियम अनुसार 60 किलोमीटर के अंदर दूसरा टोल प्लाजा नहीं हो सकता, जबकि डोहलू नाला टोल-प्लाजा ढकोली टोल प्लाजा की दूरी 60 किलोमीटर से कम है इसीलिए डोहलू नाला टोल-प्लाजा नियमों के खिलाफ है और बाढ़ के बाद रोड की स्थिति अभी भी सिंगल लेन की है। वहीं, इसके बाद समिति की ओर से बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला मंत्री रमेश ने जिला कार्यकारणी के विस्तारण की घोषणा की, जिसमें सीता ठाकुर को महिला प्रमुख, सह महिला प्रमुख कुशलता, विशाल मंहत को युवा प्रमुख, पर्यावरण एवं जल संरक्षण आयाम प्रमुख पवन कुमार, राजस्व प्रमुख प्रकाश को जिम्मेदारी दी गई। किसान संघ के प्रदेश महामंत्री उमेश सूद ने कहा कि प्रदेश में 5 बीघा से कम जमीन वाले किसानों को सरकारी जगह से बेदखल न किया जाए। जिला कोषाध्यक्ष प्रेम ने भी बैठक में अपने विचार रखे कि सब्जी मंडियों में भी किसानों का उत्पीड़न होता है।

**आयोजन** कुल्लू में जिला भाजपा ने मनाया संविधान गौरव दिवस, पायल वैद्य रहीं मुख्य वक्ता

# डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला कुल्लू के मुख्यालय के साथ लगते गांधीनगर में जिला कुल्लू भाजपा के द्वारा संविधान गौरव दिवस का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने की और हिमाचल प्रदेश भाजपा की उपाध्यक्ष पायल वैद्य मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुईं। वहीं, भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव साहेब अंबेडकर के जीवन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा साल-1950 में संविधान पूरा किया गया था और आज इस संविधान को 75 वर्ष पूरे हो गए हैं, जिसके चलते भाजपा के द्वारा आम जन को भी संविधान संबंधी जानकारी दी जा रही है और भाजपा के कार्यकर्ता भी गांव-गांव जाकर लोगों को संविधान गौरव दिवस के बारे में अवगत करवा रहे हैं।

संविधान गौरव दिवस के अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पायल वैद्य ने कहा कि भाजपा ने डॉ. अंबेडकर की विरासत को सम्मानित करने के लिए हर संभव प्रयास किया और साल 1990 में भाजपा-समर्थित सरकार ने भारत के कानूनी और सामाजिक ढांचे को आकार देने में उनकी अद्वितीय भूमिका को मान्यता देते हुए डॉ. अंबेडकर को प्रतिष्ठित भारत रत्न से सम्मानित किया। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 12 अप्रैल 1990 को संसद के केंद्रीय कक्ष में डॉ. अंबेडकर की तस्वीर लगाई गई, जो भारतीय लोकतंत्र में उनके महत्व को दर्शाता है।

पायल वैद्य ने कहा कि अब डॉ.अंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों की पहचान की गई है और उन्हें पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया गया है। अमित सूद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) पर आधारित यह ऐप नकदी सहित लेन-देन की सुविधा प्रदान करता है और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देता है।

# संविधान गौरव दिवस को उत्सव के रूप में मनाएगी बंजार भाजपा : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**



केंद्रीय भाजपा संगठन द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे संविधान गौरव अभियान के तहत मंगलवार को कुल्लू जिला भाजपा द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक शौरी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश भर में मंडल स्तर तक संविधान गौरव दिवस के रूप में मनाएगी।

अभियान के माध्यम से भारतीय संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों का व्यापक प्रचार किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर व उनके मूल्यों को सही मायनों में भाजपा ने यथार्थ किया है। भाजपा की केंद्र सरकार के समय में डॉ. भीमराव अंबेडकर के देश में सामाजिक उत्थान के लिए किए गए कार्यों को पहचानते हुए भारत रत्न प्रदान किया गया था। यह अभियान भारतीय संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि 11 से 25 तक भाजपा द्वारा विभिन्न मंडलों में संविधान गौरव दिवस मनाया जाएगा।

**PUBLIC NOTICE**

**Dated: -20-01-2025**

**It** is hereby informed to General Public at large that Sh. Om Prakash S/o Sh. Brij Lal R/o Muhal Kotadhar, Hadbast No. 520, Tehsil Aut and Distt. Mandi H.P. has availed Secured loan from AU SMALL FINANCE BANK LIMITED Vide RLOS No. 787897 from its branch office at VPO Shamshi, Tehsil Bhunter District Kullu (H.P) on Property Measuring 00-04-00 Bigha Situated at Muhal Kotadhar, Hadbast No. 520, Tehsil Aut and Distt. Mandi H.P. Original Sale Deed in name of that Sh. Manohar Lal S/o Sh. Ram Dass has execute one sale deed vide Reg. No. 156/1991 Dated 10/09/1991 as in favour of Sh. Om Prakash, Sh. Shri Ram Sh. Arjun Dev All S/o Sh. Brij Lal has been Lost/Misplaced. A Police Report has also been registered in this regard vide Complaint No. 2250003072500001 Dated: 20/01/2025 at Police Station Aut. If anybody found the said lost documents, then may contact to undersigned and anybody having claim or claiming any prior rights or interest in any manner in this property or has raised Objection by depositing the aforesaid document to any person/bank/corporation/financial institution may approach the undersigned and submit objection within 7 days from the date of this public notice. After the expiry of period of this no claim shall be entertained and such claim shall be deemed to be false, fake, frivolous, fraudulent and baseless claim and shall have no value in the eyes of law.

**Mohit Bali, Advocate**
**District Court Kullu**
**Distt. Kullu (H.P.)**
**Mob. 70184-00078**

## न्यूज ब्रीफ

### 14 वर्षीय युवक ने पेड़ से फंदा लगा कर दी जान

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की थाने के अंतर्गत आने वाले काथला गांव निवासी एक 14 वर्षीय बालक ने घर के सामने पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी का फंदा लगा कर जान दे दी। उसे फंदे से उतारकर एम्स बिलासपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक ने फंदा क्यों लगाया पुलिस इसकी जांच कर रही है। सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि एम्स बिलासपुर से फोनपर अर्की थाने को सूचित किया कि काथला गांव निवासी एक बालक को मृत अवस्था में चिकित्सालय पहुंचाया गया है। इस पर अर्की पुलिस एम्स बिलासपुर पहुंची, जहां बालक का शव मिला। उसके शरीर की प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं पाए गए। बालक के परिजनों ने से भी पूछताछ में उसके इस तरह आत्मघाती कदम उठाने की कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस की टीम ने काथला गांव स्थित घटना स्थल का भी दौरा किया, जहां दुपट्टे के सहारे बालक ने सुसाइड किया था।

### करियर अकादमी के निदेशक के खिलाफ खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर बार एसोसिएशन नाहन ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए करियर अकादमी स्कूल नाहन के निदेशक के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। इस फैसले के अनुसार, एसोसिएशन के किसी भी सदस्य अधिवक्ता को करियर अकादमी के निदेशक का बचाव करने या उनके लिए अदालत में पेश होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह फैसला तब आया है जब एक महिला ने करियर अकादमी के निदेशक के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें उन पर गंभीर आरोप लगाए थे। महिला का आरोप है कि निदेशक ने उनके साथ अश्लील हरकतें कीं और उन्हें परेशान किया। महिला पीड़िता के परिवार के एक सदस्य भी सिरमौर जिला बार एसोसिएशन के सदस्य हैं, जिसे देखते हुए एसोसिएशन ने यह फैसला लिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि यह फैसला सर्वसम्मति से लिया गया है और इसका उद्देश्य पीड़िता को न्याय दिलाना और समाज में महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के खिलाफ आवाज उठाना है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि कोई अधिवक्ता इस फैसले का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### मार्च में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान, सोलन।** मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एमएएफआई) की हिमाचल इकाई के महासचिव भीष्म चौहान ने एक निजी रेस्तरां में बैठक आयोजित की। बैठक में मार्च माह में होने वाली राष्ट्रीय एथलेटिक्स स्पर्धा के बारे में विस्तार से चर्चा की। चौहान ने बताया कि यह एथलेटिक्स प्रतियोगिता 4 से 9 मार्च को बेंगलुरु में होगी। इस प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम भी भाग लेगी। हिमाचल प्रदेश के जो भी एथलेटिक्स भाग लेने के इच्छुक हैं, वह उनसे संपर्क कर सकते हैं। बैठक में शीला कौशल, कल्पना परमार, सीता, पूजा, चंपा, कृष्णा वर्मा, मालती, कमलेश, सुनीता आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम 25 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह डीसी कार्यालय सोलन के सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे आरंभ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा करेंगे।

### आपदा प्रबंधन पर श्रोताओं को किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इस सप्ताह विषय एक भारत श्रेष्ठ भारत पर भाषण, विचार, प्रकटीकरण आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आठवीं कक्षा की याचना ने प्रातः कालीन सभा में अपने विचार प्रकट किए। उसने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को भारत की सांस्कृतिक विरासत का अनुपम उदाहरण बताते हुए कहा कि यह एक अद्भुत सांस्कृतिक संगम है। विद्यालय के अध्यापक प्रकाश ने भी इस विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने आपदा प्रबंधन पर सभी उपस्थित श्रोताओं को जागरूक किया। मुख्याध्यापक पीसी बड्डू ने बताया कि प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### सावधानी से करें जन्म व मृत्यु का पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला रजिस्ट्रार जन्म व मृत्यु सह-मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला सिरमौर डॉ. अजय पाठक ने जन साधारण से अपील की है कि जन्म अथवा मृत्यु की घटना का पंजीकरण करते समय निर्धारित प्रारूप को सावधानी से भरें, ताकि भविष्य में किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जन्म व मृत्यु अधिनियम-1969 के अंतर्गत किसी भी जन्म व मृत्यु की घटना का पंजीकरण 21 दिन के भीतर पंचायत अथवा नगर पालिका व परिषद में दर्ज करवाना अनिवार्य होता है तथा 21 दिन से 30 दिन तक विलंब शुल्क के साथ दर्ज करवाया जा सकता है। बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बिना नाम के भी प्राप्त किया जा सकता है तथा बच्चों का नाम प्रमाण पत्र में एक वर्ष तक बिना किसी शुल्क के डलवाया जा सकता है। जन्म प्रमाण पत्र में नाम दर्ज करवाने के लिए अभिभावकों से आवेदन पत्र भरवाया जाता है, जिसमें स्पष्ट लिखा होता है कि भविष्य में बच्चे व माता-पिता के नाम में कोई भी परिवर्तन नहीं किया जाएगा। यदि अभिभावकों द्वारा जन्म प्रमाण पत्र में बच्चे का नाम दर्ज करवा दिया जाता है, तो बाद में उसकी दुरुस्ती या पूरा नाम बदलना मुश्किल ही नहीं असंभव हो जाता है।

### बाघल विकास परिषद ने समस्याओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बाघल विकास परिषद की बैठक में क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। परिषद के अध्यक्ष व माइनिंग एरिया लैंड लूजर सभा के संस्थापक परस राम ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य मुद्दों में प्राथमिकता के आधार पर अंबुजा सीमेंट प्लांट दाड़लाघाट द्वारा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से दिए गए रोजगार को दिलाने व बचाने के विषय में चर्चा की गई। परस राम ने अपने क्षेत्र के लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि इस विषय में निस्वार्थ भाव से साथ आएं और हमारे आने वाले भविष्य के लिए इस पैतृक रोजगार को बचाने में सहायता करें। इस विषय में परस राम ने बताया कि उन्होंने अंबुजा फाउंडेशन के नॉर्थ हेड मुकेश सक्सेना के साथ फोन पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अपनी बहुमूल्य जमीन इस कंपनी को लगाने के लिए दी। हम उनके परिवार के सदस्यों को रोजगार देने का प्रयास कर रहे हैं। हम लैंड लूजर और प्रभावित परिवारों के जुड़े कर्मचारियों को नहीं निकालेंगे, बल्कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा हम क्षेत्र के अन्य बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर प्रशासन के द्वार पहुंचे व्यापारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन माल रोड सहित मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से नाराज शहर के कारोबारियों के प्रतिनिधिमंडल ने व्यापार मंडल अध्यक्ष कुशल जेठी के नेतृत्व में डीसी सोलन से बैठक कर अपना पक्ष रखा। कारोबारियों ने अतिक्रमण के खिलाफ शहर में चलाई मुहिम, जिसमें कुछ दुकानों के बाहर किराये पर चल रहे स्टाल और रेहड़ियों को हटाने की कार्रवाई का समर्थन किया, लेकिन बेवजह दुकानदारों को तंग किए जाने पर नाराजगी जताई।

डीसी सोलन ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए व्यापारियों की बात का सम्मान रखा और सभी दुकानदार जिन्होंने यह आश्वस्त किया कि कोई भी जगह सबलेट कर किसी को आगे नहीं बिठाएगा और कोई भी दुकानदार अपनी सीमा में रहकर ही समान रखेंगे और कोई भी सरकारी जगह पर किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं करेगा। इस मौके पर राज्य व्यापार मंडल के सदस्य रमेश सिंगला, पंकज वर्मा, विनय शर्मा, सुधीर आहूजा, राजेश मैनी, हरीश सहगल, मुकेश शर्मा, नीरज, राज गुप्ता, मोनू आदि 100 व्यापारी मौजूद रहे। बता दें कि प्रशासन ने सोलन मालरोड को स्वच्छ सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अब प्रशासन ने दुकानों के सामने सबलेटिंग से सख्ती से निपटने का निर्णय लिया है।

प्रदेश के शहरों में दुकानदारों की मनमानी से बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए हाईकोर्ट ने जिलाधीशों को आदेश दे रखे हैं। इसको लेकर सोलन प्रशासन लगातार अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाए हुए है। माल रोड पर दो दिनों तक अतिक्रमण हटाने की मुहिम में पाया कि दुकानदारों ने ही सेटबैक एरिया को सबलेट कर प्रतिदिन के हिसाब से किराये पर दिया है। इससे दुकानदारों की चांदी होने के साथ सबलेट एरिया में भी अतिक्रमण कर सड़क पर ही दुकानें सजाई जा रही थी।



### अधिकतर दुकानदारों ने किया कार्रवाई का समर्थन

प्रशासन की कार्रवाई का अधिकतर दुकानदारों ने समर्थन किया है। मात्र 10 से 15 फीसदी ही हैं, जो इसका विरोध कर रहे हैं। प्रशासन ने साफ शब्दों में कह दिया है कि ड्रेन नाली के बाद भी दुकानदारों को कम से कम तीन फुट अंदर सामान रखना होगा, ताकि राहगीरों को फुटपाथ पर चलने और खरीददारी करने में दिक्कत न हो। साथ ही दुकानों के सामने खाली पड़ी जगह पर सबलेट कर स्टॉल और फड़ी लगाने की भी अनुमति नहीं होगी। मालरोड पर लंबे समय से यह गतिविधियां चल रही थी, जहां सेटबैक एरिया में सब्जी, फल और चाट-पापड़ी की दुकानें सजाई जा रही थीं। अब इस प्रकार की गतिविधियों की पुनरावृत्ति होने पर नियमानुसार 25 हजार रुपए का चालान किया जाएगा।

# जनसमस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : हर्षवर्धन चौहान

**अनंत ज्ञान, नाहन**



### उद्योग मंत्री ने शिलाई प्रवास के दौरान सुनी जनसमस्याएं

उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास कार्यक्रम के दौरान तिलोरधार, टिंबी तथा शिलाई के लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में अधिकारियों की मौजूदगी में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं।

उद्योग मंत्री ने एनएच-707 पर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की निगरानी करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि मार्ग पर चल रहे कार्य के दौरान क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। इस दौरान तिलोड़धार, टिंबी तथा शिलाई में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों ने सामूहिक समस्याओं सहित व्यक्तिगत समस्याएं भी उनके समक्ष रखी। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडलों ने उद्योग मंत्री के समक्ष उनके क्षेत्र से संबंधित मांगें रखीं। उद्योग मंत्री ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया और शेष मांगें व समस्याएं जो स्थानीय स्तर की थीं, उन्हें अधिकारियों को सौंप कर उनका समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा रखी गई मांगों को भी जल्द पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसेवा, जन समस्याओं का समाधान, पिछड़े क्षेत्रों व वर्गों का उत्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके मद्देनजर वह समय-समय पर अपने विधानसभा क्षेत्र में आते हैं तथा क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनते हैं, ताकि उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जा सके।

# 7742 .87 करोड़ की संभाव्यता युक्त ऋण योजना की जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए सोलन की संभाव्यता युक्त ऋण योजना का लोकार्पण किया। सोलन के लिए वर्ष 2025-26 में 7742.87 करोड़ रुपए की संभाव्यता युक्त ऋण योजना जारी की गई है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिले के समग्र विकास में बैंकों की अहम भूमिका है।

योजना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के लिए आकलन की गई संभव्यता का संपूर्ण उपयोग किया जाना चाहिए। बैंकों को अपनी सेवाएं गरीब एवं पिछड़े वर्ग तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिले में कार्य कर रहे स्वयं सहायता समूह, कृषक उत्पादक संगठन आदि के लिए विपणन की सुविधाओं का विकास किया जाना भी आवश्यक है। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अशोक चौहान ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल 7742.87 करोड़ रुपए की ऋण योजना का आकलन किया गया है। इसमें 1105.24 करोड़ रुपए कृषि व कृषि से संबंधित कार्यों के लिए निर्धारित किए गए हैं। कृषि क्षेत्र की निर्धारित राशि में से 760.15 करोड़ रुपए फसल उत्पादन व रखरखाव, 74.89 करोड़ रुपए कृषि सावधि ऋण तथा 270.20 करोड़ कृषि संबंधी आधारभूत संरचनाओं एवं अन्य संबंधित गतिविधियों के लिए निर्धारित किए गए हैं।

# छेड़छाड़-किडनैपिंग मामले में भेजा नोटिस

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के नाहन स्थित एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के मालिक मनोज राठी पर किडनैपिंग और छेड़छाड़ के आरोप लगे हैं। महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया कि मनोज राठी ने उसे संस्थान के काम के बहाने अपनी गाड़ी में बैठाया और सुनसान जगह पर ले जाकर अश्लील हरकतें कीं।

आरोपी ने पीड़िता को शिमला रोड के एक सुनसान इलाके में ले जाकर शराब पीने के लिए मजबूर किया। घबराई महिला ने लाइव लोकेशन और मैसेज के जरिए अपने दोस्त को अलर्ट किया। किसी तरह घर लौटकर उसने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। महिला पुलिस थाना में भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस भेजा, लेकिन आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टा ने बताया कि मामले की प्राथमिकता के आधार पर जांच जारी है। यदि आरोपी नोटिस के बावजूद जांच में शामिल नहीं होता है, तो उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# राजगढ़ में 10. 6 ग्राम चिट्टे के साथ महिला व पुरुष गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

गुप्त सूचना के आधार पर राजगढ़ पुलिस की एसआईयू टीम ने बीती रात पुलिस थाना के समीप सड़क किनारे खड़ी एक आल्टो के10 कार नंबर सीएच01एंजेड- 2096 से 10.6 ग्राम चिट्टा/हीरोईन बरामद करने में सफलता हासिल की है।

इस मामले में दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है, जिसमें एक महिला भी शामिल है, जिसकी पुष्टि डीएसपी राजगढ़ वीसी नेगी ने की। उन्होंने बताया मामले में संलिप्त दोनों व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पुलिस थाना राजगढ़ में दर्ज कर लिया है और आगामी जांच की जा रही है। सिरमौर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ अभियान आरंभ किया गया है तथा नशे का कारोबार करने वाले गिरोह का फर्दाफाश कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है।

## 11 ग्राम चिट्टे सहित दो युवक व युवती गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस ने टोल बैरियर सनवारा में नाके के दौरान गाड़ी की चैकिंग करने पर चिट्टा बरामद किया। साथ ही इसमें सवार तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया।

जिला सोलन पुलिस की विशेष अन्वेषण ईकाई की टीम पुलिस थाना धर्मपुर के क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि चंडीगढ़ की तरफ से दो युवक व एक युवती एक गाड़ी में धर्मपुर की ओर आ रहे हैं, जो उपरोक्त तीनों चिट्टा/हेरोईन बेचने का काम करते हैं, यदि इसी समय इन्हें व इनकी गाड़ी को चैक किया जाए, तो भारी मात्रा में चिट्टा पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर



विशेष अन्वेषण ईकाई की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सनवारा टोल प्लाजा के समीप नाकाबंदी कर उपरोक्त गाड़ी को चैक किया तथा गाड़ी में बैठे दो युवक व एक युवती को करीब 11 ग्राम चिट्टा/हेरोईन सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। उक्त मामले की जांच के दौरान वारदात में संलिप्त गाड़ी को जब्त कर पुलिस ने कब्जा में ले लिया है।

## बद्दी पुलिस ने चलाया स्कूल बस चैकिंग विशेष अभियान

# अनियमितता पाए जाने पर किए 19 चालान

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

बद्दी पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया, जिसमें स्कूलों बसों की चैकिंग की व जिसमें बिना यूनिफार्म, बिना नंबर प्लेट, ओवरलोडिंग, बिना कागजात, बिना सीट बेल्ट, बिना सहायक के और खतरनाक व लापरवाही से गाड़ी चलाने वाले स्कूल बस चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

इस अभियान के दौरान कुल 19 चालान किए गए, जिनमें से 6 चालान बिना यूनिफार्म के, 1 चालान न रुकने पर, 3 चालान ओवरलोडिंग के, 4 चालान बिना फर्स्ट ऐड किट के, 4 बिना सीट बेल्ट के, 1 चालान बिना नंबर प्लेट के किया गया है। अभियान के दौरान स्कूल बस चालकों को ओवरलोडिंग न करने, बिना यूनिफार्म, बिना नंबर प्लेट, बिना कागजात, बिना सीट बेल्ट, बिना सहायक और खतरनाक व लापरवाही से गाड़ी न चलाने बारे हिदायत/ दिशा-निर्देश दिए गए और पुलिस ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि नियमों की अवहेलना न हो इसलिए बद्दी पुलिस हर रोज हर तरह के वाहनों की चैकिंग कर रही है और जो नियमों से बाहर हैं, उनके साथ पुलिस सख्ती बरत रही है।




# सिस्टोल फार्मा के मैनेजर की सीढ़ियों से गिर कर मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** औद्योगिक क्षेत्र कलाअंब त्रिलोकपुर रोड खैरी गली में स्थित सिस्टोल फार्मा के मैनेजर की फैक्टरी में सीढ़ियों से गिरने के कारण दर्दनाक मौत हुई है।

जानकारी के अनुसार मनोज 45 वर्ष निवासी बिजनौर उत्तर प्रदेश कलाअंब की फर्म में मैनेजर पद पर कार्यरत था। मैनेजर फैक्टरी की ऊपरी मंजिल से सीढ़ियों से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान अचानक पांव फिसलने से वह सर के बल नीचे आ गिरा। इस हादसे की खबर के बाद कालाअंब फार्मा जगत में शोक की लहर फैल गई है। एडिशनल एसपी ने खबर की पुष्टि की है।

# दून विधायक ने सिविल अस्पताल बद्दी की नई ओपीडी का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

### मेरा सपना बद्दी में हो सुविधाओं से लैस सिविल अस्पताल : राम कुमार

दून के विधायक राम कुमार ने सिविल अस्पताल बद्दी में नई ओपीडी के भवन का शिलान्यास किया। लगभग पौने दो करोड़ की लागत से बन रहे इस नई ओपीडी भवन में 6 कमरे व बरामदा है, जिसमें यहां के डॉक्टर बैठकर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। राम कुमार का अस्पताल प्रांगण में पहुंचने पर अस्पताल स्टाफ व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद राम कुमार द्वारा विधिवत भूमि पूजन व गणेश पूजन किया गया। उसके बाद नारियल तोड़कर नई ओपीडी भवन का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर राम कुमार ने बताया कि उनका सपना है कि बद्दी में सभी सुविधाओं से लैस एक अस्पताल हो। उन्होंने कहा कि अभी यह अस्पताल 50 बेड का है, लेकिन जल्द ही इसे 100 बेड का करवा दिया जाएगा और आने वाले समय में मुख्यमंत्री को बुलाकर इसका लोकार्पण किया जाएगा।

# सिरमौर में 3 नदियों के तटीकरण पर खर्च होंगे 376 करोड़ रुपए

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले में जल शक्ति विभाग बरसात के दौरान कहर बरपाने वाली 3 नदियों के तटीकरण पर करीब 376 करोड़ रुपए की राशि खर्च करेगा।

विभाग की इस योजना को हरी झंडी मिल गई है और अब फंडिंग एजेंसी का इंतजार है। जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार महाजन ने नाहन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिले में यमुना, गिरि और मारकंडा नदियों के तटीकरण की योजना बनाई है, जिसमें यमुना के तटीकरण पर 250, गिरि नदी के तटीकरण पर 100 मारनकड़ा और 26 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

उन्होंने कहा कि विभागीय योजना के मुताबिक नदियों के आसपास संभावित खतरे वाले क्षेत्रों को लेकर निशानदेही की जाएगी और तय किया जाएगा कि भवन निर्माण कार्य नदी से कितनी दूरी पर संभव हो पाएगा। विभाग अपनी स्कीमों को ऑटोमाइज करेगा, जिससे बिजली कम खर्च होगी और रिपेयर कॉस्ट को भी शून्य पर लाया जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में हुए दो भाइयों के निधन पर जताया दुख

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य दाड़लाघाट वार्ड राम कृष्ण शर्मा ने हालही में एक सड़क हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है, जिसमें पारनू पंचायत के ठेरा गांव के दो सगे भाइयों की मृत्यु हो गई थी। इस हादसे पर माकपा नेता ने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह हादसा बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे पूरे परिवार को गहरा आघात लगा है।

# अधिकारी आपसी समन्वय से तय सीमा के भीतर पूर्ण करें लंबित विकास कार्य : रमेश

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला परिषद सोलन के अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि जिला परिषद की बैठक आमजन की समस्याओं को सुलझाने का उपयुक्त मंच है और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्या को सुलझाने के लिए क्रियाशील रहना चाहिए।

रमेश जिला परिषद की नववर्ष की प्रथम त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने जिला परिषद के सदस्यों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया कि विभिन्न विकास कार्यों को आपसी समन्वय से तय सीमा के भीतर पूर्ण करें, ताकि लंबित पड़े कार्यों के विलंब से धनहानि न हो। जिले के सभी खंड विकास अधिकारी, जिला परिषद सदस्यों को संबंधित विकास खंडों में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी उपलब्ध करवाएं। उन्होंने इस विषय में प्रत्येक माह बैठककर विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर समाधान निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुने हुए जन प्रतिनिधि विभिन्न समस्याओं को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर जल्द सुलझा सकते हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियों का यह प्रयास रहता है कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सकारात्मक सहयोग से जनता की समस्याओं का जल्द निराकरण सुनिश्चित हो।



**कवायद** जिला व नगर प्रशासन ने चलाया शहर से बेसहारा पशुओं को हटाने का अभियान

# 22 बेसहारा पशुओं को पहुंचाया एनिमल सेंक्चुअरी में

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सड़कों पर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे बेसहारा पशुओं को हटाने के लिए जिला व नगर प्रशासन ने एक व्यापक अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत नाहन नगर परिषद ने अब तक 22 बेसहारा पशुओं को सोलन और राजगढ़ एनिमल सेंक्चुअरी में स्थानांतरित किया है।

यह कार्रवाई जिला प्रशासन के निर्देश पर बड़े स्तर पर चलाई जा रही है। नगर परिषद नाहन ने शहर और उसके आसपास के म्युनिसिपल क्षेत्रों में बेसहारा पशुओं की पहचान कर उन्हें चौगान मैदान में अस्थायी बाड़े में इकट्ठा करना शुरू किया है। इस अभियान में नगर परिषद के 12 से अधिक कर्मियों को लगाया गया है।

पशुओं को चरणबद्ध तरीके से स्थानांतरित किया जा रहा है, ताकि इस प्रक्रिया को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाया जा सके। अभियान के तहत पहले चरण में 8 पशुओं को राजगढ़, दूसरे चरण में 6 और तीसरे चरण में 6 पशुओं को बद्दी सेंचुरी में भेजा गया। यशवंत विहार कॉलोनी, पेट्रोल पंप जडजा और आईटीआई वार्ड नंबर-2 जैसे क्षेत्रों से लगभग एक दर्जन पशुओं को इकट्ठा किया गया। इन पशुओं को अस्थायी बाड़े में रखने के बाद जल्द ही सेंचुरी में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। नगर परिषद ने सुनिश्चित किया कि बेसहारा पशुओं को सेंचुरी में भेजने से पहले उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। इन पशुओं के लिए चारे का पर्याप्त इंतजाम भी किया जा रहा है। यह कदम पशुओं के कल्याण और सुरक्षा के प्रति प्रशासन की गंभीरता को दर्शाता है। नाहन नगर परिषद के सफाई निरीक्षक सुलेमान ने इस अभियान की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई दुर्घटनाओं को रोकने और बेसहारा पशुओं को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है।



# राजगढ़ मुख्य बाजार में गाड़ी खड़ी रखने वाले मालिकों पर होगी कार्रवाई



**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

थाना राजगढ़ में रोड सेफ्टी क्लब की बैठक का आयोजन डीएसपी राजगढ़ वीसी नेगी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में राजगढ़ मुख्य बाजार में ट्रैफिक संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई और रोड सेफ्टी क्लब के सदस्यों के सुझाव पर कई अहम निर्णय लिए।

नए नियमों के तहत राजगढ़ मुख्य बाजार में स्थायी रूप से दिनभर खड़ी रखने वाले गाड़ी मालिकों पर अब कार्रवाई की जाएगी और उनका चालान काटा जाएगा। डीएसपी ने बताया कि यह देखा जा रहा कि कुछ दुकानदार एसबीआई बैंक व पुराने बस स्टैंड पर दिनभर गाड़ियां और दोपहिया वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे बाहर से आए लोगों को खरीददारी और अन्य कार्यों के लिए कुछ देर के लिए भी गाड़ी खड़ी करने को स्थान नहीं मिलता है, ऐसे गाड़ी मालिकों को पहले चेतावनी दी जाएगी और पालन ने करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# लोगों को जागरूक करने बारे की चर्चा

**अनंत ज्ञान, अर्की।** पीएमश्री राजकीय केंद्र प्राथमिक विद्यालय अर्की स्कूल क्लस्टर कमेटी की बैठक रावमापा छात्र अर्की के प्रिंसिपल राज कुमार गौतम की अध्यक्षता में की गई, जिसमें नगर पंचायत अर्की के प्रधान अनुज गुप्ता विशेष रूप में उपस्थित हुए। बैठक का आरंभ कमेटी सचिव केंद्राध्यक्ष महेश कुमार गर्ग द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत कर किया गया। बैठक में एजेंडा बिंदु संसाधनों की परस्पर शेयरिंग करने बारे जेसी आईसीटी लैब, पुस्तकालय अध्यापक शेयरिंग, और एमडीएम तथा मॉर्निंग असेंबली की शेयरिंग आदि। इसके अलावा स्कूलों में अतिथि भोजन को बढ़ावा देने के लिए, समुदाय को बढ़ावा देने बारे आपदा प्रबंधन योजना बनाने व बच्चों तथा लोगों को जागरूक करने बारे चर्चा की गई।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं,** सुरेश कुमार जैन पुत्र स्व. ज्ञान चंद निवासी फ्लैट नंबर 14, चंबा अपार्टमेंट नजदीक मोहन पार्क, तहसील व जिला सोलन बयान दर्ज करता हूं, मैंने बेटे की गाड़ी में सुषमा बिल्टेक अर्बन व्यू जिरकपुर पंजाब में फ्लैट खरीदने बारे एग्रीमेंट और पेमेंट रिसिट के अलावा फ्लैट की मुरफट के कागजात रखे थे। 22 दिसंबर 2024 को जब गाड़ी में चेक किया तो सभी कागजात गायब पाए गए। इस बारे सिटी चौकी पुलिस सोलन में शिकायत दर्ज की गई है। यदि उपरोक्त कागजात मिले तो पुलिस चौकी को सूचित कर दें।

## न्यूज ब्रीफ

### दूरदर्शन की प्रसिद्ध अभिनेत्री वीणा धीर का निधन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** रंगमंच को लगभग अपने जीवन के पांच दशक दे चुकी वीना धीर रंगमंच और दूरदर्शन का एक जाना माना नाम थी , उन्होंने अपने आखिरी सांस



सेक्टर-15 चंडीगढ़ में स्थित अपने मकान में कल दिवस रात्रि 9:00 बजे ली। वीणा धीर का अंतिम संस्कार 21 जनवरी को चंडीगढ़ के सेक्टर-25 के शमशान घाट में किया गया। 80 के दशक में दूरदर्शन जालंधर पर 'गर्दिश' और 'कल्लू' जैसे टीवी कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी वीना धीर ने पांच दशक के अपने सुनहरे सफर में बतौर अदाकारा 60 से भी अधिक नाटकों में अभिनय किया, जिसमें कंजूस और ययाती जैसे चुनौतीपूर्ण और मार्मिक नाटक शामिल हैं।

### बजट से पूर्व चर्चा में महिलाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने बजट पूर्व चर्चा में महिलाओं से विचार आमंत्रित किए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज महिला सशक्तीकरण पर केंद्रित छठे बजट पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की। आंगनवाड़ी, खेती, स्वयं सहायता समूह और उद्यमिता सहित क्षेत्रों की कुल 35 महिला नेताओं ने चर्चा में भाग लिया और आगामी बजट के लिए अपने सुझाव साझा किए। सैनी ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र और हरियाणा दोनों सरकारें महिला सशक्तीकरण को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं,



जिसका उद्देश्य राज्य के विकास में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। उन्होंने कहा, 'महिलाओं के सुझाव बजट को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।' चर्चा की गई प्रमुख पहलों में से एक सांझा बाजारों का विस्तार था, जो महिलाओं को उत्पाद बेचने और आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई योजना है।

### सचिवालय में टीबी उन्मूलन पर शिविर



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ यूटी सचिवालय ने जागरूकता बढ़ाने और टीबी का जल्द पता लगाने के उद्देश्य से टीबी उन्मूलन पर शिविर का आयोजन किया। शिविर में सीबीएनएएटी, सीवाई-टीबी परीक्षण और छाती एक्स-रे (सीएक्सआर) सेवाओं सहित आवश्यक नैदानिक सेवाएं प्रदान की गईं। निक्षय मित्र कार्यक्रम व्यक्ति यों, समूहों और संगठनों को उच्च प्रोटीन आहार युक्त मासिक भोजन की टोकरी देकर टीबी रोगियों का समर्थन करने में सक्षम बनाता है। ये योगदान रोगी की देखभाल और रिकवरी के लिए महत्वपूर्ण हैं। लाभार्थी कम से कम छह महीने के लिए प्रतिबद्ध हैं और तीन साल तक के लिए समर्थन बढ़ा सकते हैं। शिविर में कई व्यक्ति यों ने टीबी रोगियों की मदद करने के लिए अपनी निष्ठा की शपथ ली।

### ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के जींद जिले में किशनपुरा के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान 43 वर्षीय अजमेर बस्ती निवासी सोनू व 40 वर्षीय सुभाष नगर निवासी राजेराम के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सोनू व राजेराम सोमवार सुबह घूमने के लिए किशनपुरा के पास गए थे, लेकिन पटरी पार करते समय दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए। सोनू नगर परिषद में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत था, जबकि राजेराम मजदूरी का काम करता था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# हरियाणा और पंजाब में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा और पंजाब के अधिकतर स्थानों पर मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक था।

हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक था। हिसार, कर्नाल, रोहतक, नारनौल, फरीदाबाद और गुरुग्राम में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक क्रमश: 8.3 डिग्री, 8 डिग्री, 9.3 डिग्री, 7.8 डिग्री, 9.5 डिग्री और 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



पंजाब के अमृतसर में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। लुधियाना में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से चार डिग्री अधिक था, जबकि पटियाला में न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री दर्ज किया गया।

पठानकोट, गुरदासपुर, फिरोजपुर और मोहाली में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक क्रमश: 8.6 डिग्री, 8 डिग्री, 8.1 डिग्री और 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, बठिंडा और फरीदकोट में रात काफी ठंडी रही और न्यूनतम तापमान , मश: 6.4 डिग्री तथा 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की कमी का संकट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की कमी का संकट और गहराता जा रहा है, हालांकि उच्च न्यायालय का कॉलेजियम पदोन्नति के लिए 15 जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के नामों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है, लेकिन न्यायिक बुनियादी ढांचा दबाव में है, क्योंकि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया बोझिल है।

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की कमी और लंबित मामलों की बढ़ती संख्या के कारण संकट अभी भी बना हुआ है। मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाले उच्च न्यायालय के कॉलेजियम, जिसमें न्यायमूर्ति अरुण पल्ली और न्यायमूर्ति लिसा गिल सदस्य हैं, ने पदोन्नति के लिए 15 जिला एवं सत्र न्यायाधीशों की सिफारिश करने की प्रक्रिया शुरू करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। न्यायिक रिक्तियों को भरने के लिए यह एक अभूतपूर्व प्रयास है। यह याद करने लायक अतीत में पहली बार है कि इस श्रेणी से एक साथ 15 नामों की सिफारिश की जानी है।

## लूटपाट, जबरन वसूली के मामलों में अवैध हथियारों सहित दो गिरफ्तार



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पंजाब के विभिन्न हिस्सों में लूटपाट और जबरन वसूली के मामलों में शामिल दो आरोपियो को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अमर वीर सिंह और अवतार सिंह के रूप में हुई है, जो तरनतारन जिले के निवासी हैं।

गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को मोहाली कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों से तीन 32 बोर के 9 कारतूस, 2 देसी कट्टे, 315 बोर, लुधियाना से छीनी ब्रीजा कार का पता चला है। आरोपियों ने खुलासा किया की बीते कल मोहाली के एयरपोर्ट रोड पर एक कार पर फायरिंग कर दो युवकों को घायल कर दिया गया था और कार लूटने का असफल प्रयास किया गया, जिसके बाद आरोपी फरार होकर लुधियाना की तरफ चले गए थे। समराला से एक कार गन प्वाइंट पर छीनी थी।

इसके बाद आरोपियों ने जिला होशियारपुर के एक बिजनेसमैन से एक करोड़ की फिरौती गैंगस्टर लखबीर सिंह लंडा और गुरदेव सिंह जस्सल जो वर्तमान में ग्रीस में रहते हैं, के नाम से मांगी थी। फिरौती न देने पर व्यापारी के घर के बाहर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। (अनंत ज्ञान)

## फोर्टिस मोहाली ने स्कूली बच्चों को किया सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

फोर्टिस अस्पताल मोहाली ने सेक्टर-17 स्थित रोज गार्डन अंडरपास में 'इलस्ट्रेट टू एलिमिनेट' नामक सर्वाइकल कैंसर जागरूकता पहल का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया। इस पहल के तहत, फोर्टिस अस्पताल मोहाली ने ट्राइसिटी के स्कूलों के छात्रों के लिए पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

विजेताओं के आर्टवर्क को 21 से 26 जनवरी, 2025 तक रोज गार्डन अंडरपास में प्रदर्शित किया गया है। विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं में मनन कौर चीमा, सेकंड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चंडीगढ़ ने पोस्टर मेकिंग (कक्षा 9 और उससे ऊपर) में पहला स्थान हासिल किया।

नेहमत, शेमरॉक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मोहाली ने पोस्टर मेकिंग (कक्षा 7 और 8) श्रेणी में जीत दर्ज की, जबकि निकिता, डीएवी मोहाली ने स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## भतीजी से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के फरीदाबाद की एक स्थानीय अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म करने और उसे गर्भवती करने के जुर्म में 20 साल कैद की सजा सुनाई है।

पुलिस ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमराज मित्तल की अदालत ने दोषी पर 65,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया।

यह घटना अक्तूबर 2019 की है, जब कक्षा आठ की छात्रा घर पर अकेली थी। अधिवक्ता रवीन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना के समय पीड़िता की मां अपने मायके गई थी, उसका भाई स्कूल गया था और पिता काम पर गए थे।

## मोहाली में हिमाचल प्रदेश अधिवक्ता क्रिकेट प्रतियोगिता-2025 का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय शिमला की अधिवक्ता खेल एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा गत सायं पंजाब के मोहाली स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में हिमाचल प्रदेश अधिवक्ता क्रिकेट प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया गया।

राज्य सभा सांसद, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी तथा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर हिमाचल प्रदेश के उद्योग, श्रम एवं रोजगार तथा संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा हिमाचल प्रदेश



के मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (नवाचार, डिजिटल टेक्नोलॉजी एंड गवर्नेंस) गोकुल बुटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में 8 टीमें भाग ले रही हैं।

### भाजपा सांसदों के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को झारखंड सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें भाजपा के सांसदों निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ प्राथमिकी को रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। इन सांसदों पर 2022 में सूर्यास्त के बाद अपने विमान को देवघर हवाई अड्डे से उड़ान भरने की अनुमति देने के लिए हवाई यातायात नियंत्रण को दबाव डालने का आरोप है। न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने राज्य सरकार को जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री को चार सप्ताह के भीतर विमानन अधिनियम के तहत अधिकृत अधिकारी को भेजने की स्वतंत्रता दी।

### मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन के 4 सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के तेंग्नौपाल जिले में भारत-म्यांमा सीमा से प्रतिबंधित संगठन 'सोशलिस्ट रिवोल्यूशन पार्टी ऑफ कांगलीपाक' के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मोरेह पुलिस थाना क्षेत्र की पंगल बस्ती में सीमा स्तंभ संख्या-79 से इन चारों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से तीन सिम कार्ड तथा एक स्मार्टफोन बरामद किया गया है और आगे की जांच के लिए मामला दर्ज कर लिया है।

### ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर जवाब देने को कहा, जिन्होंने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने दिल्ली पुलिस के वकील से कहा कि वह तैयारी करके आएं। पीठ ने कहा कि 'मान लीजिए हम इस बात से सहमत हैं कि उसे नियमित जमानत मिल सकती है, तो फिर हम कम से कम अंतरिम जमानत क्यों न दे दें?

### दिल्ली में फिर खराब श्रेणी में पहुंची वायु गुणवत्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार सुबह धूप निकली और न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.1 डिग्री अधिक है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी)




के अनुसार, सुबह नौ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 287 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 83 प्रतिशत दर्ज किया और मौसम विभाग ने दिन में कोहरा छाए रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार अधिकतम तापमान करीब 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

## देश-विदेश

### दिल्ली विधानसभा चुनाव : भाजपा ने जारी किया घोषणा पत्र

## एलकेजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा और ऑटो-टैक्सी चालकों के लिए बनेगा बोर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को 'संकल्प पत्र' को जारी किया। भाजपा तीन चरणों में संकल्प पत्र जारी कर रही है। मंगलवार को दूसरा भाग जारी किया है, जिसमें दिल्ली की जनता से कई वादे किए गए हैं।

संकल्प पत्र के दूसरे भाग को पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जारी किया है। भाजपा ने सरकारी संस्थानों में 'केजी से पीजी' तक मुफ्त शिक्षा सहित कई वादे किए गए। अनुराग ने कहा कि दिल्ली के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपए की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जाएगी।




### संकल्प पत्र पार्ट-2 की घोषणाएं

- एससी छात्रों को हर महीने 1 हजार रुपए की मदद
- ऑटो-टैक्सी वालों के लिए वेलफेयर बोर्ड
- युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार की मदद
- दो बार के यात्रा और आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति का भी वादा

### गरीबों पर जीएसटी और आयकर की मार : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अर्थव्यवस्था के विभिन्न सूचकांकों का हवाला देते हुए मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और सवाल किया कि जब सबकी मेहनत से अर्थव्यवस्था का पहिया घूम रहा है, तो क्या उसमें आम लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी मिल पा रही है? जीएसटी और आयकर की मार ने गरीब और मध्यम वर्ग का जीना हराम कर रखा है, जबकि कॉर्पोरेट घरानों का कर्जा माफ किया जा रहा है। राहुल ने 'एक्स' पर कहा कि आप सभी के खून पसीने से देश की अर्थव्यवस्था का पहिया घूम रहा है।



### मानहानि मामला : सीएम आतिशी व केजरीवाल की याचिका पर भाजपा नेता को दिया 6 सप्ताह का समय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर जवाब देने के लिए भाजपा की दिल्ली इकाई के एक नेता को छह सप्ताह का समय दिया, जिसमें इन दोनों के खिलाफ दायर मानहानि के मामले को रद्द करने से इनकार करने वाले आदेश को चुनौती दी गई है। आतिशी और केजरीवाल के खिलाफ मानहानि का यह मामला मतदाताओं के नाम हटाने से जुड़ी उनकी कथित टिप्पणी को लेकर दर्ज किया गया है। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने शिकायतकर्ता राजीव बब्बर के वकील की ओर से अपना जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगने के बाद सुनवाई स्थगित कर दी।



### राकांपा नेता छगन को राहत ईडी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता छगन भुजबल को राहत देते हुए मंगलवार को ईडी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें धनशोधन के एक मामले में भुजबल को दी गई जमानत को चुनौती दी थी। हालांकि, न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली भुजबल की याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि याचिकाकर्ता को 2018 में जमानत पर रिहा किया था।

## भाजपा का घोषणापत्र 'खतरनाक', सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा बंद कर दी जाएगी : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र को 'देश के लिए खतरनाक' बताया।

उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी सत्ता में आने पर सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा बंद करने और मोहल्ला क्लीनिक सहित मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं को खत्म करने की योजना बना रही है। केजरीवाल ने प्रेसवार्ता में भाजपा पर घोषणापत्र में अपने 'असली इरादे' उजागर करने का आरोप लगाया और मतदाताओं को पार्टी का समर्थन नहीं करने को लेकर आगाह किया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वे मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे, मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं खत्म कर देंगे और दिल्ली में गरीबों के लिए जीना मुश्किल कर देंगे। यह आम आदमी के कल्याण पर सीधा हमला है।



## इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर भू-स्खलन बाढ़ से 17 लोगों की मौत, नौ लापता

**एजेंसी, जकार्ता**

**इंडोनेशिया** के जावा द्वीप पर अचानक बाढ़ आने और भू-स्खलन होने के कारण 17 लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मियों ने राहत एवं बचाव कार्य के दौरान 17 लोगों के शव बरामद किए, जो मुख्य द्वीप जावा के पर्वतीय क्षेत्र में स्थित गांवों में अचानक आई बाढ़ में बह गए थे और मलबे तथा चट्टानों के नीचे दब गए थे। उन्होंने बताया कि बाढ़ और भू-स्खलन की घटना में नौ लोगों के लापता होने की सूचना है। आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख बर्गस कैटुरसारी ने बताया कि बाढ़ की चपेट में नौ गांव आएं हैं।



## दुनिया की कुल वैश्विक खपत में 2050 तक भारत की होगी 16% हिस्सेदारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दुनिया की कुल खपत में भारत की हिस्सेदारी 2050 तक बढ़कर 16 प्रतिशत हो सकती है, जो कि 2023 में 9 प्रतिशत थी। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट में बताया कि 2050 तक 17 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ केवल उत्तरी अमेरिका ही भारत से आगे होगा।

यह अनुमान क्रय शक्ति समता के आधार पर लगाया गया है, जो देशों के बीच मूल्य अंतर को बराबर करता है। दुनिया की कुल खपत में भारत की हिस्सेदारी बढ़ने की वजह यहां अधिक युवा आबादी होना है। रिसर्च में बताया गया कि डेमोग्राफिक शिफ्ट के कारण फर्स्ट-वेव रीजन में प्रजनन दर में गिरावट आई है, जिसके परिणामस्वरूप जनसंख्या वृद्ध हो रही है। 2050 तक केवल 26 प्रतिशत ही वैश्विक आबादी इन इलाकों में रहेगी, जो कि 1997 में 42 प्रतिशत से अधिक थी। आगे कहा गया कि लेटर-वेव रीजन, जिसमें भारत लैटिन अमेरिका, पश्चिम एशिया और अफ्रीका आते हैं। इन देशों की वैश्विक खपत में हिस्सेदारी आधे से अधिक होगी।

### राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता संभालते ही अमेरिकी नीतियों में किए बड़े बदलाव

## अवैध प्रवासियों की एंट्री बंद, टिकटॉक पर बैन हटा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**डोनाल्ड** ट्रंप ने सत्ता संभालते ही देश से लेकर विदेश तक अमेरिकी नीतियों में कई बड़े बदलाव लाने की बात कही। शपथ के बाद भाषण में डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी के तहत दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने की बात कही। वहीं उन्होंने अमेरिका में केवल महिला और पुरुष जेंडर को मान्यता देने का ऐलान किया।

ट्रंप ने अपने शपथ ग्रहण के बाद सीमा सुरक्षा, टिकटॉक के संचालन की समय सीमा बढ़ाने, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका को बाहर करने जैसे कई शासकीय



आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इनमें से कई का जिक्र उन्होंने अपने चुनाव प्रचार अभियान में किया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने दक्षिणी सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने संबंधी शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए, जो उनके शपथ ग्रहण के कुछ घंटों बाद ही प्रभावी हो गया।

### मेक्सिको बॉर्डर पर इमरजेंसी का ऐलान

**ट्रंप** ने अमेरिका-मेक्सिको के बॉर्डर (दक्षिणी बॉर्डर) पर इमरजेंसी लागू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यहां से होने वाली सभी अवैध एंट्री पर रोक लगाई जाएगी। सरकार अपराध करने वाले विदेशियों को उनके देश वापस भेज देगी।

### बड़े ऐलान...

- अमेरिकी सरकार के लिए सिर्फ 2 जेंडर
- अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने का वादा
- पनामा नहर को लिया जाएगा वापस
- मेक्सिको की खाड़ी का बदला जाएगा नाम
- दूसरे देशों पर लगाया जाएगा टैरिफ
- अमेरिका में इलेक्ट्रिक वाहन की अनिवार्यता खत्म
- हेल्थ सिस्टम और एजुकेशन सिस्टम की आलोचना
- मंगल ग्रह पर अंतरिक्ष यात्री भेजने का ऐलान
- विदेशी शत्रु अधिनियम 1798 को लागू करने का वादा

## सेंसेक्स 1,235 अंक गिरकर 75,838 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**




**शेयर** बाजार में मंगलवार को गिरावट रही। सेंसेक्स 1,235 अंक की गिरावट के साथ 75,838 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 320 अंक की गिरावट रही, ये 23,024 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी और 2 में गिरावट देखने को मिली। कमजोर तिमाही नतीजों के बाद जोमैटो के शेयर में 10.92 फीसदी की गिरावट रही।

बैंकिंग, ऑटो और मेटल शेयर्स ज्यादा गिरे हैं। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.32 फीसदी की तेजी रही। वहीं, कोरिया का कोस्पी 0.080 फीसदी और चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.054 फीसदी गिरकर बंद हुआ। आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस, जोमैटो और एसबीआई ने बाजार को नीचे गिराया, जबकि एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनिलीवर ने सेंसेक्स को ऊपर खीचने की कोशिश की।

## स्पोर्ट्स विंडो

### सेकेंड पैरा स्पोर्ट्स विंटर कैंप नारकंडा में 26 से 31 जनवरी तक

**दशमी रावत, रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सेकेंड पैरा स्पोर्ट्स विंटर कैंप का आयोजन 26 से 31 जनवरी तक नारकंडा में आयोजित होगा। पैरा स्पोर्ट्स विंटर कैंप के तकनीकि निदेशक ललित ठाकुर ने बताया कि पैरालंपिक कमेटीआफ इंडिया के बैनर तले हिमाचल प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने पैरालंपिक कमेटी आफ इंडिया से मान्यता प्राप्त सभी राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ियों के लिए जिला शिमला के नारकंडा में विंटर कैंप का आयोजन किया है। ललित ठाकुर ने बताया कि विंटर कैंप लगाने का मुख्य उद्देश्य पैरा एथलीटों के लिए पैरा स्कींग व पैरा स्नोबोर्डिंग को पदोन्नत करना व उन्हें व्यवस्था मुहैया करवाना है। उन्होंनें बताया कि विंटर कैंप 6 दिन का होगा। यह कैंप जिला शिमला के स्नोलैंडरज एडवैंचर स्पोर्ट्सएंड स्कींग एसोसिएशन नारकंडा में आयोजित किया जा रहा है। ठाकुर ने बताया कि ठहरने व खाने पीने की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की जाएगी। कैंप में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों व अधिकारियों को गर्म कपडे, जिसमें जैकेट व पजामा, स्नो जूते व गर्म पानी की बोतल साथ लानी होगी। (अनंत ज्ञान)


ललित ठाकुर

### जोस बटलर ने दौरों पर परिवार की मौजूदगी का समर्थन किया

**कोलकाता।** लंबे विदेश दौरों पर परिवार के साथ समय में कटौती के बीसीसीआई के दिशा-निर्देशों के बीच इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने मंगलवार को कहा कि लंबे विदेश दौरों पर परिवार का साथ बहुत महत्वपूर्ण है और इससे प्रदर्शन पर ज्यादा असर नहीं पड़ता। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के लिए हाल ही में दस बिंदुओं की अनुशासन नीति जारी की है जिसमें दौरों पर परिवार के साथ सीमित समय बिताने के प्रावधान पर बहस छिड़ी हुई है । भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा ने इसे लेकर आंशका जताई है। बोर्ड के दिशा-निर्देश के अनुसार खिलाड़ी 45 दिन से अधिक के दौरे पर परिवार के साथ दो सप्ताह से ज्यादा नहीं बिता सकते। बटलर ने कहा ,'' यह अहम है। हम आधुनिक जगत में रह रहे हैं और दौरों पर परिवार का साथ रहना बहुत अच्छा है । आजकल इतना क्रिकेट खेला जा रहा है और खिलाड़ी घर से बाहर काफी समय बिताते हैं। कोरोना के बाद इस पर काफी चर्चा भी हुई है। मुझे नहीं लगता कि परिवार के साथ रहने से खेल पर बहुत फर्क पड़ता है।''



### टाटा स्टील शतरंज में प्रज्ञानानंदा ने अर्जुन को हराया, संयुक्त बढ़त पर

**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन अर्जुन एरिगेसी पर जीत दर्ज करके टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ संयुक्त बढत बना ली है । प्रज्ञानानंदा और अब्दुसत्तोरोव के 2.5 अंक हैं । प्रज्ञानानंदा ने 60 चालों के बाद जीत दर्ज की। एरिगेसी की तीन दिन में यह दूसरी हार है जो पहले दिन पी हरिकृष्णा से पराजित हुए थे। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने सफेद मोहरों से खेलते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना को ड्रॉ पर रोका। उनके तीन में से दो अंक है। पी हरिकृष्णा को पदार्पण कर रहे भारत के ही लियोन ल्यूक मेंडोसा ने ड्रॉ पर रोका। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट के अभी नौ दौर बाकी हैं । गुकेश, कारूआना और जर्मनी के विंसेंट केमेर तीसरे स्थान पर हैं जबकि हरिकृष्णा 1.5 अंक लेकर चार खिलाड़ियों के साथ अगले स्थान पर हैं । चैलेंजर वर्ग में भारत की आर वैशाली को कजाखस्तान की नोजेरबेक काजिबेक ने हराया जबकि दिव्या देशमुख को अजरबैजान की ऐदिन सुलेमानी ने मात दी।

### क्रिकेट टीम पीरन ट्र्हाई ने जीता 51 हजार रुपए का नकद इनाम



**अनंत ज्ञान, जुन्गा ।** मशोबरा ब्लॉक की अंतिम छोर के गांव पीरन ट्र्हाई के युवाओं ने क्रिकेट ट्रॉफी और 51 हजार का नकद इनाम जीतकर समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया है । बता दें कि हाल ही में सीमा पर लगते राजगढ़ ब्लॉक के गांव हीयूण शलामू में स्वामी विवेकानंद सोशल सोसायटी द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें ग्रामीण परिवेश की दो दर्जन से अधिक टीमों ने भाग लिया था । इस प्रतियोगिता में पीरन ट्र्हाई की टीम ने फाइनल में चाखल को हराया।

# ट्वेंटी-20 : इंग्लैंड के खिलाफ नए सिरे से शुरुआत करने उतरेगी टीम इंडिया

**एजेंसी, कोलकाता**

फिट होकर टीम में लौटे मोहम्मद शमी की वापसी पर सभी की नजरें होंगी जब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय ट्वेंटी-20 टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज में उतरेगी।

भारतीय टीम का लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे पर शर्मनाक हार से मिले जख्मों पर मरहम लगाने का भी होगा।

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच ट्वेंटी-20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे जो अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले दोनों टीमों के लिए खुद को आंकने का सुनहरा मौका है। शमी वनडे विश्व कप 2023 में चार मैचों से बाहर रहने के बावजूद भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे, जिन्होंने 24 विकेट लिए थे। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 57 रन देकर सात विकेट चटकाए थे। वह ट्वेंटी-20 क्रिकेट में कुल 24 विकेट ले चुके हैं और इसमें अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को फाइनल में मिली हार के बाद से टखने की चोट के कारण शमी टीम से बाहर हैं। इसके बाद उनके बाएं घुटने में सूजन आ गई थी। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमर में चोट होने से चैंपियंस ट्रॉफी में उनका खेलना तय नहीं है, जिससे शमी पर काफी दारोमदार होगा। शमी ने बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में वापसी की और सात विकेट लेकर सत्र की पहली जीत दिलाई। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 11 और विजय हजारे ट्रॉफी में पांच विकेट लिए। शमी ने ट्वेंटी-20 कैरियर में 2014 में पदार्पण के बाद से सिर्फ 23 मैच खेले हैं। उन्होंने आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ 2022 ट्वेंटी-20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला था।


मैच शाम 7 बजे शुरू होगा

**भारत ।** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नीतिश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरूण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर, ध्रूव जुरेल।

**इंग्लैंड ।** जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, लियाम लिविंग्स्टोन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गुस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जैमी ओवरटन, जैमी स्मिथ, आदिल रशीद, साकिब महमूद, मार्क वुड ।

रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार को अभी तक भुला नहीं पाई है, जिसके बाद टीम में अनुशासन बहाल करने के लिये बीसीसीआई ने कड़े दिशा निर्देश जारी किए हैं।

हरफनमौला अक्षर पटेल को भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया गया है, जिन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज में ट्वेंटी-20 विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अक्षर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 31 गेंद में 47 रन बनाए और आठ मैचों में नौ विकेट भी लिए थे।

भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर संजू सैमसन पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव होगा। मध्यप्रदेश के खिलाफ रणजी मैच में उन्हें केरल टीम में जगह नहीं मिली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में लगातार दो ट्वेंटी-20 शतक जड़ने वाले सैमसन कई बार खुद को साबित कर चुके हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबोर्न में दिसंबर में बॉक्सिंग डे टेस्ट में शतक जमाने वाले नीतिश रेड्डी को भी टीम में जगह मिली है। वह हार्दिक पांड्या के साथ तेज गेंदबाजी का एक और विकल्प दे सकते हैं।

### हमीरपुर के वीरेंद्र शर्मा निभाएंगे अंपायर की भूमिका

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। सही मार्गदर्शन और प्रतिभा के दम पर हमीरपुर जिला की ग्राम पंचायत पुरली के पुरली गांव के वीरेंद्र शर्मा ने भी क्रिकेट जगत में प्रदेश का नाम उंचा किया है। वीरेंद्र शर्मा भारत और इंग्लैंड क्रिकेट सीरीज में अंपायर की भूमिका निभाएंगे।

इस सीरीज में वह फील्ड अंपायर, टीवी अंपायर और फोर्थ अंपायर के रूप में नजर आएंगे। इससे पहले वीरेंद्र शर्मा 23 ट्वेंटी-20 अंतराष्ट्रीय, 10 वनडे, चार महिला टेस्ट, 89 प्रथम श्रेणी और आईपीएल को मिलाकर कुल 192 ट्वेंटी-20 मैचों में अंपायर की भूमिका निभा चुके हैं। 22 जनवरी को पहले ट्वेंटी-20 मैच में वीरेंद्र शर्मा फोर्थ अंपायर होंगे। दूसरे ट्वेंटी-20 में और चौथे ट्वेंटी-20 में वह फील्ड अंपायर होंगे। इसके अलावा 2 फरवरी को मुंबई में खेले जाने वाले मैच में वीरेंद्र शर्मा टीवी अंपायर के रूप में दिखेंगे। 12 फरवरी को अंतिम वनडे में वह फील्ड अंपायर होंगे। (अनंत ज्ञान)

### कोहली सफेद गेंद के महान खिलाड़ी : गांगुली

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने विराट कोहली की लंबे समय से खराब फॉर्म को लेकर ज्यादा कुछ कहने से इनकार कर दिया और मंगलवार को बल्लेबाजी के इस महारथी को सफेद गेंद का सबसे महान खिलाड़ी बताया जो विरले ही पैदा होते हैं।



कोहली ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती पर्थ टेस्ट में दूसरी पारी में शतक लगाया, लेकिन इसके बाद अगली सात पारियों में केवल 85 रन ही बना सके।

कोहली और कप्तान रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन के कारण भारत ने ऑस्ट्रेलिया में सीरीज 1-3 से गंवा दी। गांगुली ने राज्य के खिलाड़ियों के लिए बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के सम्मान समारोह के दौरान कहा, ''विराट कोहली जैसे क्रिकेटर विरले ही पैदा होते हैं। अपने करियर में 81 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाना अविश्वसनीय है। मेरे लिए वह शायद सफेद गेंद के दुनिया के सबसे महान खिलाड़ी हैं।''

पर्थ में शतक के बाद कोहली के संघर्ष पर गांगुली ने कहा कि उन्हें भी हैरानी हुई कि वह सीरीज के बाकी बचे मैचों में शतक नहीं बना पाए, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा होता है। हर खिलाड़ी की अपनी कमजोरी और ताकत होती है।

## पार्ल रॉयल्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स को छह विकेट से हराया

**एजेंसी, पार्ल**



पार्ल रॉयल्स के स्पिनरों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए एसए-20 लीग में जोबर्ग सुपर किंग्स पर छह विकेट से मिली जीत में अहम भूमिका निभाई।

रॉयल्स की स्पिन चौकड़ी ब्योर्न फोर्टुन , मुजीबुर रहमान, जो रूट और डुनिथ वेलालागे ने स्पिन का जाल बुनकर सुपर किंग्स को छह विकेट पर 146 रन पर रोक दिया। जवाब में उन्होंने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 150 रन बनाकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। फोर्टुन ने पावरप्ले में दो विकेट चटकाए, जबकि मुजीबुर ने 28 रन देकर एक विकेट लिया। रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर ने कहा ,''मैं बहुत खुश हूं । हमने स्पिनरों पर भरोसा किया और वह सही साबित हुआ । मेरे पास इतने सारे विकल्प थे जो बहुत अच्छी बात है।'' सुपर किंग्स ने आखिरी पांच ओवर में 65 रन बनाए। इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो ने 40 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रन जोड़े जबकि डोनोवान फरेरा ने 19 गेंद में नाबाद 32 रन बनाये । लुआन ड्रे प्रिटोरियस ने 14 गेंद में 27 रन की पारी खेली।

तेज गेंदबाज हार्डस विजोएन ने प्रिटोरियस और जो रूट को लगातार आउट करके वापसी की कोशिश की, लेकिन रॉयल्स ने मैच पर पकड़ ढीली होने ही नहीं दी। मिलर ने आखिर में फिनिशर की भूमिका निभाते हुए मिचेल वान बुरेन (44 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 71 रन जोड़े ।

## बीसीसीआई के खिलाड़ियों के लिए नए दिशा-निर्देश के बाद हीली ने कहा, सतर्क रहें

**एजेंसी, मेलबोर्न**

ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान हीली ने कहा कि बीसीसीआई द्वारा खिलाड़ियों के लिए जारी किए गए दस बिंदुओं के दिशा-निर्देश भारतीय टीम में अनुशासन की कमी को दर्शाते हैं और उन्होंने बाकी क्रिकेट टीमों से इस तरह की स्थिति से बचने के लिए सतर्क रहने का आग्रह किया।

ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 1-3 से हार के बाद बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों को अभ्यास सत्रों के दौरान पूरे समय मौजूद रहने और टीम के साथ ही स्टेडियम जाने और आने के निर्देश दिए। इसके साथ ही दौरे पर परिवार के साथ समय को लेकर भी पाबंदियां लगाई गई है। हीली ने कहा ,''भारतीय क्रिकेट नए सांचे में ढल रहा है। क्रिकेट अधिकारियों के सख्त और मजबूत रूख से पता चलता है कि टीम में कहीं न कहीं अनुशासन की कमी दिख रही थी।''



उन्होंने कहा ,'' शायद प्रशासकों और खिलाड़ियों ने खेल की महाशक्ति की नुमाइंदगी के सपने का उचित सम्मान नहीं किया। दूसरे देशों को भी सतर्क रहना होगा।''

## मंधाना एक स्थान के सुधार के साथ रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंची

**एजेंसी, दुबई**



भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई है।

बाएं हाथ की यह सलामी बल्लेबाज शीर्ष-10 में शामिल एकमात्र भारतीय है। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 135 रन बनाने से पहले शुरुआती दो मैचों में 41 और 73 रन की उपयोगी पारियां खेली थी।

इस 28 साल की खिलाड़ी के नाम 738 रेटिंग अंक है। रैंकिग में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट (773 अंक) शीर्ष पर हैं। श्रीलंका की दिग्गज खिलाड़ी चमारी अटापट्टू (733) तीसरे स्थान पर हैं। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में अपना पहला शतक लगाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स दो स्थान की सुधार के साथ 17वें स्थान पर हैं जबकि चोट के कारण इस सीरीज से बाहर रही कप्तान हरमनप्रीत कौर 15वें स्थान पर हैं।

दीप्ति शर्मा 344 रेटिंग अंकों के साथ हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में छठे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की दिग्गज मारिजेन कैप को हटाकर ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर इस तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

## भारत ने मलेशिया को दस विकेट से हराया

### अंडर-19 महिला ट्वेंटी-20 विश्व कप : वैष्णवी ने हैट्रिक समेत रिकॉर्ड पांच विकेट चटकाए

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

पदार्पण कर रही बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने आईसीसी अंडर-19 महिला ट्वेंटी-20 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड बनाते हुए हैट्रिक समेत पांच रन देकर पांच विकेट लिए, जिसकी मदद से भारत ने मलेशिया को मंगलवार को दस विकेट से हराया।

वैष्णवी और बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन देकर तीन विकेट) ने मलेशियाई बल्लेबाजी की रीढ तोड़ दी और पूरी टीम 14.3 ओवर में 31 रन पर आउट हो गई।

भारत ने 2.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। जी तृषा ने 12 गेंद में पांच चौकों की मदद से नाबाद 27 रन बनाए। भारत अब चार अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर है। श्रीलंका के भी चार अंक है, लेकिन भारत का रन औसत (प्लस 9.1) श्रीलंका (प्लस 5.5) से बेहतर है।



पिच से मिल रहे टर्न और उछाल का पूरा फायदा उठाते हुए वैष्णवी ने मलेशिया को एक के बाद एक झटके दिए।

उन्होंने नूरिन बिन्ती रोसलान, नूर इस्मा दानिया और सिति नाजवान को लगातार तीन गेंदों पर आउट किया। उन्होंने 14वें ओवर में हैट्रिक ली जब मलेशिया का स्कोर नौ विकेट पर 30 रन हो गया।

वैष्णवी ने मैच के बाद कहा ,'' यह सपने जैसा पदार्पण हुआ है, जिसमें हैट्रिक और पांच विकेट मिले। मैं भारत के सीनियर स्पिनरों राधा यादव और रवींद्र जडेजा को आदर्श मानती हूं।''

भारतीय गेंदबाजों ने दस वाइड गेंदें नहीं डाली होती तो मलेशिया का स्कोर और खराब होता।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में हारी कोको गॉफ

**एजेंसी, मेलबोर्न**

अमेरिका की तीसरी रैंकिंग वाली कोको गॉफ ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में स्पेन की 11वें नंबर की खिलाड़ी पाउला बाडोसा से 5-7, 4-6 से हारकर बाहर हो गई।

इस वर्ष 9-0 के रिकॉर्ड के साथ रॉड लावेर एरिना आई गॉफ नवंबर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीतने के बाद एक भी मैच नहीं हारी थी। विश्व की नंबर-1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने क्वार्टरफाइनल में अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को 2-6, 6-2, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।


कोको गॉफ

अब दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव क्वार्टर फाइनल में टॉमी पॉल को 7-6 , 7-6, 2-6, 6-1 से हराकर अंतिम-4 में पहुंचने में सफल रहे।

### बोपन्ना और झांग की मिश्रित जोड़ी बाहर

रोहन बोपन्ना और शुआई झांग की मिश्रित जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम-8 मुकाबले में स्थानीय वाइल्ड कार्ड जॉन पीयर्स और ओलिविया गैडेकी की जोड़ी के खिलाफ सुपर टाई-ब्रेक में मैच प्वाइंट भुनाने में नाकाम रहने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई। ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी से भारत और चीन के खिलाड़ियों की जोड़ी यहां किआ एरेना में एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 4-6, 9-11 से हार गई। इस हार के साथ ही साल के पहले ग्रैंड स्लैम में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में

**एजेंसी, जकार्ता**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपे के चेन झी रे और लिन यू चीह की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद चेन और लिन की जोड़ी को 21-16, 21-15 से हराया।

विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने ओरनिचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकित्ता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 21-6, 21-14 से हराया।

सात्विक और चिराग की जोड़ी का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के रेमंड इनरा और पात्रा हरपन रिंडोरिंडो की जोड़ी और थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। आयुष शेट्टी ने क्वालीफाइंग चरण में हमवतन किदांबी श्रीकांत को 21-7, 21-15 से हराया, जबकि तान्या हेमंत ने महिला एकल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को कड़े संघर्ष में 16-21, 21-17, 21-15 से मात दी।

आयुष का मुख्य ड्रॉ में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के शी यू क्यूई से मुकाबला होगा, जबकि तान्या के सामने थाईलैंड की पूर्व विश्व चैंपियन रत्चानोक इंतानोन की चुनौती होगी।